## सुविचार
प्रार्थना ऐसे करो जैसे सब कुछ भगवान पर निर्भर करता है। और प्रयास ऐसे करो जैसे सब कुछ आप पर निर्भर करता है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Monday, 06 November 2023 ● Year : 01 ● Issue : 288 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com



आर्या के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी...
12

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 64,363.78 |
| निफ्टी | : | 19,230.60 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,810 |
| चांदी | : | 78.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### 11 किलो गांजा के साथ तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**RANCHI :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक तस्कर को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम नीरज सिंह है। वह बिहार के सारण का रहने वाला है। उपनिरीक्षक आरपीएफ पवन कुमार ने रविवार को बताया कि ट्रेन संख्या 13352 एलेप्पी एक्सप्रेस में गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को संदेहास्पद अवस्था में कुछ सामानों के साथ पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि बैग में जांच करने पर 11 किलो गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा का बाजार मूल्य लगभग दो लाख पैंतीस हजार बताया जा रहा है। आरोपित के गुनाह स्वीकारने पर उसे आरपीएफ पोस्ट मुरी ले जाया गया। इसके बाद राजकीय रेल पुलिस मुरी को सुपुर्द किया गया।

### चाईबासा में तीन आईईडी बम बरामद

**CHAIBASA :** जिले के टोंटो थाना क्षेत्र में तीन आईईडी बम बरामद कर निरोधक दस्ते के सहयोग से मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। नक्सलियों के खिलाफ रविवार को चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत तुम्बाहाका और रेंगडाहातु जंगली व पहाड़ी रास्ते में सुरक्षाबलों ने पांच-चांच किलोग्राम के इन आईईडी बमों को बरामद किया। उल्लेखनीय है कि दस अक्टूबर से पुलिस और सीआरपीएफ जवान टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेंगडा, पाठतोरब, गोबुरु, लुईया एवं अंजदबेड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र तथा गोइलकेरा थाने के कुईड़ा, छोटा कुईड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरु, तिलायबेड़ा, बोयपाईससाग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चला रही हैं।

### शराब पीने के लिए पैसे नहीं दिये तो मां को पीट-पीटकर मार डाला

**SAHARSA :** बिहार के सहरसा में कलयुगी बेटे ने मां-बेटे के रिश्ते को तार तार कर दिया है. यहां पतरघट ओपी क्षेत्र के गोलमा पूर्वी पंचायत स्थित भागवतपुर में शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर निर्दयी बेटे ने अपनी मां को पीट-पीटकर मार डाला. इसके बाद सबूत मिटाने के लिए अपने दोस्तों के साथ शव को जला दिया. मृतिका की पहचान मंजूला देवी के रूप में हुई है. मंजूला देवी की 85 वर्षीय मां मसोमात कमला देवी ने जब पुलिस के सामने बयान दिया, तब दाकर मामले का खुलासा हुआ. मसोमात कमला देवी के बयान पर मंजूला देवी के बेटे चंदन लालदेव यादव और उसके दोस्त नवीन यादव और ललन यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया है.

### ट्रेन की चपेट में आने से होमगार्ड जवान की मौत

**JAMTARA :** जामताड़ा जिले में एक होमगार्ड जवान की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हो गई। घटना जामताड़ा रेलवे साइडिंग की है। जवान कोयला चोरी रोकने के लिए ड्यूटी पर तैनात था। बताया जाता है कि होमगार्ड जवान उदित सिंह बीते एक महीने से नाइट ड्यूटी कर रहे थे। रेलवे साईडिंग से रेलवे रैक में ट्रेन लोड हो जाने के बाद जिसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी आरपीएफ की होती है, उसके लिए होमगार्ड के जवान को ड्यूटी पर लगाया गया था। इसी दौरान रविवार सुबह कोयला चोरी करने पहुंचे सैकड़ों की संख्या में कोयला चोर को रोकने के लिए जवान ने उन्हें खदेड़ा।

# विराट कोहली ने देशवासियों को दिया तोहफा, बनाया अपना 49वां शतक
# भारतीय गेंदबाजों के सामने दक्षिण अफ्रीका ने घुटने टेके

**AGENCY KOLKATA :** भारत ने वर्ल्ड कप 2023 के 37वें मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 243 रन से हराकर लगातार 8वीं जीत दर्ज की। इसके साथ ही भारत ने विराट कोहली को 35वें जन्मदिन पर जीत का तोहफा दिया। भारत की जीत में विराट कोहली और रविंद्र जडेजा की बड़ी भूमिका रही। विराट कोहली ने नाबाद 101 रनों की पारी खेली, फिर गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा ने अपना 'पंजा' खोला।

**रविंद्र जडेजा ने खोला 'पंजा':** भारत की ओर से ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने घातक गेंदबाजी की और पंजा खोला। उन्होंने 9 ओवर की



गेंदबाजी में 33 रन देकर पांच विकेट चटकाए। इसके अलावा भारत की ओर से मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिए। जबकि मोहम्मद सिराज ने एक विकेट लिया।

### भारत ने दक्षिण अफ्रीका को दिया था 327 रनों का लक्ष्य

भारत ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। विराट कोहली के नाबाद 101 रनों की रिकॉर्ड शतकीय पारी और श्रेयस अय्यर के 77 रनों की पारी के दम पर 50 ओवर में 5 विकेट खोकर भारत ने 326 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फिर दक्षिण अफ्रीका को 27.1 ओवर में केवल 83 रन पर ढेर कर दिया।

### भारत की वर्ल्ड कप 2023 में लगातार 8वीं जीत

भारत ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार 8 मैच जीतकर रिकॉर्ड बनाया है। भारत ने 2003 वर्ल्ड कप में भी लगातार 8 मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाया था। वर्ल्ड कप में लगातार मैच जीतने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम दर्ज है। ऑस्ट्रेलिया ने 2003 और 2007 में लगातार 11 मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाया था। इसके अलावा इस सूची में न्यूजीलैंड तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड ने 2015 में लगातार 8 मैचों में जीत दर्ज की थी।

### दक्षिण अफ्रीका के केवल चार बल्लेबाजों ने छुआ दहाई का आंकड़ा

भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के सामने दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। वर्ल्ड कप 2023 में तूफानी बल्लेबाजी आक्रमण से खौफ पैदा करने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम जब भारत के सामने आई, तो उसके स्टार बल्लेबाज कुछ नहीं कर पाए। दक्षिण अफ्रीका की खराब बल्लेबाजी को इसी से समझा जा सकता है कि उसके केवल चार बल्लेबाज ही दहाई के आंकड़े को छू पाए।

### लगातार 8वीं जीत के बाद भारत के 16 अंक

वर्ल्ड कप 2023 में लगातार 8वीं जीत दर्ज कर भारत ने प्वाइंट्स टेबल में नंबर वन पर अपनी स्थिति को मजूबत कर लिया है। भारत के 8 मैचों में जीत के बाद 16 अंक हो गए हैं। भारत का नेट रन रेट +2.1456 हो गया है। जबकि भारत से हारने के बाद दक्षिण अफ्रीका के पॉजिशन पर तो कोई असर नहीं पड़ा, लेकिन उसका नेट रन रेट +1.1376 हो गया है। दक्षिण अफ्रीका के 8 मैचों में 6 जीत के बाद 12 अंक हैं। (पेज 10 भी देखें।)

# रांची में रचा इतिहास, जापान को 4-0 से रौंदकर भारत दूसरी बार बना चैंपियंस

## विमेंश एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के साथ समापन, झारखंड की बेटी दागा पहला गोल



**PHOTON NEWS RANCHI :** वूमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के सातवें संस्करण का खिताब भारत ने जीत लिया। रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में आयोजित झारखंड वूमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला भारत और जापान के बीच खेला गया। मेजबान भारत ने जीत की लय बरकरार रखते हुए जापान को 3-0 से हराकर दूसरी बार खिताब जीता। पूरी प्रतियोगिता के दौरान भारत के सभी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। कप्तान सविता पुनिया ने विरोधी टीम के कई प्रयास को विफल किया।

फाइनल मुकाबले का पहला गोल 17वें मिनट में आया। भारत की संगीता कुमारी ने जापान के डिफेंस को भेदकर शानदार गोल कर 1-0 की बढ़त दिलाई। भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल दिखाया। प्रतियोगिता का दूसरा गोल 46 वें मिनट में आया। भारत की नेहा ने पेनाल्टी कॉर्नर

### चाइना ने कोरिया को 2-1 से हराकर जीता कांस्य

**RANCHI :** झारखंड वूमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में कोरिया को हराकर चाइना ने तीसरा स्थान हासिल किया। रविवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में तीसरे और चौथे स्थान के लिए मुकाबला खेला गया। इसमें एशियन गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता चाइना ने कोरिया को 2-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। मुकाबले के पहले 3 मिनट में चाइना ने गोल कर कोरिया पर दबाव बनाना शुरू किया। चाइना की यी चेन ने कोरियन डिफेंस को भेदकर शानदार फील्ड गोल किया। पहले हाफ में 1-0 की लीड को चाइना बरकार नहीं रख पायी। कोरिया ने पलटवार करते हुए 38वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर 1-1 से बराबरी की। कोरिया की सुजीन एन ने गोल किया। मुकाबले के 47वें मिनट में चाइना की टायंटियन लिओ ने शानदार फील्ड गोल कर मुकाबले में 2-1 की लीड ली और प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया।



# वर्ल्डकप मैच के टिकटों को लेकर बीसीसीआई को नोटिस

**AGENCY KOLKATA :** कोलकाता पुलिस ने टिकटों की कालाबाजारी को लेकर बीसीआई प्रेसीडेंट रोजर बिल्ली को नोटिस भेजा है। मामला ईडन गार्डंस मैदान पर भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को खेले जा रहे वर्ल्ड मुकाबले से संबंधित है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मैच के टिकटों की कालाबाजारी के सिलसिले में 21 लोगों को कोलकाता की अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने इन लोगों के पास से शनिवार तक कुल 127 टिकट सीज किए थे।

**बुक माय शो को भी नोटिस:** कोलकाता पुलिस के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बीसीसीआइ से टिकट बिक्री से जुड़े दस्तावेज मैदान पुलिस थाने में उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। इस मामले में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) के सदस्यों ने शिकायत दर्ज कराई थी। हफ्ते भर पहले की इस शिकायत में कहा गया था कि कैब सदस्यों के खाते के टिकटों की कालाबाजारी हो रही है। अधिकारी ने आगे बताया कि बिन्नी मंगलवार तक खुद सूचना मुहैया करा सकते हैं। या फिर बीसीआई की तरफ से किसी को जिम्मेदारी दे सकते हैं कि वह मैदान पुलिस थाने में आकर बातचीत करे। इससे पहले इसी तरह की नोटिस कैब प्रेसीडेंट स्नेहाशीष गांगुली, जो कि पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली के भाई हैं, उन्हें भी भेजी गई थी। अधिकारी ने बताया कि बुक माय शो पोर्टल के अधिकारियों को भी इसी तरह की नोटिस भेजी गई थी। बुक माई शो मैचों के टिकट का एकमात्र आधिकारिक विक्रेता है। अधिकारी के मुताबिक इस पोर्टल के दो एग्जीक्यूटिव्स शनिवार को मैदान पुलिस स्टेशन पहुंचे थे।

**कमिश्नर से मिले स्नेहाशीष:** स्नेहाशीष गांगुली ने भी शनिवार दोपहर को कोलकाता पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल से मुलाकात की थी। इससे कुछ घंटे पहले कैब के दो अधिकारी भी मैदान पुलिस थाने पहुंचे थे और केस के जांच अधिकारी से भेंट की थी।

# बेंगलुरु में महिला अधिकारी की गला रेतकर हत्या, पति से दूर रहती थीं अकेली

**AGENCY KARNATAKA :** कर्नाटक के बेंगलुरु में महिला अधिकारी भूविज्ञानी की गला रेतकर हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यह महिला खान और भूविज्ञान विभाग में सीनियर भूविज्ञानी के रूप में काम कर रही थी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मृतका की पहचान 43 वर्षीय के. एस. प्रतिमा के रूप में हुई है। अधिकारियों को संदेह है कि घटना शनिवार रात की है, जब वह सुब्रमण्यापुरा थाना क्षेत्र के



अंतर्गत आने वाले डोड्डाकलासंद्रा इलाके में अपने घर पर लौटी थी। उन्होंने कहा कि महिला की मौत गला घोंटने और गला रेतने से हुई है।

बेंगलुरु शहर के दक्षिणी संभाग के पुलिस उपायुक्त राहुल कुमार शाहपुरवाड ने बताया, 'रोजाना की तरह प्रतिमा शनिवार रात को करीब 8 बजे घर लौटीं थीं। जब प्रतिमा ने अपने बड़े भाई के फोन का जवाब नहीं दिया, तो वह अपनी बहन को ढूंढने के लिए उसके घर गए, जहां उन्हें हत्या की जानकारी हुई। उन्होंने पुलिस को सूचित किया।'

# जमशेदपुर के ड्रग माफिया डॉली परवीन को भतीजे ने मारी गोली, स्थिति नाजुक

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** सरायकेला-खरसावां जिले में अपराधियों का हौसला बुलंद है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दो दिनों में अपराधियों ने दो लोगों को गोली मार दी है। शनिवार को जहां कपाली में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। वहीं रविवार को आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती में ब्राउन शुगर पैडलर डॉली परवीन को उसी के रिश्ते में भतीजे राजू ने गोली मार दी। घटना के बाद घायल अवस्था में उसे टीएमएच में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। डॉली के सीने में गोली मारी गई है। फिलहाल उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।


बता दे कि आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती से ब्राउन शुगर का करोबार बड़े पैमाने पर चलता है। पुलिस ने डॉली को पूर्व में जेल भेजा था जिसके बाद उसके भाई ने उसके अवैध कारोबार को संभाला था। डॉली हाल ही में जेल से रिहा हुई थी। जेल से बाहर आने के बाद दोनों के बीच विवाद चल रहा था। रविवार को उसे उस वक्त गोली मारी गई जब वह बाजार की ओर जा रही थी। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची है और पूछताछ कर रही है। ड्रग्स के कारोबारे में पुरानी रंजिश में इस घटना को अंजाम दिया गया है। अगर डाली की बात करें तो उसका नाम कोल्हान के सबसे बड़े ड्रग डिलर में आता है। वह इस मामले में कईबार जेल जा चुकी है।

## केंद्रीय गृह मंत्री ने मुजफ्फरपुर में किसान रैली को किया संबोधित

# पलटू राम ने प्रधानमंत्री बनने के लिए दिया बिहार की जनता को धोखा : अमित शाह

**AGENCY PATNA :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को बिहार के मुजफ्फरपुर में किसान रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पलटू राम (नीतीश कुमार) ने प्रधानमंत्री बनने के लिए बिहार की जनता को धोखा दिया। मुजफ्फरपुर में जनता ने जब भी आशीर्वाद दिया, इस पलटू राम ने जनादेश का अपमान किया। उन्होंने कहा कि आज की यह रैली नहीं रैला है। छठी मैया बिहार को 'पलटू राम' से मुक्त करें।

अमित शाह ने कहा कि नीतीश कुमार शर्म करो। जिस लालू की खिलाफत कर राजनीति की और जीत दर्ज की आज उसी के साथ गलबहियां कर रहे हैं। ये परिवार की दुकान चलाने वाले लोग हैं। एक को प्रधानमंत्री तो दूसरे को



मुख्यमंत्री बनना है। उन्होंने पहले ही कहा था कि तेल और पानी एक साथ नहीं रहते। नीतीश कुमार आगे-आगे देखिए लालू यादव आपके साथ क्या करते हैं। अब इनके पास कोई रास्ता नहीं बचा है।

अमित शाह ने कहा कि सबसे पहले मैं बिहार की जनता को छठ महापर्व की शुभकामनाएं देता हूं। छठ मैया से प्रार्थना करता हूं आने वाले समय में बिहार अपराध और पलटू राम से मुक्त हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि नौ साल में आतंकवाद से निपटने का काम किया है। कश्मीर हमारा है या नहीं। धारा 370 हटानी चाहिए या नहीं। मोदी के नेतृत्व में चंद्रमा पर तिरंगा फहराने का काम किया।

शाह ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिला सशक्तिकरण का परिचय दिया। मैं बिहार की सभी जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं। आपने 2014 में जीत दिलाई, 2019 में 39 सीट दिलाई। अबकी बार 2024 में आप बची हुई एक सीट का कसर भी पूरा कर दीजिए। इस बार 40 की 40 सीट हमें दे दीजिए।

अमित शाह ने कहा कि मोदी ने देश के 60 करोड़ गरीबों को आगे आने का रास्ता दिया है। लालू यादव इंडिया अलायंस का मुख्यमंत्री कौन होगा इसकी घोषणा करेंगे? क्या वे अति पिछड़ा को मौका देंगे। इन लोगों ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की है। पूरा बिहार गैंगस्टर का अड्डा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी ने कल ऐलान किया कि पांच साल तक गरीबों को और सहयोग दिया जायेगा। 26 हजार गरीबों को घर दिया।

शाह ने कहा कि मुजफ्फरपुर वालों अयोध्या में राम मंदिर बनना चाहिए था या नहीं। ये लालू नीतीश और कांग्रेस राम जन्म भूमि को लटकाते रहे। मोदी ने भूमि पूजन किया और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा है। मुजफ्फरपुर वालों आप भी शामिल होइए। साथ ही कहा कि केंद्र सरकार ने बिहार को नौ साल में छह लाख करोड़ रुपये विकास के लिए दिए। बिहार में दो वंदे भारत ट्रेन। गया के हवाई अड्डे का आधुनिकीकरण करने का काम किया है।

# सिल्वर के एक्सक्लूसिव शोरूम में 20 लाख से अधिक की चोरी


**PHOTON NEWS RANCHI :** लालपुर थाना क्षेत्र स्थित चांदी के एक्सक्लूसिव शोरूम सिल्वर कॉलोनी में लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। सिल्वर कॉलोनी दुकान के संचालक विनोद कुमार ने रविवार को थाने में चोरी का मामला दर्ज करवाया है। चोरी की घटना को शनिवार देर रात अंजाम दिया गया है। चोर अपने साथ लाखों के कीमती गहने और चांदी की मूर्ति लेकर फरार हो गए है।

शोरूम मैनेजर राकेश कुमार ने बताया कि दुकान में धनतेरस और दीपावली को लेकर जेवरात के नए डिजाइन मंगवाया गया था। संचालक ने बताया कि काफी मात्रा में चांदी के गहने और मूर्तियों की चोरी हुई है। फिलहाल स्टॉक का मिलान किया जा रहा है। इसके बाद ही यह पता चल पाएगा कि कितने का चांदी गायब हुआ है। अनुमान लगाया जा रहा है कि लगभग 20 लाख से ज्यादा के चांदी के गहने चोरी की गई है । सीसीटीवी कैमरों में कुछ चोरों की




तस्वीर कैद हुई है। सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा है कि चोर बड़े-बड़े झोले में भरकर चांदी के जेवरात अपने साथ ले जा रहे हैं।

इस संबंध में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया है। एसआईटी टीम में लालपुर थाना प्रभारी और तकनीकी शाखा के पदाधिकारी को भी शामिल किया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस अपराधियों के गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। डॉग स्क्वायड और फिंगर फिंगर टीम एक्सपर्ट का भी सहयोग लिया जा रहा है।




# कालसर्प योग की सच्चाई!

**प्राचीन भारतीय ज्योतिष में कहीं भी कालसर्प योग का उल्लेख नहीं है। केवल एक जगह एक सामान्य सर्प योग के बारे में जानकारी है। उसमें भी इतना ही लिखा है कि राहू और केतु के मध्य सभी ग्रह होने पर सर्प योग बनता है। फर्ज कीजिए मेष में राहू है और तुला में केतु इसके साथ सारे ग्रह मेष से तुला या तुला से मेष के बीच हों। इसे सर्प योग कहा जाएगा।**

ऐसा माना गया है कि राहू सरीसृप है और इसके सिर से पूंछ के बीच सारे ग्रह हैं। इसका फल भी जातक कुंडली के बजाय मंडेन ज्योतिष पर बताया गया है। यानी देश और शासक पर इस योग का बुरा फल होता है। हम सांख्यिकी के आधार पर देखें तो दुनिया के तीस प्रतिशत से अधिक लोगों की कुंडली में कालसर्प योग विद्यमान होने की स्थिति बनती है। ऐसे में एक ही अस्पताल में एक घंटे के अंतराल में पैदा हुए दो जातकों की कुंडली में कालसर्प होगा, लेकिन इनमें से एक सफल और दूसरा विफल जातक बन सकता है। छह अरब की जनसंख्या में से 180 करोड़ लोग एक ही योग के दुष्प्रभाव से ग्रसित हों, यह व्यावहारिक रूप से संभव नहीं लगता।

ज्योतिषी बी.वी. रमन ने अपनी पुस्तक तीन सौ महत्वपूर्ण योगज् के आखिर में एक अतिरिक्त अध्याय लिखकर इस योग के प्रति लोगों में बढ़ रही भ्रांति के प्रति चिंता प्रकट की। उन्होंने लिखा है कि कालसर्प योग को अनावश्यक महत्व नहीं देना चाहिए। कुछ ज्योतिषी इसका असर आयु तो कुछ उन्नति से जोड़ते हैं, लेकिन किसी योग के बजाय सम्पूर्ण कुंडली से विश्लेषण से ही सही निष्कर्ष निकल सकता है कि जातक में सफल या विफल होने की कितनी स्थितियां बन रही हैं। कोई एक योग पूरी कुंडली का फल देने में सक्षम नहीं होता। उन्होंने कहा कि मंडेन ज्योतिष में हो सकता है कि इस योग का अधिक असर दिखाई दे, लेकिन व्यक्तिगत कुंडली में इसका अधिक महत्व नहीं। रमन ने तो कालसर्प योग वाले जातक को अपनी क्षमता पहचानने वाला, राजयोग होने पर उच्च पद पर पहुंचने और आध्यात्मिक मामलों में ऊंचाइयां छू सकने वाला बताया है। कालसर्प की बाधा के निवारण के लिए अब उपायों की एक लंबी सूची भी बन चुकी है। हालांकि शुरू में जब कालसर्प योग के विभाजन प्रकाश में नहीं आए थे, तब तक साल में एक या दो बार नासिक के त्र्यंबकेश्वर मंदिर में पूजा कराई जाती थी। बाद में सांप छोड़ने और सांप की आकृति की चांदी की अंगूठी पहनाने जैसे कई उपचार प्रचलित हुए। अब तो उपचारों की बाढ़ सी आ गई है परंतु इन उपचारों के पीछे किसी तरह का भी कोई लॉजिक नहीं बताया गया है।

## चंद्र देवता कैसे बनातें हैं व्यक्ति को धनवान

**चंद्र देवता हिंदू धर्म के अनेक देवताओं में से एक हैं उन्हें जल तत्व का देव कहा जाता है। पुराणों के मतानुसार देव और दानवों द्वारा किए गए सागर मंथन से जो 14 रत्न निकले थे उनमें से एक चंद्रमा भी थे। जिन्हें भगवान शंकर ने अपने सिर पर धारण कर लिया था। प्रजापितामह ब्रह्मा ने चंद्र देवता को बीज, औषधि, जल तथा ब्राह्मणों का राजा बनाया। चंद्र देव मन के कारक ग्रह हैं।**



नवग्रहों में इनका स्थान द्वितीय है। चंद्रमा की प्रतिकूलता से भौतिक रूप से मनुष्य को मानसिक कष्ट तथा श्वास आदि के रोग हो जाते हैं। शुभ चंद्र व्यक्ति को धनवान बनाते हैं, सुख और शांति देते हैं, भूमि और भवन के मालिक चंद्रमा से चतुर्थ में शुभ ग्रह होने पर घर संबंधी शुभ फल मिलते हैं।


- सुबह उठते ही अपनी माता के पैर छू कर आशिष लें।
- सोमवार को विशेष रूप से शिव जी भगवान की पूजा अर्चना करें।
- सोमवार का व्रत करें।
- पानी या दूध को साफ पात्र में सिरहाने रखकर सोएं और सुबह शद्व होकर कीकर के वृक्ष की जड़ में डाल दें।
- चावल, सफेद वस्त्र, शंख, वंशपात्र, सफेद चंदन, श्वेत पुष्प, चीनी, बैल, दही और मोती दान करें।
- श्री महाभारत में लिखा है कि पूर्णिमा को चंद्रोदय के समय तांबे के बर्तन में मधुमिश्रित पकवान को यदि चंद्र देवता को अर्पित किया जाए तो इससे चंद्र देवता को तृप्ति तो होती ही है साथ ही साथ आदित्य, विश्वदेव, मरुद्गण, वायुदेव तथा अश्विनीकुमार भी प्रसन्न एवं तृप्त हो जाते हैं।

## श्री शनिदेव की अनुकंपा पानी हो तो...

**शनिवार कर्मानुसार दंड देने वाले न्यायाधीश श्री शनिदेव का दिन है। शनिग्रह सौरमंडल के सबसे खूबसूरत ग्रह और साक्षात भगवान सूर्य और उनकी पत्नी छाया के पुत्र हैं। वे न्यायप्रिय ग्रह हैं, जीवों को उनके कर्मो के आधार पर फल देते हैं। यदि उनकी अनुकंपा पानी हो तो अपना कर्म सुधारें। आपका जीवन अपने आप सुधर जाएगा।**

- ऊँ खां खीं खों सः शनये नमः मंत्र का 23000 बार जाप करें, आकस्मिक संकट ओर दुर्भाग्य से मुक्ति के लिए।
- ऊँ ऐं ह्रीं श्रीं शनेश्वराय नमः का 11 माला जाप प्रत्येक शनिवार करें और पाइए कुष्ठ रोग से मुक्ति।
- नीले फुल, चन्दन से शनिदेव की पूजा करें और तेल का दीपक जलाएं। ऐसा करने से आकस्मिक संकट ओर दुर्भाग्य से मुक्ति मिलेगी।
- ऊँ शं शनेश्वराय नमः मंत्र का जाप प्रत्येक शनिवार 5 माला करने पर कमर दर्द से मुक्ति मिलती है। इसके अतिरिक्त कमर दर्द से मुक्ति हेतु धारण करें कटेला (कटहला) रत्न।
- अगर आपकी जन्मकुंडली में दुर्घटना योग आकस्मिक संकट योग शारीरिक पीड़ा योग बना हुआ है तो 11 शनिवार लगातार 11-11 पीस सरसों तेल की भजिया ( पकोड़ी ) अपने शरीर से 9 बार उसार कर कौओ को खाने के लिए डाल देवें।
- श्री शनिदेव को ऐसे व्यक्तियों से सख्त नफरत है जो शराब पीता हो ओर पर स्त्री गमन करता हो अतः इन आदतों से दूर रहें।





# यंत्रों से करें अपने ग्रह अनुकूल

### श्री यंत्र

आर्थिक उन्नति और भौतिक सुख-संपदा के लिए इससे बेहतर कोई यंत्र नहीं है। लक्ष्मी जी को प्रसन्न करने और व्यापार वृद्धि के लिए श्रीयंत्र सर्वश्रेष्ठ है। श्रीयंत्र आर्थिक ऋण से मुक्ति दिलाता है और साथ ही मनोकामनाएं भी पूरी करता है। इसे केसर मिले हुए दूध से नहलाकर पूजन स्थल, व्यावसायिक स्थल, कार्यालय, घर या किसी भी शुद्ध स्थान पर लाल रेशमी कपड़े पर स्थापित करना चाहिए। धर्मशास्त्रों एवं तांत्रिक ग्रंथों में इसे यंत्रराज की संज्ञा भी दी गई है। श्रीयंत्र साक्षात लक्ष्मी जी का प्रतीक एवं सर्वविद्या रक्षा का एक साधन है, जो यमराज की कुदृष्टि से भी रक्षा करता है, क्योंकि इसमें अनेक देवी-देवताओं का वास है। जिस घर में श्रीयंत्र स्थापित होता है, वह घर-परिवार सर्वत्र मंगलमय सुख एवं शांति अनुभव करता है। सोने में बना श्रीयंत्र आजीवन, चांदी से बना श्रीयंत्र 22 वर्ष, तांबे से बना श्रीयंत्र 12 वर्ष तथा भोजपत्र पर लिखित श्रीयंत्र 6 वर्ष तक शुभ फल देता है। सदाचारी, विद्वान, धर्मज्ञ, अपने माता-पिता की सेवा करने वाले, रोज पुण्य प्राप्त करने वाले, क्षमा करने वाले, बुद्धिमान, दयावान तथा गुरु की सेवा करने वाले व्यक्ति के घर श्रीयंत्र अधिक लाभ देता है।

### कुबेर यंत्र

जिन लोगों पर निरंतर कर्जा बना रहता है, व्यापार में लगाया धन डूब जाता है, व्यापार नहीं चलता हो, घर में बरकत न होती हो, दरिद्रता कभी साथ नहीं छोड़ती हो, किए गए कर्म या मेहनत का पूर्ण फल न मिलता हो तो उनको श्री कुबेर की आराधना अवश्य करनी चाहिए। यदि अपने कर्त्तव्यों का निष्ठा से पालन करते हुए श्रीकुबेर की उपासना की जाए तथा पूजा घर में कुबेर यंत्र स्थापित किया जाए तो वे निश्चित प्रसन्न होकर व्यापार वृद्धि, धन वृद्धि, ऐश्वर्य, लक्ष्मी कृपा प्रदान कर घर में सुख-समृद्धि एवं सौभाग्य में वृद्धि करते हैं। कुबेर की उपासना वैसे तो कभी भी की जा सकती है, लेकिन होली, दीपावली या शुक्रवार को की जाए तो अतिशीघ्र उत्तम फल प्राप्त होते देखे गए हैं।

### सरस्वती यंत्र

शिक्षा संबंधी सफलता के लिए सरस्वती यंत्र की पूजा किसी वरदान के सच होने जैसी है। यह यंत्र शिक्षा में आने वाली सभी बाधाएं दूर करता है। छह मुखी नेपाली रूद्राक्ष व शुद्ध पन्ना चांदी में जड़े हुए सरस्वती कवच को धारण करने से भी शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली सभी बाधाएं समाप्त हो जाती हैं। बच्चों का मन पढ़ाई की ओर लगने लग जाता है। सरस्वती यंत्र स्थापित करने व रूद्राक्ष + रत्न कवच धारण करने से विद्यार्थियों को बहुत लाभ मिलता है।

### महामृत्युंजय यंत्र

हमारे वेद शास्त्रों में सभी रोगों से मुक्ति के लिए महामृत्युंजय यंत्र और मंत्र की साधना का विशेष महत्व बताया गया है। महामृत्युंजय यंत्र की स्थापना करके नित्य दर्शन-पूजन करके कोई भी व्यक्ति जीवन में आरोग्यता प्राप्त कर सकता है। इससे शारीरिक शक्ति प्रबल होती है, जिससे व्यक्ति के रोगी होने की संभावना नहीं रहती। महामृत्युंजय यंत्र केवल शारीरिक तथा मानसिक व्याधियों से ही नहीं, मृत्यु से भी रक्षा करता है।

### संतान गोपाल यंत्र

निःसंतान होने का दुख वही समझ सकता है, जिसकी गोद अब तक सूनी हो। अपने वंश को आगे बढ़ाने के लिए संतान उत्पन्न करना ही पति-पत्नी का धर्म होता है, लेकिन दुर्भाग्यवश यदि उचित प्रयासों के पश्चात भी संतान न हो तो इसका दुख बहुत होता है। ऐसे में 'संतान गोपाल यंत्र' पूजाघर में स्थापित कर सकते हैं। 'गर्भरक्षा' के लिए 'गर्भ रक्षा यंत्र' सहायक हो सकता है।

### मंगल यंत्र

ज्योतिष शास्त्र में मंगल को क्रूर व अशुभ ग्रह माना है। शुभ होने पर यह बल, क्षमता तथा सम्पत्ति में वृद्धि करता है और जातक को जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता बड़ी आसानी से मिलती चली जाती है। विवाह में अनावश्यक देरी तथा दांपत्य जीव में तनाव व लड़ाई झगड़ा मांगलिक दोष के अनिष्ट परिणामों में सम्मिलित है। मंगलग्रह से संबंधित दोष निवारण का एक उपाय 'श्रीमंगल यंत्र' भी है। 'श्रीमंगल यंत्र' न केवल विवाह बाधा, दाम्पत्य जीव में अनबन, रक्त विकार, कोर्ट कचहरी से जुड़े मामलों व दुर्घटनाओं के निवारण में ही लाभदायक हैं, बल्कि ब्लड प्रैशर को नियंत्रित करके मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाकर बेहतर भविष्य दे सकता है।



# अनिष्ट शक्तियों के कष्ट से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय

गुरुवार देवताओं के गुरु बृहस्पति देव जी का दिन है। महर्षि अंगिरा के पुत्र बृहस्पति देव विद्या, बुद्धि, सुख, सौभाग्य के दाता हैं। जीवन के इन पक्षों से संतुष्ट व्यक्ति निःसंदेह भाग्यशाली होगा। एक महत्वपूर्ण ग्रंथ के श्लोक में वर्णित है कि ब्रह्मा ने कष्ट एवं दुःख के भवसागर को पार करने के लिए बृहस्पति और शुक्र नामक दो चप्पू बनाए। इनकी सहायता से व्यक्ति दोष रूपी समंदर को पार करके दूसरे किनारे पहुंच सकता है, जहां शुभ कर्म हैं अतः सात्विक गुणों के प्रदाता बृहस्पतिदेव ही हैं। जातक के अन्दर आध्यात्मिक ताकत का उदय बृहस्पति भगवान की पूजा से प्राप्त हो जाता है।

### गुरु के लिए उपाय

- विवाह में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए बृहस्पति देव के समक्ष घी का दीपक जलाकर, हल्दी का तिलक लगाएं, पीले फूल चढ़ाएं, केसर वाली पीली बर्फी का भोग लगाएं और ? ऐं क्लीं बृहस्पतये नमः मंत्र का जाप हल्दी गांठ की माला पर करें।
- अगर आपको कंठमाला या गले सम्बंधित रोग हैं तो ऊँ ऐं क्लीं बृहस्पतये नमः मंत्र का नियमित जाप गुरुवार से प्रारंभ करते हुए रोजाना करें।
- अगर आप को नींद नहीं आती तो गुरुवार के दिन केवांच की जड़ पीसकर माथे पर लगा लें 11 गुरुवार लगाने से अनिद्रा की शिकायत दूर हो जाएगी।
- गुरुवार को शुभ मुहूर्त में पीपल की समिधाओं से हवन करने से पारिवारिक कलह और शत्रु पीड़ा से मुक्ति मिलती है।
- अविवाहित कन्या शुक्ल पक्ष के 11 गुरुवार थोड़ी सी हल्दी जल में डालकर स्नान करे तो उसकी शादी शीघ्र हो जाती है।
- अगर आप चाहती हैं आप का पति आपसे खुश रहे और आपके प्रति उनका प्रेम लगातार बढे तो महीने में एक गुरुवार पूरे शरीर पर हल्दी का उबटन जरुर लगाएं।
- गुरुवार के दिन जलकुम्भी और 5 हल्दी की गांठ पीले कपड़े में लपेट कर तिजोरी में रखने से धन की बढ़ोतरी होती है।

**गुरु का दान-** घी, शहद, हल्दी, पीले वस्त्र, शास्त्र पुस्तक, पुखराज, लवण, कन्याओं को भोजन, वृद्धजन, विद्वान एवं गुरूओं की सेवा करें।

**गुरु का व्रत-** 1 या 3 वर्ष अथवा 16 गुरूवार व्रत रखें।

**गुरु की पूजा-** गुरूवार को केले के वृक्ष के दर्शन करें तथा पूजा करके हल्दी एवं सरसों मिलाकर जल प्रदान करें।

**गुरूवार के दिन ध्यान रखें-** जब गुरू अकारक हो तो स्वयं गुरूवार को केला नहीं खाएं, बल्कि केले के फल का दान दें।

# खलारी में सीसीएल कर्मी का MURDER, अज्ञात अपराधियों ने रोककर मारी गोली

## अबतक अपराधियों का नहीं मिला सुराग, विवाद खंगालने में जुटी पुलिस

- खलारी-पिपरवार बार्डर के पास रणविजय सिंह को मारी गोली
- औरंगाबाद में भी कुछ मामलों को लेकर चल रहा था विवाद
- पिपरवार में रहकर नौकरी करते थे रणविजय
- गोली मारने के बाद फरार हो गए अपराधी, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची में फायरिंग का मामला प्रकाश में आया है। अपराधियों ने सीसीएलकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी है। घटना खलारी थाना क्षेत्र की है। जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

**क्या है पूरा मामला:** मिली जानकारी के अनुसार खलारी-पिपरवार बार्डर के पास रणविजय सिंह नाम के व्यक्ति की रविवार को गोली मार कर हत्या कर दी गई है। छानबीन के क्रम में यह जानकारी मिली है कि रणविजय सिंह चतरा स्थित पिपरवार के सीसीएल कार्यालय में काम करते थे। रविवार को 50 वर्षीय रणविजय सिंह खलारी से पिपरवार की तरफ




लौट रहे थे। उसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने पहले रणविजय को रोका और फिर गोली मार दी। गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा रणविजय को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच कर मृत घोषित कर दिया।

**औरंगाबाद से भी जुड़ा हो सकता है विवाद:** मामले को लेकर रांची के सीनियर एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि सीसीएल में ओवरमैन का काम करने वाले रणविजय की रांची-चतरा बार्डर पर गोली मार कर हत्या कर दी गई है। रणविजय चतरा के पिपरवार में रहते थे और नौकरी करते थे। हत्या किन वजहों से हुई है और इसमें कौन से अपराधी शामिल हैं इसकी जांच की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि रणविजय बिहार के औरंगाबाद के रहने वाले थे। जानकारी यह भी मिल रही है कि उनका औरंगाबाद में भी कुछ मामलों को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

> रणविजय बिहार के औरंगाबाद के रहने वाले थे। जानकारी यह भी मिल रही है कि उनका औरंगाबाद में भी कुछ मामलों को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।
> **चंदन सिन्हा, एसएसपी रांची।**

# किशोरगंज चौक में मिठाई दुकान के संचालक और स्टाफ के साथ मारपीट, विरोध में सभी दुकानें बंद

**PHOTON NEWS RANCHI :** कोतवाली थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित किशोरगंज चौक में शनिवार रात मिठाई दुकान के संचालक और स्टाफ के साथ हुई मारपीट के विरोध में व्यवसायियों ने रविवार को किशोरगंज चौक पर दुकानें बंद रखी है। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मौके पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात किशोरगंज चौक पर एक गुट के 70 से 80 लोगों ने एक साथ प्रीति स्वीट्स के संचालक रुद्र प्रताप नाथ शाहदेव और उनके स्टाफ मनोज यादव पर हमला किया था। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घटना के बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


किशोरगंज चौक में बंद पड़ी दुकानें। ● फोटोन न्यूज

बताया जाता है कि शनिवार रात किशोरगंज चौक पर हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के रहने वाले बिल्डर निलेश लाल अपनी कार सड़क किनारे खड़ी की थी। इसी दौरान स्कूटी सवार युवक ने कार को टक्कर का मार दिया। इसे लेकर दोनों पक्षों में थोड़ी कहासुनी हो गयी। प्रीति स्वीट्स के संचालक और स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप पर मामला शांत हुआ।

इस बीच स्कूटी सवार युवकों ने मामले की सूचना फोन कर किसी को दी। इसके बाद एक पक्ष के लोग 70 से 80 की संख्या में तलवार और लाठी डंडे से लैस होकर रात में मौके पर पहुंचे और प्रीति स्वीट्स पर हमला कर दिया। विरोध करने पर होटल संचालक और उसके स्टाफ को जमकर पीटा। इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये।

# तमाड़ पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

**PHOTON NEWS RANCHI :** तमाड़ थाना पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में एमन पूर्ति और कृष्ण मुंडा उर्फ रवि शामिल है। इनके पास से एक देसी पिस्टल, 16 जिन्दा गोली और एक बल यामाहा आर वन फाइव बरामद किया गया है।



एसएसपी रांची को गुप्त सूचना मिली थी की विजयगिरी पथ पर एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध लोग शनिवार रात में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर तमाड़ थाना के नेतृत्व में आईआरबी 5 केम्प के पदाधिकारियों एवं जवानों के सहयोग से रात में गश्ती किया गया। इसी क्रम में मध्य रात्रि पुलिस ने विजयगिरी पथ पर एक मोटरसाइकिल को आते हुए देखा। पुलिस ने मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया। मोटरसाइकिल सवार पुलिस को सामने देख भागने लगे। पुलिस और आईआरबी के जवानों ने मोटरसाइकिल सवार को खदेड़कर पकड़ा।

पकड़ने के बाद मोटरसाइकिल सवार दो युवक एमन पूर्ति, डिमनिया थाना तमाड़ और कृष्णा मुंडा, कुंदी थाना मुरहु की तलाशी लेने पर एक देशी पिस्टल, 7.65 एमएम का 6 जिंदा गोली, 9 एमएम का 10 जिंदा गोली बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करते हुए मोटरसाइकिल को भी जब्त कर थाना लें आयी। पुलिस दोनों युवको से गहन पूछताछ के बाद जेल भेजा गया।

# अंश क्लब कांके ने बीपीएसएस दुबलिया को हराकर बनी विजेता


पुरस्कार के साथ विजेता अंश क्लब कांके टीम। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** आदिवासी युवा विकास समिति के तत्त्वधान में कार्तिक उरांव स्टेडियम मन्हा में 5 दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा ली। फाईनल मैच अंश क्लब कांके बनाम बी पी एस एस दुबलिया के बीच खेला गया। खेल में मैच की समाप्ति तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। टाईब्रेकर में अंश क्लब कांके की टीम को 3-0 से हराकर विजेता बनी।

विजेता टीम को 1 लाख रुपए व ट्रॉफी, उप-विजेता को 70 हजार व ट्रॉफी, तृतीय व चतुर्थ स्थान की टीम को 20 हजार कैश दिया गया। इससे पहले मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि कांके उपप्रमुख अंजय बैठा, अति विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला परिषद् सदस्य हकीम अंसारी, विशिष्ट अतिथि सोनू खलखो सरना प्रार्थना सभा रांची महानगर सचिव, केन्द्रीय सरना समिति कोषाध्यक्ष संदीप तिर्की ने संयुक्त रूप से किया।

टूर्नामेंट को सफल बनाने में संस्थापक इंजिनियर सोमर उरांव, अध्यक्ष राजू उरांव, उपाध्यक्ष लखन उरांव, सचिव जितेन्द्र उरांव, विजय मुण्डा, सलाहकार सुरेन्द्र लिण्डा, कोषाध्यक्ष रंजीत उरांव, उपकोषाध्यक्ष राजेश तिर्की, संरक्षक किशुन उरांव, भरत उरांव, जितेन्द्र उरांव, हरेन्द्र उरांव, विजय उरांव, दशरथ उरांव, रमेश उरांव, बिरसा मास्टर, उमेश तिर्की, बबलु उरांव एवं अन्य सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ईडी के अधिकारियों के खिलाफ साजिश की सीबीआई जांच हो : प्रतुल शाहदेव

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। प्रदेश मुख्यालय में रविवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रतुल ने कहा कि पूरे राज्य में सिस्टम धराशायी हो गया है। संवैधानिक मशीनरी भी ध्वस्त हो गई है। जेल से सरकार चल रही है। जेल में बंद सत्ता के दलाल ईडी के अधिकारियों के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं।

प्रतुल ने कहा ऐसी खबरें मीडिया में लगातार आ रही है कि सत्ता के शीर्ष में ऑपरेट करने वाले जेल में बन्द दलालों के खिलाफ जांच कर रहे ईडी के अधिकारियों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों, गैंगस्टरों का सहयोग लिए जाने का षड्यंत्र हो रहा है। ये विचलित और चिंतित करने वाली बात है। प्रतुल ने कहा कि



मीडिया को जानकारी देते प्रतुल शाहदेव। ● फोटोन न्यूज

यह भी आरोप लग रहा है कि एक महिला के जरिए ईडी के अधिकारियों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर उन्हें परेशान करने की कोशिश हो रही है। साथ ही कहा कि जेल के अधिकारियों पर यह संगीन आरोप लगा है कि उन्होंने कैदियों के द्वारा दलालों के खिलाफ शिकायत करने वाले पत्रों को दबा दिया। जांच के दायरे में इसे भी लाया जाए।

प्रतुल ने कहा कि हेमंत सरकार को जवाब देना चाहिए कि ईडी के द्वारा हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार की जांच करने के दौरान दोषी पाए गए अफसर के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दर्जनों पत्र 18 नवंबर, 2022 से 26 सितंबर के बीच राज्य सरकार को लिखा था लेकिन अभी तक राज्य सरकार कुंडली मारकर क्यों बैठी है?

भाजपा मांग करती है कि हेमंत सरकार इस पूरे मामले की सीबीआई जांच करने की अनुशंसा करे। प्रतुल

# एडीजी अभियान आज आपराधिक कांडों की करेंगे समीक्षा

**PHOTON NEWS RANCHI :** एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर सोमवार छह नवंबर को चार वर्षों से अधिक समय से लंबित कांडों की समीक्षा करेंगे। यह समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये होगी। इसको लेकर एटीएस और सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को पत्र लिखा गया है। लिखे पत्र में कहा गया है कि एडीजी अभियान सह अध्यक्ष मार्गदर्शन एवं अनुवीक्षण समिति सोमवार को 1:30 बजे लंबित कांडों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करेगी। सभी एसपी को लंबित अकाउंट से संबंधित आंकड़ों के साथ समीक्षा बैठक में भाग लेने का निर्देश दिया गया है। लंबे समय से लंबित केस के निष्पादन के लिए मार्गदर्शन और अनुवीक्षण समिति बनायी गयी है। इस समिति के अध्यक्ष एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर, उपाध्यक्ष, आईजी और सीआईडी असीम विक्रांत मिंज को बनाया गया है जबकि सभी रेंज के डीआईजी इसके सदस्य है।

## कृष्णा पैलेस में आयोजित प्रतिनिधि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए विधायक सरयू राय

# दिसंबर तक शायद ही बरकरार रहे हेमंत सरकार

**PHOTON NEWS RANCHI :** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के मुख्य संरक्षक और विधायक सरयू राय ने कहा कि जो संकेत मिल रहे हैं, उससे प्रतीत होता है कि झारखंड की हेमंत सरकार दिसंबर तक शायद ही बरकरार रहे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार विधि सम्मत तरीके से काम नहीं कर रही है। करप्शन तेजी से बढ़ रहा है और सरकार से शिकायत करने के बावजूद कोई असर नहीं हो रहा है।

वह रविवार को कृष्णा पैलेस में मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित प्रतिनिधि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक सरयू राय। ● फोटोन न्यूज

सरयू राय ने कहा कि लोग ईडी की मंशा पर सवाल उठाते हैं लेकिन मेरा सवाल यह है कि ईडी ने जिनके विरुद्ध भी कार्रवाई की है, उस कार्रवाई में कोई मीन-मेख निकला हो तो उसे सार्वजनिक करना चाहिए। कोई भ्रष्टाचार कर रहा है तो ईडी कार्रवाई करेगी ही। यदि किसी को लगता है कि ईडी की कार्रवाई में कोई गड़बड़ी है तो सप्रमाण उसे पब्लिक डोमेन में रखें।

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक ने कहा कि झारखंड की सरकार में करप्शन काफी बढ़ गया है। जो भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही कहा कि उन्होंने विधानसभा में सबूतों के साथ तथ्य रखे लेकिन उन पर कोई एक्शन नहीं हुआ। स्पीकर के निर्देश के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि कोई भी करप्शन चार्जेज हो, सरकार तुरंत एक कमेटी गठित कर देती है और कहती है कि 30 दिनों के भीतर रिपोर्ट दें। 30 दिनों के भीतर रिपोर्ट आ जानी चाहिए लेकिन झारखंड में तो तीन-तीन साल तक कोई रिपोर्ट नहीं आती। ये काम करने का कौन सा तरीका है?

उन्होंने कहा कि मैं 32 के खतियान के विरोध में नहीं हूं। आप करना चाहते हैं तो करें पर आपको 1932 और 2023 के बीच जो कुछ भी इस राज्य में घटा है, उसे समझना पड़ेगा। उसे आप न भूलें। यदि आप उसे भूलेंगे तो राज्य नहीं चलेगा। लोग दिखाते हैं अपना खतियान। हमें उससे कोई तकलीफ नहीं। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि इस झारखंड को अपना राज्य मानें। तभी बेहतर भविष्य सामने आएगा।

## BRIEF NEWS

### छत्तीसगढ़ में होने वाले चुनाव के दिन झारखंड के कामगारों को भी मिलेगा अवकाश

**RANCHI :** छत्तीसगढ़ में दो चरणों में सात और 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं। दो दिनों बाद वहां होने वाले इस चुनाव को देखते झारखंड के कामगारों को भी सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड ने 30 अक्टूबर को निर्देश जारी किया था। राज्य के श्रम, नियोजन विभाग ने रविवार को बताया है कि छत्तीसगढ़ में होने वाले चुनाव के दिन झारखंड के कामगारों को भी अवकाश मिलेगा। वैसे कामगार जो छत्तीसगढ़ के वोटर हैं और छत्तीसगढ़ से सटे झारखंड के सीमावर्ती जिलों के विभिन्न प्रतिष्ठानों, दुकानों में काम करते हैं, उन पर यह सुविधा लागू होगी। श्रम विभाग के मुताबिक 7 और 17 नवंबर के लिए यह विशेष व्यवस्था होगी। दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम 1953 से आच्छादित सभी दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में कार्यरत छत्तीसगढ़ के कामगारों को अधिनियम की धारा 12-ए के तहत इन तिथियों (7 और 17 नवंबर) को सवैतनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

### परिसीमन आयोग और आरक्षण के मुद्दे पर महासम्मेलन 26 को

**RANCHI :** राज्य में परिसीमन आयोग और आरक्षण को लेकर 26 नवम्बर को पुराने विधानसभा भवन में राज्यस्तरीय महासम्मेलन होगा। राज्य में परिसीमन आयोग के तहत विधानसभा की सीटें 81 से बढ़ाकर 150 करने और विधान परिषद का गठन करने, जातिगत जनगणना किए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने रविवार को कहा कि कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों सहित दिल्ली, यूपी, बिहार से अनेक लोग और राजनेता पहुंचेंगे। महासम्मेलन में महिला आरक्षण में ओबीसी आरक्षण शामिल करने, राज्य के सात जिलों में ओबीसी को शून्य आरक्षण करने का आदेश को निरस्त कर बाकी जिलों की तरह अविलंब बहाल करने, पूर्व सरकार की ओर से शामिल अन्य भाषाओं की तर्ज पर 16 भाषाओं को द्वितीय राजभाषा में पुनः बहाल करने, मदरसा शिक्षा बोर्ड का गठन करने सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी।

### कैला महतो का 17वां पुण्य तिथि मनाया गया

**RANCHI :** झारखंड युवा विकास मंच के बैनर तले स्व कैला महतो का 17वां पुण्य तिथि रिंग रोड कैला महतो चौक गागी मोड़ कांके में मनाया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष श्री राजेंद्र महतो जी किए तथा संचालन मंच के महासचिव राजकुमार महतो जी किए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परम आदरणीय पूर्व सांसद राम टहल चौधरी जी उदघाटन कर्ता रणधीर चौधरी अध्यक्ष कुरमी विकास परिषद एवम पूर्व रजिस्ट्रार डॉ अमर कुमार चौधरी मुख्य वक्ता पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष पार्वती देवी,विशिष्ट अतिथि लोक अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहु, सुषमा देवी जिला परिषद सदस्य कांके, सरिता देवी जिला परिषद सदस्य ओरमांझी, पूर्व जिला परिषद सदस्य कांके पूर्वी मीना देवी, किशोर महतो आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष विश्व सेवा परिषद राहुल राज, ।अतिथि नंदलाल महतो, माजा महतो, बनीता मेहता, सावित्री देवी, बसंती देवी, उर्मिला देवी, अनूप महतो, अधिवक्ता महेंद्र महतो, सोनालाल महतो, दिनेश महतो राजेश मुखिया,सचिन गोस्वामी, पुरुषोत्तम दास गोस्वामी, सुनीता सरपंच,बलराम महतो, राजेन्द्र ओहदार, दशमी देवी सरीता देवी आदि शामिल थे।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# खबरें राउरकेला की

### सेवाकार्य के लिए आदि कांता भोल सम्मानित




**ROURKELA :** अन्तर्राष्ट्रीय लायन्स क्लब के पूर्व जिला गवर्नर राकेश कुमार सिंह द्वारा आदि कांता भोल को पन्द्रह वर्षो से अधिक सेवा के लिए सम्मानित किया। प्रमोद कुमार नतुल्या को लायन्स क्लब फाउन्डेशन में एक हजार डॉलर दान प्रदान करने के लिए हेतु एमजेएफ उपाधि से सम्मानित किया गया। इस फाउन्डेशन द्वारा विश्व में सेवा कार्य किया जाता है। इसी क्रम में सदस्यता विकास के लिए प्रकाश चन्द्र धल को रजत पदक से सम्मानित किया गया। लायंस क्लब के सदस्यता अभियान में विशेष योगदान के लिए प्रकाश चन्द्र धल को सम्मानित किया गया। इस दौरान किरण प्रसाद मेहेरे, गोरख नाथ श्रीवास्तव, सनत कुमार प्रधान, राम सिंघानिया, आलोक श्रीवास्तव , सुशान्त कुमार बेहरा शामिल थे।

### युवती का अश्लील फोटो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार



**ROURKELA :** बामडा प्रखंड उचकापाट पंचायत भगपडा गांव में एक युवती का अश्लील फोटो वायरल करने के आरोप में गोबिंदपुर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गोविंदपुर थाना भगपडा गांव की एक २० साल की युवती के साथ सुंदरगढ़ जिला बड़गांव थाना महपाड़ा गांव के प्रमोद बाघ के साथ फोन पर बातचीत से शुरू हुई। प्रेम गहरा होने पर दोनो ने आपस में शारीरिक संपर्क बना लिया था। कुछ समय बाद युवक ने फेसबुक में फेक आईडी बनाकर युवती का अश्लील फोटो वायरल कर दिया था। इसकी जानकारी मिलने पर युवती ने गोबिंदपुर थाने पिछले अगस्त महीने में शिकायत दर्ज किया था।पुलिस ने एक मामला दर्ज कर घटना को जांच कर रही थी। शनिवार को आरोपित प्रमोद बाघ को पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। पुलिस ने प्रमोद के पास से मोबाइल जब्त किया है।

### वेदव्यास संगीत नृत्योत्सव में शास्त्रीय संगीत ने दर्शकों का मन मोहा




**ROURKELA :** वेदव्यास संगीत नृत्योत्सव-2023 के तीसरे दिन रविवार को संगीत प्रेमियों के लिए खास रहा। ओडिया भाषा, साहित्य, संस्कृति और पर्यटन मंत्री अश्विनी कुमार पात्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई और उत्सव का उद्घाटन किया। बीडी शिवहरे सम्मानित अतिथि थे। मंत्री अश्विनी कुमार पात्रा ने महोत्सव के आयोजन में भंज कला केंद्र द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने शास्त्रीय नृत्य और संगीत के प्रचार-प्रसार में संस्था की भूमिका की भी सराहना की। कार्यक्रम की शुरूआत गुरु बीनापानी रथ के नेतृत्व में भंज कला केंद्र के कलाकारों द्वारा मधुर ओडिशी बृंद गायन के साथ हुई। कई प्रशंसाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक, उस्ताद वसीम अहमद खान ने अपनी जादुई आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रख्यात ओडिशी संगीतज्ञ मातृ प्रसाद दास के कुछ सुंदर ओडिसी गायन से श्रोतागण मोहित हो गये।

### राउरकेला भंजभवन में नुआखाई कार्यक्रम आयोजित




**ROURKELA :** नागरा तांती समाज द्वारा राउरकेला भंजभवन में नुआखाई भेटघाट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पारंपारिक कार्यक्रम आयोजित हुए। सांस्कृतिक नृत्य और आधुनिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय उपस्थित थे।

### उत्कल सेनेही महिला समिति द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**ROURKELA :** शहर की अग्रणी सामाजिक-स्वयंसेवी संगठन उत्कल सेनेही महिला समिति के सहयोग से सेक्टर-3 स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर रविवार को आयोजित हुआ। डॉ. गोकुलानंद साहू, डॉ. शशिभूषण नेपाक एवं डॉ. महेश प्रसाद बेहरा ने मंदिर परिसर में कार्तिक व्रत रखने वाले बुजुर्ग श्रद्धालुओं सहित वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की और दवाएं दीं। तकनीशियन दिलीप कुमार ने बारिक के स्वास्थ्य रक्त परीक्षण में सहायता की। महिला समिति अध्यक्ष सविता साहू के नेतृत्व में सदस्य सुजाता मणि महापात्रा, ज्योत्स्ना मनिगरही, सावित्री दास, गीतांजलि मिश्रा, शुभाश्री साहू, विजयलक्ष्मी मिश्रा, प्रीति साहू, स्निग्धा सामंतराय, गीता साथन, रस्मिता साहू, मंजूपात्रा महा, नंदिता पान, सलिला बराला प्रमुख आयोजनों के आयोजन में सक्रिय रही। त्रिलोचन मिश्रा, लक्ष्मण नाथ दास, एसके मिश्रा, दिलीप कुमार साहू, नीलमणि महापात्र प्रमुख रूप से उपस्थित रहे और कार्यवाही में सहयोग किया। मंदिर के ट्रस्टी गिरिजा शंकर द्विवेदी, सुधीर सुंदर राय, त्रिनाथ पाढ़ी, पांडव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### सामल ने राज्य सरकार पर लगाए कई आरोप




**ROURKELA :** भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल ने रविवार को कॉन्फ्रेंस कर राज्य सरकार पर कई आरोप लगाए। मनमोहन सामल ने कहा कि विकास कार्य में राज्य सरकार की उदासीनता के कारण विभिन्न योजनाएं आधी-अधूरी रह गयी हैं। केंद्र सरकार 9 साल से तालचेर-बिमलगढ़ रेलवे के लिए फंड की मंजूरी दे रखी है। उन्होंने कहा, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ सका क्योंकि राज्य सरकार आवश्यक जमीन का अधिग्रहण नहीं कर सकी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने स्थानीय समस्याओं पर भी प्रकाश डाला। बिसरा ब्लॉक में देव नदी पर पुल 5 साल से पूरा नहीं हो पाया है क्योंकि राज्य सरकार जमीन अधिग्रहण नहीं कर सकी है। सामल ने सवाल उठाया कि राज्य सरकार ने बिना जमीन अधिग्रहण के पुल का काम कैसे शुरू कर दिया। राउरकेला में भाजपा युवा मोर्चा की दो दिवसीय राज्य कार्यकारिणी बैठक के बाद सामल ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। रविवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सुंदरगढ़ के सांसद जोएल ओराम, पानपोश भाजपा अध्यक्ष लतिका पटनायक, भाजपा नेता निहार राय और धीरेन सेनापति उपस्थित थे।

### मैं झुग्गीवासियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध : प्रशांत सेठी



**ROURKELA :** क्षेत्रीय विकास के लिए सभी मिलकर काम करेंगे, तभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इस दिशा में मैं अपना सतत प्रयास जारी रख रहा हूं। यह विचार प्रशांत सेठी ने दक्षिण राउरकेला के तंगरापल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में व्यक्त किया। प्रशांत सेठी ने कहा कि सरकार के पास आम झुग्गीवासियों के लिए कई योजनाएं हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य योजना में शामिल करने के लिए रुचि लेना और आम लोगों का सहयोग है। इस मौके पर प्रशांत ने घर-घर जाकर बस्ती की समस्याओं के बारे में पूछकर जाना कि पीने का पानी, पक्की सड़कें, नालियां और बिजली व्यवस्था ठीक से काम कर रही है या नहीं। जहां जरूरत होगी हर तरह के सहयोग का वादा किया। मौके पर लोगों ने क्षेत्र के कई अन्य मुद्दों पर भी प्रशांत से खुलकर बातचीत हुई।

# हत्या की साजिश रचने वाले 4 गिरफ्तार

## बिना आदेश चारों करवा रहे थे निर्माण, कार्य रुकवाने पर विभागाध्यक्ष पर चलवाई थी गोली, शूटर की तलाश

सीतामढ़ी । श्रीराधा कृष्ण गोयनका कॉलज के फिजिक्स डिपार्टमेंट के हेड और प्रोफेसर डॉ. रवि पाठक की हत्या की साजिश कॉलेज के ही चार कर्मचारियों ने रची थी। चारों ने मिलकर एक शूटर को इसकी जिम्मेदारी दी थी। हत्या की साजिश रचने वाले चार कॉलेज सहायकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चारों से पुलिस ने पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने ठेकेदारी विवाद में गोली मारने की बात बताई है। हालांकि शूटर अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। प्रोफेसर डॉ. रवि पाठक को 31 अक्टूबर को कॉलेज में उनके चैंबर में गोली मारी गई थी। हमले के बाद सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था, जिसमें एक शख्स टोपी और मास्क लगाए पैदल ही कॉलेज में दाखिल होता दिखा। उसने डिपार्टमेंट में घुसकर गोली मारी और फरार हो गया। फिलहाल प्रोफेसर रवि पाठक की तबीयत सुधर रही है। सीतामढ़ी के अस्पताल से उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है। उनकी स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। वे यूपी के अलीगढ़ में अपने घर चले गए हैं। पूछताछ में चारों ने बताया कि वो सभी बिना किसी आदेश के रीडिंग रूम और कॉलेज में रोड बनाने का काम शुरू किया था। जिसे डॉ. रवि ने बंद कर दिया था। ठेकेदारी का विरोध करने पर चारों ने प्रोफेसर की हत्या की साजिश रची। पुलिस



ने चारों को न्यायालय में पेश किया। जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। हालांकि शूटर अभी भी फरार है। गिरफ्तार कॉलेज कर्मियों में वाणिज्य काउंटर में सहायक सहियारा थाना के पोखरभिंडा निवासी संजीव कुमार, बीसीए सहायक पिपराढ़ी थाना अभिराजपुर बैरिया निवासी संजय कुमार, बायोटेक्नोलॉजी विभाग के सहायक सुप्पी थाना कंसारा निवासी मुन्ना कुमार सिंह और परीक्षा विभाग के सहायक बाजपट्टी थाना बनगांव निवासी संजय कुमार शामिल हैं। एसपी मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि प्रोफेसर को गोली मारने वाले की पहचान कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम छापेमारी कर रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जांच के दौरान पता कि कॉलेज में मनमान ढंग से ठेकेदारी को लेकर विवाद चल रहा था। चारों कर्मी बिना आदेश के ठेकेदारी कर रहे थे। जिसका विरोध प्रोफेसर ने किया था। विशेष टीम के हाथ एक सीसीटीवी फुटेज लगा था। जिसमें प्रोफेसर को गोली मारने वाला शूटर बाइक पर भागता हुआ दिख रहा है। वहीं, बाइक पर उसके साथ एक और शख्स भी बैठा हुआ है। नए फुटेज से पुलिस को शूटर के भागने के दिशा का भी पता चला है। प्रोफेसर रवि पाठक को गोली मारने वाला शूटर स्टूडेंट का वेश लेकर पैदल ही कॉलेज में घुसा था और गोली मारने के बाद पैदल ही कॉलेज के पीछे के रास्ते से भागता दिख रहा है। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. रवि पाठक को 31 अक्टूबर को उनके चैंबर में गोली मारी गई थी। प्रोफेसर डॉ. रवि पाठक फिजिक्स के विभागाध्यक्ष होने के साथ ही कॉलेज के अर्थपाल (बर्सर) भी हैं। कॉलेज में होने वाले हर एक खर्चे पर उनकी सहमति जरूरी है। वो नवंबर में इस पोस्ट से मुक्त होने वाले हैं। इस वजह से कुछ निर्माण कार्यों की अनुमति नहीं दे रहे थे।

# दो पक्षों के बीच चले लाठी-डंडे, दस घायल



सहरसा । शनिवार को नल जल योजना का पाइप लगाने को लेकर हुए विवाद में दोपहर में दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। दोनों पक्षों के कुल पांच पुरुष सहित 5 महिला जख्मी हो गए। आनन फानन में परिजनों के द्वारा सभी जख्मी को नजदीक के पीएचसी में भर्ती करवाया। डॉ ने बेहतर इलाज के लिए देर शाम सदर अस्पताल भेजा। घटना बनमा ओपी क्षेत्र अंतर्गत पसराहा गांव वार्ड नं 2 की है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुटी है। एक पक्ष के जख्मी का नाम शैलेंद्र यादव,प्रीतम कुमार,जयप्रकाश यादव,मुनचुन देवी,सविता कुमारी है। वहीं दूसरे पक्ष के जख्मी का नाम, निखिलेश्वर यादव, पत्नी सुलेखा देवी, पुत्र ललित कुमार,रानी कुमारी,विभा भारती है। दोनों पक्ष जिले के बनमा ओपी क्षेत्र के पसराहा गांव वार्ड नं 2 का ही रहने वाला बताया जा रहा है। एक पक्ष के जख्मी के परिजन प्रीतम कुमार ने कहा कि नल जल योजना वाला पाइप मेरे दरवाजे होकर जा रहा था। वह पाइप बार बार लीकेज हो जाता था जिससे मेरे दरवाजे पर पानी लग जाता था।आज मिस्त्री आया था। मिस्त्री को बोली कि इसको बंद कर दीजिए। इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष का निखिलेश्वर यादव विरोध करने लगा। बाद दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा जमकर लाठी डंडे चले। वहीं दूसरे पक्ष के जख्मी के परिजन ललित कुमार ने कहा कि जल नल योजना वाली पाइप पहले से मेरी जमीन पर होकर गुजरी हुई है। उसी जल नल योजना वाली पाइप को लेकर विवाद हुआ। इसी विवाद को लेकर कैलाश यादव, प्रीतम कुमार सभी मिलकर मेरे साथ मारपीट करने लगा। बनमा ओपी अध्यक्ष ज्योतिष कुमार ने कहा कि दो पक्षों में मारपीट हुई है। कुछ लोग जख्मी हुए हैं। सभी जख्मी सदर अस्पताल में इलाजरत हैं। आवेदन अभी अप्राप्त है। आवेदन मिलने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

# नशे में धुत्त शख्स का वीडियो वायरल

## खुद को पुलिस कर्मी बता ऑटो चालक से की मारपीट, पुलिस बोली- पूछताछ की जा रही है

गया । नशे में धुत्त खुद को पुलिसकर्मी बताने वाले शख्स का वीडियो वायरल हो रहा है। शख्स ऑटो में पड़ा हुआ है। ऑटो ड्राइवर विरेन्द्र का कहना है कि शख्स ने उसके साथ मारपीट भी की। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने अपने साथ ले गई। इस पूरी घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस का कहना है कि शख्स ने अपना नाम सूरज बताया है।उसके होश में आने के बाद ही आगे की पूछताछ की जा सकेगी। ऑटो चालक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि डेल्हा पुल के पास सादे लिबास में खुद को पुलिस कर्मी बता कर ऑटो रुकवाया और चंदौती चलने



को कहा। इस पर जब ऑटो ड्राइवर ने इनकार दिया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं उसने ऑटो पर सवार दो सवारियों के साथ भी मारपीट की। इस पर सवारी ऑटो से उतर कर मौके से चल गए, लेकिन ऑटो चालक फंस गया। ऑटो चालक को खुद को पुलिस वाला बताने वाला शख्स ने कहा कि पुलिस लाइन छोड़ दो। इस पर ऑटो चालक नशे में धुत्त कथित पुलिस वाले को ऑटो स्टार्ट कर छोड़ने के लिए चल पड़ा, लेकिन बीच रास्ते मे नशे धुत्त शख्स ऑटो से गिरने लगा तो ऑटो चालक ने जय प्रकाश चौक के पास ऑटो खड़ा कर दिया। देर रात सिविल लाइंस थाने के इंस्पेक्टर पंकज कुमार ने बताया कि नशे में धुत्त शख्स ने अपना नाम सूरज कुमार बताया है। इसके आगे वह कुछ बताने सक्षम नहीं है। होश में आने के बाद ही खुलासा हो पाएगा कि वह किस जिले का पुलिसकर्मी है और उसकी पोस्टिंग कहां है।

# डकैती मामला: 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

बिहार शरीफ । नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरौरा गांव में बैंक प्रबंधक एवं रिटायर्ड दरोगा के घर हुई डकैती मामले में 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। जबकि डकैतों की करतूत सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है।गुरुवार की रात दर्जन भर डकैतों ने रिटायर्ड दरोगा रामचंद्र प्रसाद के घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर परिवार वालों को बंधक बनाते हुए हाथ और मुंह को कपड़े से बांध दिया था। करीब 3 घंटे तक लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। विरोध करने पर गृह स्वामी के साथ डकैतों ने मारपीट भी की थी। 8 से 10 लाख के जेवर के अलावे 50 हजार नगद लूट की बात सामने




आई थी। जिस तरीके से डकैतों ने इस घटना को अंजाम दिया है वह पूरी तरह से सुनियोजित और रेकी कर की गई है। डकैतों को पहले से मालूम था कि घर में सीसीटीवी लगा है और कितने सदस्य हैं। किस रूट से आना है और कैसे लूटपाट की घटना को अंजाम देकर घर से बाहर जाना है। डकैतो ने सीसीटीवी के दोनों वायर को न निकालकर सिर्फ पावर सप्लाई वाले वायर को ही निकाला था। फिंगर प्रिंट एवं पहचान छुपाने के लिए ग्लव्स और गमछे का उपयोग किया था। गृह स्वामी रामचंद्र प्रसाद की माने तो सभी डकैत एक ही कद काठी के थे और लूटपाट के दौरान वो आपस में लोकल भाषा में बातचीत कर रहे थे। हालांकि एक डकैत ने इस बीच आदिल नाम पुकारा था। डकैतों को यह भी मालूम था कि उनकी पोती किस स्कूल में और कब पढ़ने जाती है। डकैतो को यह भी मालूम था कि वह पुलिस विभाग में थे उन लोगों ने उनसे कहा की बहुत पैसा कमाए हो, पैसा कहां है। अगर हम लोगों के जाने के बाद इस बात की खबर पुलिस को दी तो तुम्हारी पोती को स्कूल जाने वक़्त उठा लेंगे और गोली मार देंगे। लुटेरों को यह भी मालूम था कि वे लोग सबसे ऊपरी मंजिल पर रहते हैं। नीचे के फ्लैट को छोड़कर वह सीधे ऊपर आया और उन लोगों को बंधक बनाकर लूटपाट किया।गृह स्वामी ने घर के ग्राउंड फ्लोर पर संचालित फाइनेंशियल सर्विस के कर्मियों पर अपना शक जाहिर किया है।

# मिलिट्री इंटेलिजेंस, हरियाणा पुलिस को आरोपी ने पटना में पिटवाया

## सेना में बहाली के नाम पर करता ठगी, टीम पहुंची तो चिल्लाने लगा-बचाओ-बचाओ किडनैप कर रहे





पटना । हरियाणा के दरोगा समेत 6 पुलिसकर्मियों की लोगों ने पिटाई कर दी। इसकी साजिश सेना में बहाली के नाम पर ठगी करने वाले सुनील सिंह ने रची। उसे गिरफ्तार करने आई पुलिस और मिलिट्री मिलिट्री इंटेलिजेंस की टीम को सुनील ने किडनैपर बताया। जिसके बाद लोगों ने उनकी पिटाई कर दी। सेना में बहाली के नाम पर सुनील उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, राजस्थान के युवाओं को कई सालों से ठग रहा था। बहाली के नाम पर उसपर करोड़ों रुपए की ठगी का आरोप है। जालसाज सुनील सिंह को 3 साल से पुलिस और प्रशासन खोज रही थी। शुक्रवार की देर रात हरियाणा पुलिस और लखनऊ मिलिट्री इंटेलिजेंस की टीम ने सेना में बहाली के नाम पर लोगों को चूना लगाने वाले एक ठग सुनील सिंह को गिरफ्तार करने पहुंची। लेकिन वो जैसे ही पुलिस के हत्थे चढ़ा उसने चाल चली और चिल्लाने लगा कि नकली पुलिस बनकर मेरा अपहरण किया जा रहा है। इंटेलिजेंस की टीम पिछले 2 साल से सुनील की तलाश में थी। जबकि सुनील सिंह लगातार मिलिट्री इंटेलिजेंस की आंखों में धूल झोंक बचता रहा। आरोपी युवाओं को सेना में बहाली कराने के नाम पर ठग रहा था। 3 साल पहले उसने हरियाणा के 2 युवाओं से नौकरी कराने के नाम पर ठगी की। जिसके बाद उन दोनों ने सुसाइड अटेम्प्ट किया। इसके बाद मिलिट्री ने इससे जुड़े इनपुट से सुनील की पहचान की और 2 सालों से इसको तलाश रही थी। इसके बाद इसकी गिरफ्तारी हुई। शुक्रवार को देर रात पुलिस और मिलिट्री इंटेलिजेंस की टीम पटना के एस के पुरी थाना क्षेत्र के आरडी टावर में पहुंची। इसी अपार्टमेंट की दूसरी मंजिल पर सुनील, अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता है। गिरफ्तार करने वाले कर्मी सादे लिबास में थे लेकिन, हरियाणा पुलिस का एक जवान वर्दी में था। अपार्टमेंट के गार्ड ने ऊपर जाकर सुनील को बताया कि नीचे कुछ लोग आए हैं अपने आपको पुलिस वाले बता रहे हैं। इतने में सुनील बालकनी से बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगा। रात काफी होने से आवाज दूर तक गई। कुछ लोग वहां इक्ट्ठा हो गए। पुलिस सुनील को पकड़ कर नीचे लाने लगी। नीचे मौजूद लोगों को देखते ही सुनील ने कहना शुरू किया मेरी किडनैपिंग कर रहे ये लोग। नकली पुलिस बन कर आए हैं। मिलिट्री इंटेलिजेंस की टीम को चोर बताकर पथराव करवा दिया। लोग कर्मियों से मारपीट करने लगे। बाद में पटना पुलिस ने पहुंच कर मामला संभाला और सुनील को गिरफ्तार कर थाने लाई। आरडी टावर के पास एक चाय और नमकीन की दुकान है। ये दुकान अमूमन 10:30 से 11 बजे तक रात को बंद होती है। दुकानदार किशन साह ने बताया कि दुकान बंद करने के समय मैंने देखा कि बगल वाले रास्ते में एक गाड़ी से एक पुलिस वाले के साथ 5 लोग आए और तेजी से अपार्टमेंट में घुसे। थोड़ी ही देर में बालकनी से बचाओ-बचाओ की आवाज आई। आसपास के लोग तुरंत अपार्टमेंट के पास पहुंचे। लोगों को लगा कि नकली पुलिस बनकर कुछ लोग आए हैं। लोगों ने पत्थर मारना शुरू किया और मारपीट करते हरियाणा पुलिस के सब इंस्पेक्टर को बंधक बना लिया। दुकानदार ने बताया कि सुनील आसपास लोगों से बहुत नहीं मिलता जुलता था। कभी-कभी सिगरेट पीने आता था। हरियाणा मिलिट्री इंटेलिजेंस के एक अधिकारी ने बताया कि सुनील सिंह के ठगी के झांसे में आकर उत्तर प्रदेश और हरियाणा के कई बच्चे आत्महत्या कर चुके हैं। जब इस घटना की जानकारी मिलिट्री इंटेलिजेंस को लगी तो कई राज्यों की मिलिट्री इंटेलिजेंस इस सुनील की तलाश में लग गई। यह लंबे समय से लोगों को सेना में बहाली के नाम पर ठग रहा था। अधिकारी ने कहा कि सेना में बहाली को लेकर वह ऐसे किसी भी झांसे में ना आएं। मिलिट्री इंटेलिजेंस ने तमाम अभ्यर्थियों को इस बात के लिए आगाह किया है कि सेना में फर्जी तरीके से बहाली का कोई भी रास्ता ना अपनाएं। सेना में बैक डोर नहीं चलता है।

# मुंबई से चारपहिया वाहन चोरी मामले में युवक गिरफ्तार



मधेपुरा। मुंबई से एक चार पहिया वाहन चोरी मामले में मुंबई के जुहू थाने की पुलिस ने शनिवार को एक व्यक्ति को बिहारीगंज मुख्य बाजार से गिरफ्तार किया। साथ ही चोरी की गई वाहन को भी जब्त कर लिया। गिरफ्तार युवक प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मीपुर लालचंद पंचायत के वार्ड नंबर 03 निवासी कामो महतो का बेटा मनोज कुमार महतो बताया जा रहा है। आरोपी युवक ने बताया कि वह दो साल पूर्व मुम्बई के अंधेरी में रहकर ड्राइवर का काम करता था। इसी बीच एक व्यक्ति केवल 50 हजार रुपए में ईएमआई नहीं देने पर खिंचा हुआ गाड़ी बताकर बेच रहा था। लोभ में आकर मैंने यह गाड़ी खरीद ली। जबकि मुंबई से आए पुलिस टीम के अधिकारी एसआई राहुल शिंदे ने बताया कि जुहू थाने में सड़क पर रखी हुई गाड़ी चोरी करने का मामला दर्ज है। काफी तहकीकात करने पर पता चला कि गाड़ी बिहारीगंज में है। उसी मामले में पुलिस टीम बिहारीगंज थाने के सहयोग से आरोपी को चोरी की हुई वाहन के साथ हाई स्कूल के समीप से गिरफ्तार कर ली है।

# बच्चों के नाम काटना शर्मनाक, हमें इसका अधिकार नहीं

पटना। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के आदेश से नाराज हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमारे बच्चे स्कूल छोड़कर बाहर जाते हैं तो उन्हें विद्यालय से वंचित नहीं करना चाहिए। हमें कोई अधिकार नहीं है कि बच्चों का स्कूल से नाम हटा दें। जो बच्चे स्कूल नहीं आते, उनके घर हमारे शिक्षक को जाना चाहिए। इस बात की जानकारी लेने की जरूरत है कि बच्चे स्कूल क्यों नहीं आते हैं, ना की स्कूल से नाम काट देना चाहिए। इस पर विचार करने की आवश्यकता है। शिक्षा विभाग के अधिकारी इस पर सोचने की बजाए, नाम काटकर गर्व महसूस कर रहे हैं, ये शर्मनाक है।



राज्यपाल ने शनिवार शाम को नालंदा ओपेन यूनिवर्सिटी के तीन दिवसीय एक्सप्लोरिंग एक्सीलेंस इन मैथेमेटिकल साइंस कॉन्फ्रेंस की शुरूआत की। इसी दौरान उन्होंने ये बातें कहीं। बता दें कि तीन दिन पहले ही गांधी मैदान में शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षा विभाग के एसीएस केके पाठक की जमकर तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि शिक्षा विभाग फिलहाल बहुत अच्छा काम कर रहा है। केके पाठक का नाम लिए बिना राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा विभाग के प्रमुख अधिकारी रोज आंकड़े बताते हैं कि हमने कितने बच्चों को स्कूल से बाहर किया। विभाग के प्रमुख इसपर गर्व कररहे हैं, जबकि ये शर्म करने वाली बात है। बच्चों के नाम काटने के लिए कारण दिया जा रहा है कि वो तीन दिनों से स्कूल नहीं आ रहे हैं। क्या हमने कभी उनके घर जाकर बच्चों के स्कूल नहीं आने का कारण जानना चाहिए। बच्चों का नाम काटकर हम शिक्षा के अधिकार का हनन कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि गणित के विषय में रुचि रखने वाले लोगों ने, गणित क्या है उसे एक्सप्लेन किए बिना हमारे सामने फैक्ट्स को रखा। आज पहली बार लगा कि गणित इतना कठिन भी नहीं है, यह एक प्रयोग का विषय है। गणित विषय और गणित विषय से जुड़े लोगों से डर लगता है।

## संक्षिप्त डायरी

### नशाखुरानी गिरोह युवक का मोबाइल-कैश लेकर फरार



बेगूसराय । नशाखुरानी गिरोह ने मुफस्सिल थाना के कारी चक के रहने वाले मोहम्मद शताब को निशाना बनाया और कैश और मोबाइल लेकर फरार हो गए। परिजनों ने बताया कि मोहम्मद शताब शनिवार को खगड़िया से ट्रेन से बेगूसराय आ रहे थे। लेकिन सफर के दौरान नशा खुरानी गिरोह ने उसे किसी प्रकार से बेहोश कर दिया और सारा सामान लेकर भाग निकले। नशे की हालत में वह बछवाड़ा पहुंच गया जहां ट्रेन में मौजूद कुछ लोगों ने उसे नीचे उतरा। उसके बाद जीआरपी को इसकी सूचना दी गई। फिलहाल मोहम्मद सताब का इलाज सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### वार्ड सदस्य को जान से मारने की धमकी



पूर्णिया । वार्ड सदस्य को जान से मारने की धमकी मिली है। वार्ड सदस्य ने इसके बाद थाने में आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई हैं। घटना शनिवार की मुफस्सिल थाना के बीरपुर पंचायत के वार्ड 7 की है। जहां सरकारी स्कूल परिसर में अड्डाबाजी करने से मना करने वार्ड सदस्य को धमकी दी गई है। पर दी है। पीड़ित वार्ड सदस्य की राजकुमार राम (50 वर्ष ) के रूप में की गई हैं। वार्ड सदस्य राजकुमार राम ने बताया कि तूफानी गोस्वामी अपने साथियों के साथ अक्सर विद्यालय के समीप अड्डाबाजी करते हैं । जब हम एक वार्ड सदस्य होने के इसके लिए मना किया तो तूफानी गोस्वामी ने अपने साथियों के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी दी। वहीं मुफस्सिल थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। जांच कर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत



नालंदा । चण्डी थाना क्षेत्र अंतर्गत बदौरा गांव के पास शनिवार की शाम 11 हजार वोल्ट का तार टूटकर गिरने से बुजुर्ग की मौत हो गयी। मृतक की पहचान बदौरा गांव निवासी स्व.रामबाबू सिंह के (60) वर्षीय पुत्र राकेश सिंह के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि धान काट रहे मशीन के चालक को रुपये देने राकेश प्रसाद खेत की ओर गये थे। तभी 11 हजार विद्युत प्रवाहित तार टूटकर उनके ऊपर ही गिर गया। इसके कारण करंट से झुलस कर उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। गांव वालों ने बताया कि सड़क का निर्माण हो रहा है। निर्माण में लगे पोकलेन मशीन में फंसकर बिजली का तार टूटकर नीचे गिर गया। बुजुर्ग घटना के समय वहीं खड़े थे। तार की चपेट में आने से मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली के तार लुंज पुंज हैं। बिजली विभाग उस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। वहीं चण्डी थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि करंट से मौत की सूचना पर पुलिस गांव पहुंचे इसके बाद हंगामा कर रहे हैं ग्रामीणों को शांत कराया गया । शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लव मैरिज के 5 साल बाद विवाहिता की हत्या: शव को गायब करने के बाद ससुराल वाले घर छोड़ फरार



बेतिया । प्रेम विवाह पांच साल बाद विवाहिता की हत्या हो गई। उसके शव को ससुराल वालों ने गायब कर दिया है। सभी आरोपी फिलहाल घर छोड़कर फरार हैं। मृतका के पति ने पुलिस को आवेदन दिया है, पर अवेदन देने के सात दिन बाद भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है। मृतका की पहचान आसाराम पटखौली गांव निवासी टुनटुन साह की 23 वर्षीय पत्नी प्रिया कुमारी रुप में की गई है। मामला बैरिया थाना क्षेत्र के आसाराम पटखौली गांव का है। आवेदन में मृतका के पिता ने कहा कि मेरी पुत्री प्रिया कुमारी का बैरिया थाने के पटखौली गांव निवासी हीरा साह के पुत्र टुनटुन साह से 2018 में प्रेम विवाह हुआ था। दो बच्चे भी हैं। दोनों में कभी-कभी किसी बात को लेकर झगड़ा होता था, लेकिन यह नहीं पता था कि मेरी लड़की को उसके पति और ससुराल वाले मार देंगे। प्रिया के भाई धीरज ने कहा कि चचेरा भाई का ससुराल आसाराम पटखौली में है। वहां के निवासी टुनटुन साह ने 2018 में बहन का अपहरण कर लिया था। केस भी दर्ज कराया था। उस वक्त प्रिया की उम्र 17 साल थी। जब वो घर आई थी तो वो गर्भवती थी। टुनटुन उसे लेकर घर चला गया। 24 अक्टूबर की सुबह सूचना मिली कि प्रिया की हत्या ससुराल वालों ने कर दी है। हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने के लिए शव को गायब कर दिया। घटना के बाद से प्रिया के ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हो गए है। थानाध्यक्ष प्रणय कुमार ने कहा कि मृतका की पहचान आसाराम पटखौली गांव निवासी टुनटुन साह के 23 वर्षीय पत्नी प्रिया कुमारी रूप में की गई है। प्रिया के पिता रघुनाथ सिंह ने आवेदन दिया है। आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## आजम खां के स्कूल को खाली कराने का नोटिस देने के बाद पहुंचे अधिकारी

# अभिभावकों ने जताया विरोध



**रामपुर।** सपा नेता आजम खां के जौहर ट्रस्ट को लीज पर मिली जमीन को खाली कराने का नोटिस देने के बाद रविवार को शिक्षा विभाग की टीम रामपुर पब्लिक स्कूल पहुंची। इस दौरान मौके पर मौजूद अभिभावकों ने जमीन खाली कराने का विरोध किया। उनकी अधिकारियों की कई मुद्दों को लेकर बहस भी हुई। अधिकारियों ने बताया कि स्कूल संचालकों को नोटिस दे दिया गया है। वह मौके की स्थिति को देखने के लिए पहुंचे थे। योगी सरकारी ने जौहर ट्रस्ट को दी गई जमीन की लीज खत्म कर दी थी। इसके बाद जिलाधिकारी ने पांच सदस्यीय कमेटी बनाकर इसे खाली करवाने के लिए आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए थे।

तीन नवंबर को शिक्षा विभाग ने आजम खां के जौहर ट्रस्ट संचालकों से सात दिन में जमीन को खाली करने का नोटिस जारी किया था। इसमें चेतावनी देते हुए कहा गया है कि यदि इस जमीन पर बने निर्माण से किसी भी तरह की छेड़छाड़ या फिर उसके स्वरूप में कोई परिवर्तन करने की कोशिश की गई तो कार्रवाई की जाएगी। नोटिस आजम खां के रामपुर पब्लिक स्कूल (आरपीएस) गर्ल्स विंग पर चस्पा भी किया गया है। यूपी सरकार ने सपा शासन में आजम खां के जौहर ट्रस्ट को तोपखाना रोड स्थित शिक्षा विभाग की जमीन और भवन को 30 साल की लीज पर दिया था। जिस पर सपा सरकार में ट्रस्ट की ओर से रामपुर पब्लिक स्कूल (गर्ल्स विंग) खोल दिया गया था। इसके साथ ही इस जमीन पर दारुल आवाम (सपा कार्यालय) भी बनाया गया था। ये सब लीज की शर्तों का उल्लंघन करते हुए किया गया था। इसकी शिकायत भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने शासन से की तो शासन ने जांच करवाई।

इसके बाद डीएम ने रिपोर्ट शासन को भेज दी। जिस पर मंगलवार को योगी कैबिनेट ने लीज को निरस्त कर दिया था।

## राजमिस्त्री इंदुशेखर के घर पहुंचे चंद्रशेखर

### पूर्व प्रधान ने साथियों संग मिलकर की थी हत्या, लाश को पेड़ से लटकाया था



मेरठ । राजमिस्त्री इंदुशेखर की हत्या के मामले में चंद्रशेखर आजाद मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे हैं। मवाना में चंद्रशेखर सहित आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता भी पहुंचे हैं। यहां मृतक राजमिस्त्री इंदुशेखर की पत्नी, बच्चों से मुलाकात की है। चंद्रशेखर रावण पहले ही इस घटना पर सोशल मीडिया के जरिए शोक जता चुके हैं। चंद्रशेखर लगातार इस मुद्दे को लेकर पोस्ट कर रहे हैं। इसके साथ ही दलित पंचायत भी करेंगे। भीम आर्मी चीफ ने यूपी में दलितों, पिछड़ों, शोषितों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने का आव्हान किया है। बता दें कि मेरठ के साधारणपुर गांव निवासी राजमिस्त्री, ठेकेदार इंदुशेखर को पूर्व प्रधान विजयपाल सिंह ने अपने साथियों संग मिलकर हत्या कर दी थी। इंदुशेखर पिछले लगभग डेढ़ साल से विजयपाल के लिए काम कर रहा था। विजयपाल पर इंदुशेखर के पेमेंट के लगभग ढाई लाख रुपया बकाया था। इंदुशेखर अपने और लेबर को देने के लिए आए दिन विजयपाल से अपना पेमेंट मांगता था। पेमेंट बकाया के चक्कर में विजयपाल ने इंदुशेखर को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया था। दोस्तों संग मिलकर विजयपाल ने इंदुशेखर को बाग में बुलाया फिर गला दबाया। हत्या को आत्महत्या दिखाने के लिए लाश को तालिबानी ढंग से हाथ बांधकर पेड़ से बाग में लटका दिया। इसके बाद खुद ही विजयपाल ने पीड़ित और पुलिस को फोन कर बताया कि उसने इंदुशेखर का काम तमाम कर दिया, लाश बाग में टंगी है आके ले जाओ। घटना में अब तक पुलिस द्वारा 5 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, इन्हें अरेस्ट कर जेल भेजा गया है। वहीं मृतक के परिजनों ने अपने लिए 1 करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग की है। मुआवजे की मांग के लिए पीड़ित परिजनों संग आजाद समाज पार्टी, भीम आर्मी कार्यकताओं, छात्र संगठनों ने मिलकर कमिश्नर चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया। भारी संख्या में दलित समाज के लोग कमिश्नरी चौराहे पहुंचे यहां धरना प्रदर्शन किया। डीएम कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च निकालकर मृतक के परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। खुद चंद्रशेखर आजाद ने इस घटना की निंदा की है।

## एनसीसी पड़रौना का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर





संवाददाता

**कुशीनगर।** उदित नारायण इण्टर कॉलेज एवं यूएनपीजी कॉलेज पड़रौना में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर संख्या -170 के सातवें दिन एएनओ लेफ्टिनेंट बृजेश कुमार सिंह व सुबेदार प्रशांत सिंह के उपस्थिति में पीआई स्टॉफ द्वारा केडेट्स को .22 रायफल फायर ट्रेनिंग सिखाया गया। तत्पश्चात सेफ्टी को देखते हुए फायरिंग कराया गया। तत्पश्चात पीआई स्टॉफ द्वारा कैडेटों को वेपंस हैंडलिंग व सेक्शन फॉर्मेशन के बारे में बताया गया और अंत में खेल कूद प्रतियोगिता के दौरान वॉलीबॉल व कबड्डी का खेल कराया गया।

इस दौरान कर्नल जयंत चट्टोपाध्याय, लेफ्टिनेंट कर्नल वानामाला कृष्णा, रिसालदार मेजर हरपाल सिंह, सुबेदार प्रशांत सिंह, सुबेदार सुरेश कुमार गुर्जर, सुबेदार लखविंदर सिंह, एएनओ कैप्टन ओमप्रकाश, ले० डॉ० नरेंद्र त्रिपाठी, ले० बृजेश कुमार, ले० जोगेन्द्र प्रसाद, थर्ड ऑफिसर मनोज कुमार हवलदार हरप्रीत सिंह, राजकुमार, मान सिंह, कुलदीप सिंह, दुर्गा बहादुर, भुवन सिंह, जगत सिंह, रूपक प्रधान, छब्ब बहादुर, दीपक कुमार, सतबीर सिंह आदि उपस्थित रहें ।

## वोटर चेतना महा अभियान की विधायक ने जानी प्रगति



संवाददाता

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे वोटर चेतना महा अभियान के अन्तर्गत रविवार को पार्टी के जनप्रतिनिधि पदाधिकारी और कार्यकताओं ने अपने अपने आवंटित शक्ति केन्द्र के बूथों पर जाकर मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लगे निर्वाचन आयोग के बीएलओ से सम्पर्क कर नव मतदाता पंजीकरण हेतु फार्म 6 और बोगस मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाए जाने हेतु फार्म 7 भरवाया गया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और कुशीनगर विधायक पीएन पाठक पडरौना विधानसभा कठकुइंया मण्डल में सेमरा हर्दो शक्ति केन्द्र के बूथ संख्या 338, 339, 340 और 341 का निरीक्षण किया और स्थानीय पदाधिकारियों से वोटर चेतना अभियान की प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर पीएन पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है और पार्टी का एक एक कार्यकर्ता वोटर चेतना महा अभियान के दौरान अपने अपने बूथ के प्रत्येक घर से सम्पर्क कर सभी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल करने का कार्य करेंगे ताकि भारत का लोकतंत्र और मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि पार्टी की कोशिश है कि सभी पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराकर उन्हें मताधिकार दिलाया जाए ताकि नवमतदाता भाजपा से भावनात्मक रिश्ते का जुड़ाव महसूस कर सकें। विवाह या अन्य किसी कारण से बूथ से अन्यत्र जा चुके या दिवंगत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटवाने का कार्य भी पार्टी इस अभियान के माध्यम से करना है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं का आह्वान किया कि एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नए वोट बनवाने का काम पार्टी के पदाधिकारी घर घर जाकर करें। इस अवसर पर जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, किसान मोर्चा जिला मंत्री व प्रधान प्रतिनिधि मोहन प्रसाद खरवार, शक्ति केन्द्र प्रवासी विजय कुमार सोनी, जितेन्द्र मद्देशिया, राकेश गुप्ता, हरिनारायण सिंह, अमरजीत खरवार, बीएलओ सुनील भारती, विन्दा देवी, अनिता भारती, रजक इंदुमती, सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## नयी दिशा:प्रकृति संरक्षण हेतु मिलकर कदम बढ़ाना होगा : राकेश जायसवाल




संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा पर्यावरणीय संतुलन हेतु चलाये जा रहे पौधरोपण एवं संरक्षण अभियान के अंतर्गत रविवार को नगर पालिका परिषद कुशीनगर के बाल्मीकिनगर पूर्व टोला स्थित काली माँ मंदिर के परिसर में पीपल, पाकड़, बरगद, गूलर, कटहल, गुड़हल इत्यादि के पौधों का ट्री गार्ड के साथ रोपण किया गया। ग्रामवासी सीए अंजनी नंदन सिंह का पौधों और ट्री गार्ड में विशेष सहयोग रहा। मुख्यअतिथि नपाप कुशीनगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने कहा कि प्रकृति संरक्षण हेतु हम सभी को मिलकर कदम बढ़ाना होगा। उन्होंने स्थानीय निवासियों को कोरोना संकट और ऑक्सीजन की महत्ता की याद दिलाकर लगाए हुए पौधों के देख भाल की अपील की। ग्राम की मातृ शक्ति ने पौधरोपण में बढ़ चढ़कर सहभागिता दिखाई। उपाध्यक्ष इंद्र कुमार मिश्र ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विवेक पाल, संदीप कुशवाहा, रमेश, जगदीश, कमलेश, अवधेश सिंह, सभासद प्रतिनिधि मिथलेश शर्मा, रमावती देवी, चंद्रावती देवी, सरस्वती देवी, विजय, ललिता पाल, दशवाती देवी, प्रभावती देवी, पाना देवी, प्रेमशीला देवी, नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र उपस्थित रहे।

## आरसीसी सड़क का लोकार्पण: विकास को लेकर बनी कुशीनगर की अलग पहचान: पीएन पाठक



**कसया, कुशीनगर।** विधायक कुशीनगर पीएन पाठक ने सिंगन जोड़ी में विधायक निधि से 14.50 लाख की लागत से बनी आरसीसी सड़क का लोकार्पण बतौर मुख्य अतिथि करते हुए कहा कि विकास को लेकर कुशीनगर विधानसभा की एक अलग पहचान बन गयी है। विधायक पीएन पाठक ने कहा कि सरकार की योजनाओं को सतप्रतिशत धरातल पर लाने के लिए हम कटिबद्ध है और मेरा प्रयास है कि विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों की सड़कों को पक्का निर्माण कराने का प्रयास किया जा रहा है कि कोई गांव विकास से अछूता न रहे। आगामी पांच सालों में पूरे विधानसभा में सड़कों का जाल बिछाया जायेगा। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष शिवमोहन, ज़िलामंत्री विवेकानंद शुक्ला, मण्डल महामंत्री गोलू सिंह, उपाध्यक्ष बच्चा सिंह, ग्रामप्रधान मथुरा गुप्ता, अन्नदेश्वर त्रिपाठी महंत गुप्त, प्रमोद त्रिपाठी, भारतेंदु त्रिपाठी, अशोक गुप्ता, अश्वनी त्रिपाठी, अनुज ऋषिभूषण त्रिपाठी आदि उपस्थित रहें।

## बड़े गुरु जी बोदीयोंग का मना जन्मदिन: भिक्षुओं ने की दीघार्यु की कामना



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** बौद्ध धर्म गुरु फ्रा थेप बोदियोंग के जन्मदिन पर थाई मोनेस्ट्री परिसर में भिक्षुओं ने बुद्ध का पूजन अर्चन कर उनके दीघार्यु की कामना की। बौद्ध धर्म गुरु व चीफ एबॉट बाट थाई बोध गया फ्रा थेप बोदियोंग ने अपने जन्मदिन पर चैत्य के समक्ष कैंडिल जलाया और बुद्ध की प्रार्थना की। मुख्य भन्ते डा0 पी सोम फोंग के साथ भिक्षुओ ने मुख्य महापरिनिर्वाण मन्दिर में तथागत को चीवर चढ़ाकर विशेष पूजन किया। तत्पश्चात थाई मन्दिर में पहुंच मुख्य मंदिर में बुद्ध का पूजन किया। देश के गया, कुशीनगर, श्रावस्ती, लुम्बिनी, अयोध्या, सोनौली के बुद्ध बिहार बडे गुरु जी बोदियोंग निर्देशन में चलता है। उन्होंने भिक्षुओ को भोजन, फल, बस्त्र आदि दिया और सबको अशीर्बचन से अभिसिंचित किया। इस अवसर पर भन्ते नंदिका, भन्ते डा0 नन्द रतन, भन्ते महेंद्र, भन्ते विनय कीर्ति, भन्ते सागरा, भन्ते राहुल, भन्ते शील प्रकाश, भन्ते कुन्चुक लामा, भन्ते समिट, भन्ते माई बिक सहित संतोष कपूर, अम्बिकेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश कुशवाहा, मनोज प्रजापति, गौतम शर्मा, विवेक गोंड आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### सतीश चंद त्यागी को ड्रग्स असिस्टेंट कमिसनर ने किया मूमेंटो भेंट



संवाददाता

**हापुड़।** जनपद हापुड़ में कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वैलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में सतीश चन्द त्यागी सतीश मैडिकल स्टोर वालों को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से ड्रग्स असिस्टेंट कमिश्नर अरविंद कुमार गुप्ता ने पटका पहनाकर व मुमेंटो भेट कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर ड्रग इंस्पेक्टर उर्मिला अग्रवाल, एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश त्यागी,सचिव विकास गर्ग,कोषाध्यक्ष विनीत जिंदल व एशोसिएशन के सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे।


### मुख्य विकास अधिकारी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ की बैठक, दिए दिशा निर्देश दिए



संवाददाता

**अमरोहा।** जनपद अमरोहा के विकासखंड अमरोहा की ग्राम पंचायत बीलना में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ बैठक की उन्होंने बैठक में स्टार्टअप, आरएफ ,सीआईएफ ,सीसीएल फंड पर विस्तार से चर्चा की! उन्होंने फंड की धनराशि से ' रोजगार कार्य कर आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने बीलना में समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्य हैंडलूम द्वारा बेड शीट कार्य ,जैकेट कार्य, खैरात मशीन से लकड़ी उत्पाद कार्य,दुम्मा बकरी पालन आदि कारखानों का निरीक्षण भी किया ' उन्होंने समुह की महिलाओ को उक्त कार्यों को बड़े पैमाने पर ले जाने भी जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी ,खंड विकास अधिकारी , एडीओ आईएसबी , जिला मिशन प्रबन्धक, समस्त ब्लॉक मिशन प्रबन्धक, ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान और सभी समूह की महिलाएं भी उपस्थित रही।

### कर्मचारी की हत्त्या में शामिल पुलिस मुठभेड़ में घायल



संवाददाता


**बुलंदशहर।** आईबी के रिटायर कर्मचारी की हत्या में शामिल दो बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़।मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल हुआ एक बदमाश, दूसरे आरोपी को पुलिस घेरा बन्दी कर पकड़ा। प्रापर्टी विवाद को लेकर की गई थी आईबी के रिटायर कर्मचारी रामभूल की हत्या। हत्यारोपियों ने गांव में तीन दिन रहकर की थी रैकी।एक पिस्टल, एक तमंचा, 3 कारतूस, एक खोखा, एक बाइक बरामद।रंजिश में अब तक 6 लोगों की हो चुकी है हत्या।हत्यारोपियों ने 31 साल पहले छोड़ दिया था गाव, रामभूल पक्ष के लोगों ने एक ही परिवार के तीन लोगों की कर दी गई थी हत्या। पुरानी घटना का बदला लेने के लिए शिवकुमार ने अपने साथियों के साथ मिलकर की थी रिटायर आईबी कर्मचारी की हत्या। सलेमपुर थाना पुलिस और स्वाट टीम ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार।

### बाराबंकी में अजय राय ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

संवाददाता

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए जमकर निशाना साधा है। वह बाराबंकी के देवा शरीफ मेले में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कुछ अपनी तरफ से नहीं कर रहे हैं जनता को मुफ्त में राशन देकर कोई एहसान नहीं कर रहे हैं क्योंकि वह जनता से ही लेते हैं और जनता को ही दे देते हैं। वह गुजरात से लेकर राशन नहीं आए थे रही मुसलमानो की बात तो कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही मुसलमानों की हितैषी रही है। देश के मुसलमान जानते हैं लोकसभा चुनाव में मुसलमान कांग्रेस पार्टी के साथ में ही जाएंगे यह मुझे पूरा विश्वास है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन को लेकर उन्होंने कहा कि हम अपना काम कर रहे हैं बाकी रही समाजवादी पार्टी की बात तो वह अपने तरीके से जैसी उनकी इच्छा होगी वैसे साथ रहेंगे। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि जो देश में फ्री में राशन बांटने का कार्य मोदी सरकार कर रही है तो वह जनता पर एहसान नहीं कर रही है।

## घर का दरवाजा लेट खोला तो पत्नी को मार डाला



**लखनऊ ।** बड़ी वारदात हो गई है। यहां दरवाजा लेट खोलने पर कपड़ा कारोबारी ने पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी पति फ्लैट अंदर से बंद कर खिड़की से कूद गया। इस दौरान उसके सिर में चोट लग गई। वह अभी ङत्र्कृव के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती है। कॉलोनी के लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची तो कारोबारी के बेटे ने ही दरवाजा खोला। इसके बाद पुलिस ने जांच-पड़ताल की। फिर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पूरी वारदात महानगर के पेपर मिल कॉलोनी के अलाया अपार्टमेंट की है। अपार्टमेंट की पहली मंजिल पर कारोबारी आदित्य कपूर का परिवार रहता है। आदित्य की लखनऊ के पॉश इलाके अमीनाबाद में जापान स्टोर नामक कपड़े का शोरूम है। रात करीब 12.30 बजे आदित्य कपूर अपने घर पहुंचा और दरवाजा खुलवाने के लिए घंटी बजाई। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला। इससे आदित्य भड़क गया। पत्नी ने जब दरवाजा खोला, तो उनका पत्नी से विवाद हो गया। थोड़ी ही देर में दोनों के बीच तेज बहस होने लगी। इसके बाद किचन में रखे चाकू से आदित्य ने बच्चों के सामने ही पत्नी पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। खून से लथपथ पत्नी शिवानी डाइनिंग टेबल के पास पड़ी रही। खून ज्यादा बहने की वजह से पत्नी की मौत हो गई। इसके बाद वह घबरा गया। फिर खुदकुशी करने के लिए पहली मंजिल की खिड़की से कूद गया। कारोबारी के कूदने की आवाज सुनकर कॉलोनी के लोग आ गए। कॉलोनी वालों ने देखा तो कारोबारी भाग रहा था। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। फिर रात में करीब 3 बजे पुलिस पहुंची। इसके बाद पुलिस ने कारोबारी के घर के दरवाजा खटखटाया, तो उसके बड़े बटे ने दरवाजा खोला। पुलिस अंदर गई, तो देखा कारोबारी की पत्नी का ब्लड बिखरा हुआ था। महिला की लाश टेबल पर पड़ी थी। पुलिस ने बेटे से पूछा तो उसने बताया कि पापा मम्मी को मारकर खिड़की से कूद गए। फिलहाल पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इधर, कारोबारी किसी तरह से ट्रॉमा सेंटर पहुंचा। इस दौरान उसने एक रिश्तेदार को फोन करके घटना के बारे में पता। इसके बाद रिश्तेदार ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। शिवानी और आदित्य की शादी 14 साल पहले यानी 2009 में हुई थी। दोनों को एक बेटा शुभम (13) और बेटी पहल (12) हैं। महिला के पिता दिलीप राजाजीपुरम में रहते हैं। आरोपी की मां कविता कपूर और पिता हरि नारायण कपूर अमीनाबाद में रहते हैं। 6 महीने पहले ही ससुराल के लोगों ने आदित्य को अलाया अपार्टमेंट में शिफ्ट कराया था। जापान स्टोर के मालिक और आदित्य के मामा पप्पू ने बताया, " आदित्य पहले भी सुसाइड करने की कोशिश कर चुका है। शनिवार रात करीब साढ़े 9 बजे वह दुकान से निकला था। शराब के नशे में दरवाजा खटखटाया तो खोला नहीं। इसको लेकर बच्चो के सामने झगड़ा होने लगा और अचानक आदित्य ने शिवानी पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद वो खिड़की से कूद गया। इस दौरान आदित्य के सिर में गंभीर चोट आई है और उसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।" डीसीपी सेंट्रल, लखनऊ अपर्णा रजत कौशिक का कहना है, "मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हत्या आरोपी पुलिस की हिरासत में है। वह घायल है और उसका इलाज चल है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई आगे की जाएगी।"

# सट्टेबाजी का खेल अकेले नहीं बघेल

चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की नैया पार लगाने का दम-खम दिखाने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सट्टेबाजी के बुने गए जाल में उलझते नजर आ रहे हैं। उनका दामन महादेव सट्टा ऐप की चार सौ बीसी से दागदार हो गया है। इस खेल में वह अकेले नहीं हैं। इस खेल में शामिल कुछ भारतीय अभिनेताओं और अभिनेत्रियों के चेहरे से नकाब पहले ही हटाया जा चुका है। दरअसल यह सट्टेबाजी का ऑनलाइन प्लेटफार्म है। इसका असल नाम महादेव बुक ऐप है। इसके दो प्रमुख कर्ता-धर्ता का नाम सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल है। दोनों इस्पात सिटी भिलाई के रहने वाले हैं। भिलाई को छत्तीसगढ़ में सबसे धनी लोगों का शहर माना जाता है। चंद्राकर और उप्पल अब यहां नहीं रहते। दोनों कभी जूस और टायर बेचते रहे हैं। जुआ की लत क्या लगी, दोनों रातों-रात संयुक्त अरब अमीरात यानी दुबई पहुंच गए। आज वहां महादेव ऐप के रूप में दोनों के नाम का सिक्का चलता है। इसी सिक्के की खनक से भारत की सियासत में भूचाल आ गया है। भाजपा ने प्रवर्तन निदेशालय के बड़े खुलासे के बाद भूपेश बघेल को घेरा है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने तो खुला आरोप लगाया है कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में हवाला ऑपरेटर के पैसे का प्रयोग कर रही है। ईरानी ने कहा है कि भूपेश बघेल के खिलाफ कुछ चौंका देने वाले तथ्य देश के सामने आए हैं। असीम दास से 5.30 करोड़ रुपये से ज्यादा बरामद हुए हैं। ईरानी ने इस पर सवाल पूछे हैं कि क्या यह सत्य नहीं है कि दो नवंबर को होटल ट्राइडेंट में असीम दास से पैसा बरामद हुआ? क्या ये सत्य नहीं है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नेताओं को शुभम सोनी के माध्यम से असीम दास पैसा पहुंचाते थे? क्या ये सत्य नहीं है कि शुभम सोनी को एक वॉयस मैसेज के माध्यम से आदेश दिया गया कि वह रायपुर जाए और बघेल को चुनाव खर्च के लिए पैसा दे? क्या यह सत्य नहीं है कि अलग-अलग बैंक खातों से 15.50 करोड़ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत फ्रीज किया गया? क्या यह सत्य है कि असीम दास को दुबई भेजा गया था? केंद्रीयमंत्री ने कहा है कि असीम दास ने कुबूल किया है कि यह पैसा महादेव ऐप के तहत अवैध सट्टेबाजी का है। साथ ही शुभम सोनी महादेव के शीर्ष प्रबंधन का हिस्सा है। इसी शुभम ने स्वीकार किया है कि महादेव ऐप के प्रमोटर्स ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 538 करोड़ रुपये रिश्वत दी। इस खेल में चंद्रभूषण वर्मा नामक अधिकारी की भूमिका भी सामने आई है। कहते हैं तिजोरियों को चाहे जितने धीरे से खोलो, थोड़ी-बहुत आवाज तो आती ही है। यहां यह भी सनद होना चाहिए कि महादेव सट्टा ऐप की हल्की आवाज से उभरी गोलमाल की पूरी एबीसीडी प्रवर्तन निदेशालय ने पढ़ ली है। निदेशालय ने इस ऐप से संबद्ध 14 आरोपितों के खिलाफ 9084 पेज की चार्जशीट इसी साल 21 अक्टूबर को अदालत में पेश की है। अदालत में इसी माह 25 नवंबर को इस पर सुनवाई होनी है। इसमें कहा गया है कि यह गोलमाल करीब छह हजार करोड़ रुपये का है। प्रारंभिक चरण में 41 करोड़ की संपत्ति अटैच की गई है। चार्जशीट में इस ऐप के संचालक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल मुख्य आरोपित हैं। इन समेत 14 आरोपितों के खिलाफ चालान पेश किया गया है। 9084 पन्ने की चार्जशीट में आपराधिक परिवाद 197 पन्नों का है। बाकी 8887 पेज में अभिलेख हैं। आपराधिक परिवाद में सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल, चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, अनिल धमानी, सुनील धमानी, विशाल आहूजा, धीरज आहूजा, पूनाराम वर्मा, शिव कुमार वर्मा, यशोदा वर्मा और पवन नत्थानी का नाम बतौर आरोपित शामिल है। इनमें चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, अनिल धमानी और सुनील धमानी इसी केस में न्यायिक हिरासत में केंद्रीय जेल में बंद हैं। इस खेल को और ज्यादा समझने के लिए अब इस कहानी के कुछ पीछे चलते हैं। दरअसल प्रवर्तन निदेशालय ने इस ऐप के संदर्भ में अभिनेता रणबीर कपूर को समन भेजकर तलब किया था। तब यह ऐप अचानक सुर्खियों में आया। इस पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इस प्रकरण में रणबीर के अलावा श्रद्धा कपूर, हिना खान, कपिल शर्मा और हुमा कुरैशी को भी समन किया गया। इससे पहले सौरभ चंद्राकर अपनी शादी को लेकर चर्चा में आया था। दुबई में आयोजित इस शादी में चंद्राकर ने पानी की तरह पैसा बहाया। फिल्मी दुनिया के कई सितारे इसमें शामिल हुए। इस शादी में लगभग 200 करोड़ रुपये का खर्च आया। इसी शादी का एक वीडियो प्रवर्तन निदेशालय के हाथ लगा। इसमें यह सितारे भी नजर आए। जांच आगे बढ़ी तो संकेत मिला कि इस खेल में अंडरवर्ल्ड का भी पैसा लगा हो सकता है। जांच में तस्वीर और साफ हुई। पता चला कि काले धन के कुबेर के रूप में कुख्यात सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल का नेटवर्क न सिर्फ भारत बल्कि यूएई, श्रीलंका, नेपाल और पाकिस्तान में फैला हुआ है। फिलहाल प्रवर्तन निदेशालय को दोनों की तलाश है। इनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट और लुकआउट सर्कुलर जारी हो चुके हैं। अधिकारियों का दावा है कि दोनों ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए भारत में लगभग 4,000 पैनल ऑपरेटरों का नेटवर्क स्थापित किया है। प्रत्येक पैनल ऑपरेटर के पास 200 ग्राहक होते हैं। यह दांव लगाते हैं। इसके जरिए चंद्राकर और उप्पल ने रोजाना कम से कम 200 करोड़ रुपये कमाए। कहते हैं कि चंद्राकर ने अपनी शादी में परिवार को भिलाई और नागपुर से दुबई तक ले जाने के लिए एक निजी जेट किराये पर लिया। शादी के लिए वेडिंग प्लानर, डांसर, डेकोरेटर को मुंबई से बुलाया गया। इनको भुगतान नकद किया गया। योगेश पोपट की मेसर्स आर-1 इवेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को हवाला के जरिये 112 करोड़ रुपये पहुंचाए गए। 42 करोड़ रुपये होटल की बुकिंग के लिए कैश पेमेंट किया गया।


# अनकहे किस्से : वहीदा रहमान और गुरुदत्त की 'वो' मुलाकात

ANALYSIS

अजय कुमार शर्मा

गुरुदत्त कार से हैदराबाद पहुंचने के लिए तैयार हो गए। कार में उनके साथ अबरार अल्वी और गुरु स्वामी भी थे। असल में उन्होंने पूरी रात यात्रा करके सुबह हैदराबाद पहुंचना तय किया था लेकिन हैदराबाद पहुंचते ही एक हादसा हो गया। ड्राइवर पूरी रात गाड़ी चलाने के कारण थका हुआ था जिस कारण कार अचानक एक भैंस से टकरा गई। किसी को चोट तो नहीं आई लेकिन कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई। कार के मैकेनिक ने बताया कि इस गाड़ी को ठीक होने में कम से कम तीन दिन लगेंगे यानी जो यात्रा एक दिन फिल्म देखने के लिए तय की गई थी वह तीन दिन में पहुंच गई। गुरुदत्त ने जब यह फिल्म देखी जिसका नाम मिसियम्मा था तो वह उनको पसंद नहीं आई। उन्हें लगा कि यह पूरी यात्रा तो बर्बाद गई और उन्हें कुछ प्राप्त नहीं हुआ। अब उनके पास दो दिन थे और एक चिंता कि इनको कैसे बिताया जाए। समय बिताने के लिए वह अपने एक फिल्म वितरक के ऑफिस जा पहुंचे। तभी उन्हें बाहर शोरगुल सुनाई दिया। गुरुदत्त ने बाहर देखा की बहुत सारे युवाओं ने एक चलती हुई कार को रोक लिया है। दरअसल उस कार में वह लड़की थी जिसने फिल्म रोजुलु मरई में केवल एक नृत्य किया था लेकिन वह इतना लोकप्रिय हुआ था कि हजारों युवा उस लड़की के दीवाने बन चुके थे। वह फिल्म के 100 दिन पूरे होने पर हो रहे एक कार्यक्रम में शामिल होने यहां आई थी। लड़की का नाम सुनकर गुरुदत्त थोड़ा चकित हुए और बोले यह तो मुस्लिम नाम है। क्या यह उर्दू बोल लेती है। तब वितरक ने कहा कि मुझे नहीं पता लेकिन अगर आप चाहें तो मैं उनके साथ आपकी एक मीटिंग फिक्स कर सकता हूं। वहीदा रहमान बचपन से भरतनाट्यम सीखती थीं और पिता के अचानक देहांत होने के बाद स्टेज शो करने लगी थीं।

वहीदा रहमान को हाल ही में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया है। वह गुरुदत्त की खोज थीं। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'सीआईडी' थी। इसका निर्माण गुरुदत्त ने किया था। गुरुदत्त का वहीदा रहमान से मिलना एक संयोग था, लेकिन यह उनकी पारखी नजरों का ही कमाल था जिसने वहीदा रहमान में एक संवेदनशील अभिनेत्री को पहचाना और तराशा भी। गुरुदत्त की वहीदा से पहली मुलाकात अचानक हैदराबाद में हुई थी। हुआ यह था कि गुरुदत्त के एक सहयोगी ने उन्हें एक हिट तेलुगु फिल्म के बारे में बताया था। उसका सुझाव था कि अगर इस फिल्म को हिंदी में भी बनाया जाए तो यह गुरुदत्त प्रोडक्शन के लिए भी अच्छा रहेगा। उन्होंने गुरुदत्त को यह फिल्म हैदराबाद आकर देखने के लिए कहा क्योंकि तब यह फिल्म वहां लगातार हाउसफुल चल रही थी। गुरुदत्त कार से हैदराबाद पहुंचने के लिए तैयार हो गए। कार में उनके साथ अबरार अल्वी और गुरु स्वामी भी थे। असल में उन्होंने पूरी रात यात्रा करके सुबह हैदराबाद पहुंचना तय किया था लेकिन हैदराबाद पहुंचते ही एक हादसा हो गया। ड्राइवर पूरी रात गाड़ी चलाने के कारण थका हुआ था जिस कारण कार अचानक एक भैंस से टकरा गई। किसी को चोट तो नहीं आई लेकिन कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई। कार के मैकेनिक ने बताया कि इस गाड़ी को ठीक होने में कम से कम तीन दिन लगेंगे यानी जो यात्रा एक दिन फिल्म देखने के लिए तय की गई थी वह तीन दिन में पहुंच गई। गुरुदत्त ने जब यह फिल्म देखी जिसका नाम मिसियम्मा था तो वह उनको पसंद नहीं आई। उन्हें लगा कि यह पूरी यात्रा तो बर्बाद गई और उन्हें कुछ प्राप्त नहीं हुआ। अब उनके पास दो दिन थे और एक चिंता कि इनको कैसे बिताया जाए। समय बिताने के लिए वह अपने एक फिल्म वितरक के ऑफिस जा पहुंचे। तभी उन्हें बाहर शोरगुल सुनाई दिया। गुरुदत्त ने बाहर देखा की बहुत सारे युवाओं ने एक चलती हुई कार को रोक लिया है। दरअसल उस कार में वह लड़की थी जिसने फिल्म रोजुलु मरई में केवल एक नृत्य किया था लेकिन वह इतना लोकप्रिय हुआ था कि हजारों युवा उस लड़की के दीवाने बन चुके थे। वह फिल्म के 100 दिन पूरे होने पर हो रहे एक कार्यक्रम में शामिल होने यहां आई थी। लड़की का नाम सुनकर गुरुदत्त थोड़ा चकित हुए और बोले यह तो मुस्लिम नाम है। क्या यह उर्दू बोल लेती है। तब वितरक ने कहा कि मुझे नहीं पता लेकिन अगर आप चाहें तो मैं उनके साथ आपकी एक मीटिंग फिक्स कर सकता हूं। वहीदा रहमान बचपन से भरतनाट्यम सीखती थीं और पिता के अचानक देहांत होने के बाद स्टेज शो करने लगी थीं। तभी उनके पिता के एक करीबी मित्र फिल्म निमार्ता रामकृष्ण प्रसाद ने अपनी तेलुगु फिल्म रोजुलु मरई में वहीदा को एक नृत्य गीत की पेशकश की थी जो उन्होंने स्वीकार किया था। इन दोनों की पहली मुलाकात कोई बहुत चकित कर देने वाली नहीं थी। क्योंकि वहीदा रहमान बहुत सादा कपड़ों में आई थीं और उन्होंने गुरुदत्त से बहुत ज्यादा बात भी नहीं की थी। उन्होंने ज्यादातर सवालों के जवाब हां या नहीं में दिए थे। इस बारे में वहीदा रहमान ने लिखा है कि जब मैं उनसे 1955 में पहली बार मिली तब तक तो गुरुदत्त ने उनकी फिल्म का डांस नंबर भी नहीं देखा था। मैंने उस मीटिंग को बहुत ज्यादा अहमियत नहीं दी और उसके बारे में भूल भी गई थी। तीन महीने बाद गुरुदत्त ने अपने एक मित्र मनुभाई पटेल को उन्हें यह बताने के लिए भेजा कि उन्हें स्क्रीन टेस्ट के लिए बंबई जाना है। इस बारे में उन्होंने लिखा है कि मैं बहुत प्रसन्न थी, क्योंकि मैं हमेशा चाहती थी कि हिंदी फिल्मों में काम करूं। मैं जून 1955 में गुरुदत्त से उनके फेमस सिने बिल्डिंग के ऑफिस में मिली। उन्होंने मेरा स्क्रीन टेस्ट लिया और कहा, 'आपसे तीन साल का कॉन्ट्रैक्ट होगा 1200 रुपये प्रतिमाह का।' सीआईडी पहली फिल्म थी। इसे राज खोसला के निर्देशन में बनाया जा रहा था। पहले ही दिन अच्छी खासी तकरार हुई। राज खोसला ने उनका नाम बदलकर उनसे छोटा नाम रखने को कहा जिसे उन्होंने मानने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं उन्होंने अपनी मां द्वारा साइन करने से पहले कॉन्ट्रैक्ट में कोई बलगर ड्रेस न पहनने को लेकर भी एक पॉइंट कॉन्ट्रैक्ट में जुड़वाया। राज खोसला को एक नई अभिनेत्री की यह शर्त बहुत बुरी लगी लेकिन इस छोटी उम्र में वहीदा की यह खुद्दारी गुरुदत्त को पसंद आई। जब 'सीआईडी' आधी समाप्त हुई तब उन्हें 'प्यासा' फिल्म के लिए फाइनल किया गया और उसकी शूटिंग शुरू हुई। सीआईडी में उन्हें एक छोटा साइड रोल देकर ब्रेक दिया गया था लेकिन उन पर फिल्माया गया गाना-कहीं पर निगाहें कहीं पर निशाना... बहुत लोकप्रिय हुआ। 'प्यासा' का एक दृश्य है, जहां गुलाब (वहीदा रहमान) नायक विजय (गुरुदत्त) के प्रति पहली बार आसक्त होती है। इसे एक गाने, 'आज सजन मोहे अंग लगा लो...' से प्रदर्शित किया गया है। हीरो एक छत पर खड़ा है और गुलाब उसके पास जाना चाहती है लेकिन वह डरी हुई है। अपने एक संस्मरण में वहीदा ने लिखा है कि वह इस दृश्य में सही भाव नहीं ला पा रही थीं। गुरुदत्त ने उन्हें समझाने की काफी कोशिश की। इसमें कोई संवाद नहीं था केवल भाव से दिखाना था। भाव न आने पर उन्होंने उनको समझाते हुए कहा कि आप सबसे ज्यादा किसे प्यार करती हैं जब उन्होंने बताया कि पिता, तो उन्होंने कहा कल्पना करिए कि अब पिता आपके जीवन में नहीं है लेकिन आप उनसे प्यार करती हैं पर क्योंकि अब वह नहीं हैं तो उनसे मिलने में आपको जो संकोच होगा वही संकोच मुझे चाहिए। मैंने वैसा ही सोचा और सच में यह दृश्य फिल्म के सबसे यादगार दृश्यों में से एक बना।




**(लेखक, वरिष्ठ कला-संस्कृति समीक्षक हैं।)**

# हवा में घुलता जहर-सांसों पर कहर

दीवाली से कई दिन पहले ही दिल्ली-एनसीआर की हवा में जहर घुल चुका है। वायु प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ रहा है कि दमघोंटू हवा में लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है। वैसे तो वर्तमान में मुंबई में भी वायु गुणवत्ता 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज की गई है और वहां बीएमसी द्वारा बिगड़ते वायु प्रदूषण को रोकने के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं लेकिन देश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तो वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में है। दिल्ली हो या नोएडा अथवा आसपास के अन्य इलाके, एक्यूआई 300 के ऊपर जा चुका है तथा माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह 400 के पार पहुंच जाएगा, तब लोगों को सांस लेने में काफी तकलीफ महसूस होने लगेगी। वैसे अभी से सांस संबंधी परेशानियों के साथ बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचने लगे हैं। 'सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फॉरकास्टिंग एंड रिसर्च' (सफर) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गई है। सफर की स्थापना भारत में महानगरों के प्रदूषण स्तर और वायु गुणवत्ता को मापने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की पहल के तहत 2010 में की गई थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता बहुत खराब रहेगी, जिसका कारण तापमान में कमी और पराली जलाने से होने वाला उत्सर्जन है। केंद्र सरकार के डिसीजन सपोर्ट सिस्टम फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (डीएसएस) ने पराली जलाए जाने की गतिविधियों में वृद्धि की आशंका जताई है, जिससे अगले कुछ दिनों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब होने की आशंका है। चिंता का विषय यह है कि हर साल दिल्ली सहित हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश इत्यादि राज्यों में इस सीजन में खेतों में बड़े स्तर पर पराली जलाई जाती है, जिसके चलते प्रदूषण का यही आलम देखने को मिलता है। यह बेहद चिंता की बात है कि किसानों से खेतों में पराली नहीं जलाए जाने के निरंतर अनुरोधों के बाद भी इस बार दशहरे के मौके पर तो जैसे किसानों में पराली फूंकने की होड़ सी लगी दिखी। खेतों में जलती पराली, विकास के नाम पर अनियोजित तथा अनियंत्रित निर्माण कार्यों के चलते बिगड़ते हालात, वाहनों और औद्योगिक इकाइयों के कारण अत्यधिक प्रदूषित हो रहे वातावरण के भयावह खतरों को हम इसी प्रकार साल-दर-साल झेलने को विवश हैं। हालांकि पर्यावरण तथा प्रदूषण नियंत्रण के मामले में देश में पहले से ही कई कानून लागू हैं लेकिन उनकी पालना कराने के मामले में पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण विभाग में सदैव उदासीनता का माहौल देखा जाता रहा है। देश की राजधानी दिल्ली तो वक्त-बेवक्त 'स्मॉग' से लोगों का हाल बेहाल करती रही है। न केवल दिल्ली-एनसीआर में बल्कि देशभर में वायु, जल तथा ध्वनि प्रदूषण का खतरा निरन्तर मंडरा रहा है। वायु, जल तथा अन्य प्रदूषण के कारण अब हर साल देशभर में लाखों लोग जान गंवाते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक मानव निर्मित वायु प्रदूषण के ही कारण प्रतिवर्ष करीब पांच लाख लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं। अब देश का शायद ही कोई ऐसा शहर हो, जहां लोग धूल, धुआं, कचरा और शोर के चलते बीमार न हो रहे हों। पयार्वरण तथा मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत डेविड आर. बॉयड का कहना है कि विश्वभर में इस समय छह अरब से भी ज्यादा लोग इतनी प्रदूषित हवा में सांस ले रहे हैं, जिसने उनके जीवन, स्वास्थ्य और बेहतरी को खतरे में डाल दिया है और सर्वाधिक चिंता की बात यह है कि इसमें करीब एक-तिहाई संख्या बच्चों की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वायु प्रदूषण के चलते दुनियाभर में प्रतिवर्ष करीब 70 लाख लोगों की असामयिक मृत्यु हो जाती है, जिनमें करीब छह लाख बच्चे भी शामिल होते हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक वातावरण में बढ़ रहा वायु प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य के लिए काफी समस्यादायक स्थिति पैदा कर सकता है, जिससे रेसपिरेटरी, न्यूरोबिहेवियरल, कार्डियोवैस्कुलर तथा इम्यून सिस्टम से संबंधित बीमारियां हो सकती हैं। बहुचर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में बताया गया है कि वायु प्रदूषण न केवल फेफड़ों को बल्कि स्वास्थ्य को तमाम अन्य तरीकों से भी प्रभावित करता है। हवा की खराब गुणवत्ता के कारण अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, और बैक्टीरियल संक्रमण के खतरे बढ़ सकते हैं। वायु की खराब गुणवत्ता व्यक्ति में ऑटिज्म, तनाव और स्ट्रोक जैसे तमाम न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर सहित अन्य बीमारियों को भी बढ़ावा देती हैं। वायु प्रदूषण के कारण हवा में कई प्रकार की हानिकारक गैसें सम्मिलित हो जाती हैं, जिनसे सिरदर्द, खांसी, जुकाम और एलर्जी जैसी आम समस्याएं भी देखने को मिलती हैं। शिकागो विश्वविद्यालय के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट शिकागो (ईपीआईसी) के निदेशक और अर्थशास्त्र के प्रोफेसर माइकल ग्रीनस्टोन तथा उनकी टीम द्वारा किए गए एक अध्ययन के बाद कुछ समय पहले कहा जा चुका है कि भारत की कुल आबादी का बड़ा हिस्सा ऐसी जगहों पर रहता है, जहां पार्टिकुलेट प्रदूषण का औसत स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से ज्यादा है। देश में करीब 84 फीसदी व्यक्ति ऐसी स्थानों पर रहते हैं, जहां प्रदूषण का स्तर भारत द्वारा तय मानकों से अधिक है और भारत की एक चौथाई आबादी बेहद प्रदूषित वायु में जीने को मजबूर है। चूंकि वायु प्रदूषण का प्रभाव मानव शरीर पर इतना घातक होता है कि सिर के बालों से लेकर पैरों के नाखून तक इसकी जद में होते हैं, इसीलिए शिकागो विश्वविद्यालय के माइकल ग्रीनस्टोन कहते हैं कि वायु प्रदूषण पर अब गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है ताकि करोड़ों-अरबों लोगों को अधिक समय तक स्वस्थ जीवन जीने का हक मिल सके।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**




झारखंड में आदिवासियों के अस्तित्व को समाप्त करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है ' बांग्लादेशी घुसपैठिए विशेषकर संथाल क्षेत्र की आदिवासी महिलाओं से शादी कर जमीनों को हड़प रहे हैं। दशकों से आदिवासी जमीन की लूटपाट में लगे मुख्यमंत्री और उनके राजनीतिक सगे संबंधियों का लूट मॉडल इन घुसपैठियों ने भी अपना लिया है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



प्रख्यात गीतकार, संगीतकार, गायक और असम के लोकसंगीत को जन-जन तक पहुँचानेवाले, दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित 'भारतरत्न' भूपेन हजारिका जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि।

**(सीएम योगी आदित्यनाथ के ट्विटर अकाउंट से)**



राज्य के सभी वर्गों को हक-अधिकार देने का काम कर रही है आपकी यह झारखण्डी सरकार। राज्य सरकार ने पिछली कैबिनेट बैठक में झारखण्ड जगुआर में कार्यरत पुलिसकर्मियों को दिये जाने वाले विशेष भत्ता को पुनरीक्षित करने का निर्णय लिया था, आज उसी को लेकर आवास में झारखण्ड जगुआर कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात हुई। आप सभी का यही स्नेह मेरी ताकत है। सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

**(मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**

# नये भारत के विकास की नई इबारत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूरदर्शी नीतियों, समर्पण और टीम भावना के साथ देश के लोकतंत्र को एक नई दिशा दी है। भारत आत्मनिर्भर, स्वावलंबी, और विकसित बनने की दिशा में अग्रसर है। मोदी सरकार का प्रत्येक निर्णय लोक कल्याण और राष्ट्रीय हित के अनुरूप है। दशकों से लंबित फैसलों को लागू किया। लंबित परियोजनाओं को पूरा किया गया। कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी। मगर भारत की अर्थव्यवस्था अब भी विकास की राह पर है। बीस लाख करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर भारत पैकेज के सहारे भारत की विकास यात्रा को नई गति मिली है। देश आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ा है। इस विकास यात्रा की झलक देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने काशी दीनदयाल हस्तकला संकुल ट्रेड सेंटर में इक्यावनवें राष्ट्रीय कंपनी सचिव सम्मेलन के संबोधन में दिखी। उन्होंने विकास की दिशा में बढ़ रहे भारत के अनेक तथ्यों का उल्लेख किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने काशी का कायाकल्प कर दिया है। उनके इस कथन को नौ वर्ष में हुए काशी के विकास से महसूस किया जा सकता है। श्री काशी विश्वनाथधाम का भव्य निर्माण तो ऐतिहासिक है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मन्दिर का निर्माण चल रहा है। दुनिया बाईस जनवरी की प्रतीक्षा कर रही है, जब उसका भव्य उद्घाटन होगा। उपराष्ट्रपति ने जम्मू-कश्मीर में हुए संवैधानिक सुधारों और इसके लिए हुए संविधान संशोधन का भी उल्लेख किया। साथ ही अर्थव्यवस्था में प्रगति की चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस दशक के अंत तक भारत, जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा। उन्होंने सवाल उठाया कि राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए कहा था कि सरकारी योजनाओं के एक रुपये में से केवल पन्द्रह पैसा ही गरीबों तक पहुंचता है। लेकिन वे बस कहकर ही रह गए, समाधान की दिशा में कुछ नहीं किया। समाधान मोदी ने किया है। आज सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ सीधे लोगों के खातों में पहुंच रहा है। इस तरह के अनेक बदलावों की कहानी मोदी सरकार के नौ सालों के कार्यकाल में लिखी गई है। विकास की कहानियां तो और भी हैं। भारत का डिजिटली लेनदेन ऐतिहासिक है। उसने दुनिया को नई दिशा दिखाई है। रिकॉर्ड सैटेलाइट्स का प्रक्षेपण अंतरिक्ष में बढ़ती शक्ति का शानदार उदाहरण है। शांति और सौहार्द का संदेश दुनिया को मुरीद बना रहा है। भारत ने दुनिया की सबसे ज्यादा सुधारात्मक कर प्रणाली जीएसटी लागू की है। उसका अभूतपूर्व फायदा आज देश देख रहा है। प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के कारण यह अमृतकाल अब गौरव काल बन चुका है। भारत के लिए दुनिया में सबसे ज्यादा सम्मान इन्हीं नौ साल में देखा गया है। इस मौके पर राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने उत्तर प्रदेश सरकार की विकास यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश 714 सरकारी सेवाएं ऑनलाइन प्रदान कर रहा है। नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विस डिलीवरी असेसमेंट इंडेक्स के अनुसार उत्तर प्रदेश 85 प्रतिशत से अधिक के अनुपालन के साथ बड़े राज्यों के बीच पोर्टल और सेवा पोर्टल के मूल्यांकन में दूसरे स्थान पर है। 'निवेश मित्र' नामक एकीकृत पोर्टल पर उत्तर प्रदेश की एक अनुकरणीय पहल को भी शामिल किया गया है। 96 लाख से अधिक एमएसएमई वाले सभी राज्यों में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। उत्तर प्रदेश ने वाणिज्य और उद्योग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। सामाजिक कल्याण तथा विकास और न्यायपालिका एवं सार्वजनिक सुरक्षा में भी वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश में विकास के लिए और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए जो काम हुआ है, वह पूरा देश देख रहा है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैंक सखी और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं सशक्त और समृद्ध हो रही हैं। प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना में लाभार्थियों को कार्ड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कृषि, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी,स्टार्टअप, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, रक्षा उत्पादन आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है।

# प्रदूषण का अंधेरा

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के शहरों में प्रदूषण की खतरनाक धुंध का गाढ़ा होना न केवल दुखद, बल्कि गंभीर चिंता की बात है। दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शुक्रवार सुबह 11 बजे 475 पाया गया, जो पिछले साल से ज्यादा है और अब राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लोग आमतौर पर इस प्रदूषण को अपनी सांसों व आंखों में महसूस करने लगे हैं। वायु गुणवत्ता बहाल करने के लिए हरसंभव उपाय करने की जरूरत आ खड़ी हुई है। आने वाले दिनों में अगर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) खराब होती वायु गुणवत्ता के बीच प्रदूषण-रोधी उपायों को बढ़ाने के लिए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) के चरण चार को लागू रखे, तो ज्यादा बेहतर है। शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण की जो गंभीर स्थिति बनी है, उसे नजरंदाज नहीं किया जा सकता। यह पूरी जिम्मेदारी से काम करने का समय है। कहीं न कहीं सरकारों व सरकारी एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी है, जिसकी वजह से ऐसे प्रदूषण के हालात बार-बार या हर साल बनने लगे हैं। इतना तो कोई भी बता सकता है कि प्रदूषण के खिलाफ बातें तो खूब हुई हैं, लेकिन वाजिब कदम नहीं उठाए गए हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ऐसे अनेक इलाके हैं, जहां प्रदूषण से बोझिल हवा व धुंध की वजह से 500 मीटर के बाद की चीजें भी नहीं दिखाई पड़ रही हैं। जो लोग इसके जिम्मेदार हैं, वे मुंह चुराने में जुटे हैं। आम तौर पर रात के समय प्रदूषण बढ़ जा रहा है, तो इसमें पराली की भूमिका समझी जा सकती है। चूंकि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार और हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की गठबंधन सरकार है, इसलिए भी एक तरह की चुप्पी दिल्ली में दिख रही है। इस चुप्पी का उपचार पूरी विशेषता के साथ करना चाहिए। अनेक मौकों पर प्रदूषण की शिकायत सुप्रीम कोर्ट में भी पहुंची है और कुछ उपाय और पैमाने निर्धारित हुए हैं, मगर जमीन पर उन्हें आजमाने में कोताही बरती गई है। वास्तव में, प्रदूषण की समस्या को जलभराव की समस्या की तरह लिया जाने लगा है। जैसे शहर में जलभराव को 365 दिनों में से 15 दिन की समस्या माना जाने लगा है, वहीं प्रदूषण को महीने भर की समस्या मानकर चलने की परिपाटी बनने लगी है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# एसबीआई ने कर्मचारियों के वेतन और पेंशन में बढ़ोतरी के लिए 8,900 करोड़ रुपये अलग रखे

**मुंबई।**



एसबीआई के चेयरमैन दिनेश खारा ने शनिवार को कहा कि देश के सबसे बड़े बैंक के कर्मचारियों के वेतन और पेंशन में संभावित बढ़ोतरी ने दूसरी तिमाही के शुद्ध लाभ को प्रभावित किया है। बैंक दूसरी तिमाही में वेतन में 14 फीसदी बढ़ोतरी मानकर प्रावधान कर रहा है। खारा ने मुंबई में एसबीआई की दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बैंक नवंबर 2022 से प्रभावी संभावित वेतन संशोधन के लिए पैसा अलग रख रहा है और उसने अब तक इसके लिए 8,900 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। खारा ने कहा, ÷हमें जो एकमुश्त प्रावधान करना था, उसके कारण मुनाफा थोड़ा कम हो गया है। अन्यथा हमें उम्मीद है कि अगले वित्त वर्ष में विकास की गति 16 प्रतिशत से 17 प्रतिशत तक जारी रहेगी। घरेलू मांग मजबूत है, त्योहार से जुड़े खर्च के कारण इसे और बढ़ावा मिलेगा।÷ यह भी पढ़े -दूसरी तिमाही में एसबीआई को 14,330 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ एसबीआई ने चालू वित्तवर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए शनिवार को शुद्ध लाभ में 8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 14,330 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की। खुदरा ऋण में 16 प्रतिशत की वृद्धि कॉर्पोरेट ऋण वृद्धि से अधिक रही जो 7 प्रतिशत थी। हालांकि, खारा ने कहा कि कंपनियां धीरे-धीरे ऋण ले रही हैं और बैंक 4.77 लाख करोड़ रुपये के ऋण की पाइपलाइन पर मंजूरी और वितरण का इंतजार कर रहा है। खारा ने कहा, ÷बैंक के पास 3.20 लाख करोड़ रुपये का असुरक्षित ऋण है। हमारे लगभग 86 प्रतिशत असुरक्षित ऋण वेतनभोगी ग्राहकों को दिए गए हैं जो सुरक्षित सरकारी नौकरियों में काम कर रहे हैं और चिंता का कोई कारण नहीं है।÷ आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने हाल की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में बैंकों और एनबीएफसी की असुरक्षित ऋण में वृद्धि पर चिंता जताई थी। दास ने कहा, ÷बैंकों और एनबीएफसी को अपने आंतरिक निगरानी तंत्र को मजबूत करने, जोखिमों का बढ़ना टालने और उनके हित में उपयुक्त सुरक्षा उपाय करने की सलाह दी जाएगी।

# हुंडई, किआ ने 2 सालों में अमेरिका में बेचे 1 लाख से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहन







**सोल।**

दक्षिण कोरिया की प्रमुख कार निर्माता हुंडई मोटर और किआ ने पिछले दो सालों में संयुक्त राज्य अमेरिका में 100,000 से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहन बेचे हैं। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, खास तौर से ईवी के लिए डिजाइन किए गए इलेक्ट्रिक ग्लोबल मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म (ई-जीएमपी) का उपयोग करने वाली कुल 101,976 हुंडई और किआ कारें दिसंबर 2021 से अक्टूबर 2023 तक राज्य भर में बेची गईं।

दो कंपनियों ने आयोनिक 5 के बाद से किआ के ईवी6 और हुंडई के आयोनिक 5, आयोनिक 6 और जेनेसिस जीवी60 के चार ई-जीएमपी-आधारित मॉडल को अमेरिका में बिक्री के लिए रखा है, ई-जीएमपी पर विकसित पहला मॉडल दिसंबर 2021 में उत्तरी अमेरिकी में शुरू हुआ। इस अवधि के दौरान, इलेक्ट्रिक कॉम्पैक्ट क्रॉसओवर एसयूवी आयोनिक 5 कुल 51,420 इकाइयों की बिक्री के साथ सबसे ज्यादा बिकने वाला मॉडल था, इसके बाद ईवी6 की 36,838, आयोनिक 6 की 9,557 और जेनेसिस जीवी60 की 4,161 इकाइयां रहीं।

# वियासैट 800 कर्मचारियों की करेगा छंटनी




**सैन फ्रांसिस्को।**

वैश्विक संचार कंपनी वियासैट 800 कर्मचारियों की छंटनी कर रही है, जो उसके कार्यबल का लगभग 10 प्रतिशत है। सैटेलाइट टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, यह छंटनी तब हुई, जब कंपनी अधिग्रहण के बाद इनमारसैट व्यवसाय को एकीकृत कर रही है। वियासैट ने मई में इनमारसैट अधिग्रहण बंद कर दिया। छंटनी के बाद, वियासैट का परिचालन अभी भी वैश्विक रहेगा और इसके अधिकांश कर्मचारी अमेरिका और ब्रिटेन में स्थित रहेंगे।

वियासैट के अध्यक्ष गुरु गौरप्पन ने कहा, हम जिन बदलावों की घोषणा कर रहे हैं, वे हमारे सबसे बड़े विकास अवसरों की ओर हमारे खर्च को केंद्रित करने और मार्जिन और लाभप्रदता का विस्तार करते हुए दीर्घकालिक सफलता के लिए वियासैट की स्थिति पर ध्यान केंद्रित करने के हमारे लक्ष्यों के अनुरूप हैं। गौरप्पन ने कहा,साथ ही, हमारे कार्यबल को कम करने का निर्णय बहुत कठिन है, और ऐसा कुछ नहीं जिसे हम हल्के में लेते हैं। हम अपने दिवंगत सहयोगियों के प्रति उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और योगदान के लिए आभार व्यक्त करना चाहते हैं, जो वियासैट की सफलता की कहानी का अभिन्न अंग रहे हैं। इस कटौती से वियासैट को 45 मिलियन डॉलर का खर्च आएगा, जो मुख्य रूप से वित्तीय वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में खर्च किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि इस कदम से वित्तीय वर्ष 2025 से शुरू होने वाले वार्षिक खर्च में 100 मिलियन डॉलर की बचत होगी। रिपोर्ट के अनुसार, इससे कंपनी को अपने वित्तीय वर्ष 2025 कैपेक्स लक्ष्य 1.4 बिलियन डॉलर से 1.5 बिलियन डॉलर तक पहुंचने में भी मदद मिलेगी। पिछले महीने, वियासैट ने पुष्टि की थी कि वह वियासैट-3 और इनमारसैट-6 एफ2 दोनों के लिए बीमा दावों को अंतिम रूप दे रहा है, जिसके पावर सबसिस्टम में एक विसंगति थी।

# पेट्रोल और डीजल की कीमत कुछ राज्यों में बदली

**नई दिल्ली ।**



कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरता रहने से रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिला है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने ईंधन के नए दाम जारी कर दिए हैं। भारत में हर सुबह 6 बजे ईंधन के दामों में संशोधन किया जाता है। जून 2017 से पहले कीमतों में संशोधन हर 15 दिन के बाद किया जाता था। छत्तीसगढ़ में पेट्रोल 0.50 पैसे सस्ता होकर 103.08 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। एमपी में पेट्रोल के दाम में 0.12 पैसे की वृद्धि हुई है। वहीं राजस्थान 0.45 पैसे महंगा हो गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.59 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# देश का 5जी स्मार्टफोन निर्यात तीसरी तिमाही में बढ़कर 57 प्रतिशत पर पहुंचा, सैमसंग सबसे आगे: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।**

एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 5जी स्मार्टफोन निर्यात में देश की हिस्सेदारी बढ़कर 57 फीसदी हो गई। पिछले साल की तीसरी तिमाही की तुलना में इसमें 78 फीसदी की वृद्धि हुई है।साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के अनुसार, सैमसंग ने 23 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ देश में 5जी स्मार्टफोन बाजार का नेतृत्व किया। इसके बाद 16 प्रतिशत के साथ वीवो का स्थान रहा। 2023 की तीसरी तिमाही में 11 अरब डॉलर मूल्य के 5जी स्मार्टफोन का निर्यात किया गया।सीएमआर की विश्‍ले लेषक शिप्रा सिन्हा ने कहा, 44 नए लॉन्च और 57 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ 5जी स्मार्टफोन सेगमेंट ने बाजार की वृद्धि को जारी रखा। फोल्डेबल स्मार्टफोन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो एक साल पहले की तुलना में दोगुनी हो गई। इसके अलावा, 4जी फीचर फोन में जबरदस्त वृद्धि हुई है, जो आकांक्षी भारत और शहरी भारत में सहायक उपकरणों की मांग से प्रेरित है।''

रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां भारत का स्मार्टफोन बाजार साल-दर-साल आधार पर स्थिर रहा, वहीं कुल मोबाइल बाजार में एक फीसदी की मामूली गिरावट देखी गई। वैल्यू-फॉर-मनी स्मार्टफोन सेगमेंट (सात हजार से 25 हजार रुपये) की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 69 फीसदी रही। इसके बावजूद इसके शिपमेंट में 11 फीसदी (साल-दर-साल) की कमी आई है।

किफायती स्मार्टफोन सेगमेंट (सात हजार रुपये से कम) में 78 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) के साथ पर्याप्त वृद्धि देखी गई।प्रीमियम सेगमेंट (25 हजार से 50 हजार रुपये) में 11 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) वृद्धि देखी गई। इसके अतिरिक्त, सुपर-प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट (50 हजार से एक लाख रुपये) और उबर प्रीमियम सेगमेंट (एक लाख रुपये से अधिक) में क्रमशः 87 प्रतिशत और 136 प्रतिशत की साल-दर-साल उत्कृष्ट वृद्धि दर देखी गई।

## ई-कॉमर्स कारोबार में 5-10 साल में जीवनशैली खंड की वृद्धि अहमः स्नैपडील सीईओ

**नई दिल्लीः** स्नैपडील का मानना है कि अगले 5-10 वर्षों में ई-कॉमर्स कारोबार की कहानी मूल्य प्रदान करने वाले जीवनशैली खंड की वृद्धि पर निर्भर करेगी। कंपनी इस अवसर का एक अच्छा हिस्सा हासिल करने की कोशिश कर रही है और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए गुणवत्ता जांच, कृत्रिम मेधा (एआई) तथा प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर दे रही है। स्नैपडील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिमांशु चक्रवर्ती ने बताया कि मूल्य प्रदान करने वाले ई-कॉमर्स खंड में कंपनी अच्छी स्थिति में हैं और उसने अभी वृद्धि के लिए फिर से निवेश करने का विकल्प चुना है। कंपनी के वित्तीय सूचक लाभप्रदता के काफी करीब हैं। चक्रवर्ती ने कहा कि स्नैपडील को सामान्य त्योहारी सत्र की उम्मीद है, जहां आम तौर पर अन्य महीनों की तुलना में मांग 25-30 प्रतिशत तक बढ़ती है। उन्होंने कहा, ''अनुमान के अनुसार भारत में बेहतर खुदरा जीवनशैली बाजार 88 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 175 अरब डालर तक बढ़ गया है। इसके साथ ही ई-कॉमर्स का हिस्सा आठ प्रतिशत से बढ़कर 22 प्रतिशत होने जा रहा है।




## एलएंडटी एलटीआईईएल में अपनी100 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी

**नई दिल्ली ।** एलएंडटी ने अपनी अनुषंगी कंपनी एलएंडटी इन्फ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग लिमिटेड (एलटीआईईएल) में पूरी हिस्सेदारी फ्रांस की एक कंपनी को बेचने की योजना बनाई है। कंपनी यह विनिवेश अपने मूल कारोबार और परिसंपत्तियों पर पूरा ध्यान लगाने की प्रतिबद्धता के कारण कर रही है। एलएंडटी ने कहा कि कंपनी एलएंडटी इन्फ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग लिमिटेड में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी। एलटीआईईएल बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए एकीकृत इंजीनियरिंग परामर्श सेवाएं प्रदाता है। हिस्सेदारी का अधिग्रहण फ्रांस की एससिस्टम एसए की सहायक कंपनी एसटीयूपी कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड करेगी। कुछ शर्तों के साथ यह समझौता अगले साल 15 जनवरी तक पूरा होने की संभावना है। एलएंडटी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि यह गैर-प्रमुख एकीकृत परामर्श इंजीनियरिंग क्षेत्र से निकलने और हमारे मुख्य व्यवसायों पर ऊर्जा और ध्यान केंद्रित करने की ओर एक कदम है। इससे न केवल एलएंडटी को फायदा होगा बल्कि एलटीआईईएल और उसके कर्मचारियों को विकास के बड़े अवसर भी मिलेंगे।

## डीजीसीए के मसौदे में रात के काम के घंटे घटाने और पायलटों के लिए आराम बढ़ाने का है प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** विमानन निगरानी संस्था, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अपने हाल ही में तैयार किए गए मसौदे पर 4 दिसंबर तक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं, जिसमें रात के काम के घंटों को कम करने और पायलट और चालक दल के सदस्यों के आराम को बढ़ाने का प्रस्ताव है। डीजीसीए का मसौदा पायलट थकान की शिकायतों की बढ़ती संख्या को संबोधित करने की आवश्यकता के जवाब में आया है। परिवर्तनों में अधिकतम उड़ान ड्यूटी की अवधि को 13 घंटे से घटाकर 10 घंटे करना और न्यूनतम साप्ताहिक आराम अवधि को 36 घंटे से बढ़ाकर 48 घंटे करना शामिल है। मसौदे में आगे कहा गया है, एक ऑपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि दो स्थानीय रातों सहित लगातार 48 घंटों का न्यूनतम साप्ताहिक आराम प्रदान किया जाए ताकि एक साप्ताहिक आराम अवधि के अंत और अगले की शुरुआत के बीच कभी भी 168 घंटे से अधिक न हो। . इसके अतिरिक्त, डीजीसीए का सुझाव है कि स्टैंडबाय अवधि 12 घंटे से अधिक नहीं बढ़नी चाहिए, और हवाई अड्डे पर अधिकतम स्टैंडबाय समय (शयन कक्ष के साथ या उसके बिना) 8 घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। इसके अलावा, डीजीसीए सिफारिश कर रहा है कि उड़ान चालक दल के सदस्यों को 168 घंटे की अवधि के भीतर एक बार को छोड़कर, लगातार दो रातों से अधिक, स्थानीय समयानुसार 0000 से 0600 बजे के बीच कोई उड़ान ड्यूटी नहीं सौंपी जानी चाहिए या नहीं ली जानी चाहिए। उड़ान चालक दल के सदस्यों के लिए जो अपने गृह आधार या अधिवास समय से 48 घंटे से कम दूर रहते हैं, उड़ान अनुसूची के पहले प्रस्थान के बिंदु पर स्थानीय समय के आधार पर लगातार दो रातें निर्धारित की जाती हैं। उन्होंने कहा, डीजीसीए विशिष्ट शहर जोड़े और इन उड़ानों की प्रस्थान खिड़कियों के लिए केस-दर-केस आधार पर अल्ट्रा-लॉन्ग उड़ानों के संचालन के लिए मंजूरी देगा। ड्राफ्ट में कहा गया है, ऑपरेटरों को अल्ट्रा-लॉन्ग-हॉल परिचालन के लिए सिटी पेयर स्पेसिफिक अनुमोदन प्राप्त करने के लिए डीजीसीए को एक विशिष्ट योजना प्रस्तुत करनी होगी। इसमें कहा गया है, यदि ऑपरेटर निर्देशात्मक नियमों का पालन करता है तो डीजीसीए चालक दल की सतर्कता के लिए इन उड़ानों को मान्य कर सकता है, लेकिन यह प्राथमिकता दी जाएगी कि चालक दल की सतर्कता की निरंतर निगरानी के लिए ऑपरेटर थकान जोखिम प्रबंधन प्रणाली अपनाए। विमानन प्राधिकरण का यह भी कहना है कि डीजीसीए जरूरत के मुताबिक रिकॉर्ड की प्रतियां और विश्‍ले लेषण प्रस्तुत करने का अनुरोध कर सकता है। ऑपरेटरों को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि उड़ान चालक दल के सदस्य अपने दैनिक उड़ान समय, ड्यूटी अवधि, उड़ान ड्यूटी अवधि और आराम अवधि का व्यक्तिगत रिकॉर्ड बनाए रखें।




## अमेरिकी कृषि मंत्रालय ने पहली बार सीआईआईई में प्रतिनिधिमंडल भेजा

**बीजिंग।** छठा चीन अंतर्राष्ट्रीय आयात एक्सपो (सीआईआईई) 5 नवंबर को चीन के शंघाई में शुरू हुआ। इस साल, अमेरिकी कृषि मंत्रालय ने इस आयोजन में भाग लेने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भेजा। चीन में अमेरिकी दूतावास और अमेरिकी सोयाबीन निर्यात संघ ने 2 नवंबर को इसकी पुष्टि की। जानकारी के अनुसार, सीआईआईई में अमेरिका के कैलिफोर्निया, इडाहो और जॉर्जिया के 17 प्रदर्शकों के साथ एक अमेरिकी खाद्य और कृषि प्रदर्शनी हॉल शामिल है। यह मुख्य रूप से कृषि उत्पादों और प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करता है। इसके अलावा, कृषि उत्पादों और अन्य क्षेत्रों के लिए खरीद और सहयोग हस्ताक्षर समारोह भी होंगे। अमेरिकी सोयाबीन निर्यात संघ के मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष जिम सटर ने हाल ही में सीआईआईई की प्रशंसा की। उनके मुताबिक, सीआईआईई एक सुव्यवस्थित और बड़े पैमाने पर होने वाला अंतर्राष्ट्रीय आयोजन है। सटर का मानना है कि सीआईआईई अमेरिकी कृषि उद्योग के प्रतिनिधियों को अपने चीनी ग्राहकों और अन्य प्रतिभागियों से मिलने और संवाद करने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है। बता दें कि अमेरिका के अलावा, थाईलैंड, सर्बिया और कजाकिस्तान जैसे देशों और क्षेत्रों ने भी इस वर्ष के सीआईआईई में भाग लेने के लिए बड़े प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं। इस आयोजन ने 154 देशों, क्षेत्रों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 3,400 से अधिक प्रदर्शकों को आकर्षित किया है, जो इसे अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन बनाता है।

# वैश्विक रुझान से तय होगी शेयर बाजारों की दिशा

### - कच्चे तेल के दाम और रुपए की चाल पर भी निवेशकों की नजर रहेगी

**मुंबई ।**




घरेलू कंपनियों के तिमाही परिणाम, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगी।

विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपए की चाल पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजे बाजार की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण रहेंगे। यदि विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुद्ध रूप से लिवाल रहते हैं, तो इससे बाजार की तेजी को और समर्थन मिल सकता है। हालांकि भू-राजनीतिक चिंताएं बनी हुई हैं, लेकिन उनका बाजार के कुल रुझान पर सीमित प्रभाव पड़ा है।

वैश्विक बाजारों का जुझारूपन इस सकारात्मक धारणा को कायम रखने की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा।

वृहद आर्थिक मोर्चे पर औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़ों की घोषणा शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद की जाएगी।

एक अन्य बाजार के विश्लेषक कहते हैं कि वैश्विक और घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक घटनाक्रम, एफआईआई के साथ घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) का रुख, कच्चे तेल का भंडार, डॉलर के मुकाबले रुपए की चाल, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल, इजराइल-हमास संघर्ष और दूसरी तिमाही के नतीजे इस सप्ताह बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में कुछ बड़ी कंपनियां मसलन एचपीसीएल, एनएचपीसी, आईआरसीटीसी, पावर ग्रिड, टाटा पावर, अशोक लेलैंड, कोल इंडिया, हिंडाल्को, एलआईसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा केमिकल्स अपनी तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। मजबूत वैश्विक संकेतक, स्थिर वृहद आर्थिक आंकड़े और घरेलू कंपनियों के बेहतर नतीजों से बाजार मजबूत हुआ है।

इसके अलावा फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में और बढ़ोतरी नहीं करने का संकेत तथा कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

# एयर इंडिया अगले छह महीने में 30 नए विमान लाएगी

**मुंबई ।**



टाटा समूह की तरफ से एयर इंडिया का टेकओवर करने के बाद एयरलाइन को लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। अब एयरलाइंस की अगले छह महीने में 30 से ज्यादा नए विमान लाने की योजना है। इसके अलावा एयरलाइन का 400 साप्ताहिक विमान जोड़ने की भी योजना है। देश से बाहर चार नई जगह के लिए एयरलाइन की तरफ से उड़ाने शुरू की जा सकती हैं। टाटा ग्रुप की एयरलाइन ने मौजूदा नेटवर्क और बेड़े के विस्तार पर काम कर रही है। एयरलाइन ने बताया कि इंटरनेशनल एक्सटेंशन उत्तरी अमेरिका, यूरोप और दक्षिण-पूर्ण एशिया में करने की योजना है। एयर इंडिया ने कहा कि विंटर प्रोग्राम के हिस्से के रूप में एयरलाइन का इरादा मार्च, 2024 तक अपने घरेलू और इंटरनेशनल नेटवर्क में 400 से ज्यादा साप्ताहिक उड़ान जोड़ने का है। विंटर प्रोग्राम 29 अक्टूबर से अगले साल 30 मार्च तक लागू रहेगा। अगले छह महीने में प्रस्तावित नए विमानों के आने के आधार पर एयर इंडिया का लक्ष्य कई घरेलू उड़ानों पर 200 से ज्यादा साप्ताहिक उड़ाने शुरू करने का भी है। इंटरनेशनल नेटवर्क पर कंपनी 200 से ज्यादा साप्ताहि उड़ानें फ्लाइट शुरू करेगी। इसमें 80 से ज्यादा साप्ताहिक उड़ानें पहले ही जोड़ी जा चुकी हैं। एयर इंडिया की तरफ से कहा गया कि मार्च 2024 तक एयर इंडिया के बेड़े में 30 से ज्यादा बड़े आकार वाले विमान शामिल करने की उम्मीद है। बेड़े में छह ए350, चार बी777 और 20 ए320 नियो शामिल हैं। एयर इंडिया ने इसी साल एयर बस और बोइंग को 470 नए विमानों का ऑर्डर दिया था।

## चीनी राष्ट्रपति ने सीआईआईई को बधाई संदेश भेजा

**बीजिंग,**

छठा चीन अंतर्राष्ट्रीय आयात एक्सपो (सीआईआईई) रविवार को पूर्वी चीन के शांगहाई शहर में शुरू हुआ। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सीआईआईई को बधाई संदेश भेजा। इस बधाई संदेश में, राष्ट्रपति शी ने कहा कि साल 2018 के बाद से इसे पांच बार सफलतापूर्वक आयोजित किया गया है। सीआईआईई चीन के बड़े बाजार का लाभ उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय खरीद, निवेश प्रोत्साहन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और खुले सहयोग के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। इसके सकारात्मक योगदान ने नए विकास पैटर्न की स्थापना को गति दी है और वैश्विक आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया है। राष्ट्रपति शी ने मौजूदा विश्व आर्थिक सुधार में गति की कमी पर जोर दिया। उन्होंने सभी देशों को सहयोग करने और साझा विकास करने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि चीन हमेशा वैश्विक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहेगा और अन्य देशों के लिए उच्च स्तरीय खुलेपन की पुरजोर वकालत करेगा। शी का कहना है कि चीन अधिक खुले, समावेशी, सार्वभौमिक रूप से लाभकारी, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभप्रद दिशा में आर्थिक वैश्वीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। आपको बता दें कि 'नया युग, साझा भविष्य' विषय पर सीआईआईई 10 नवंबर तक छह दिनों तक चलेगा।

## फिटनेस




# फिटनेस का राज?





रनबीर कपूर की एक बहन भी है, यह बात शायद मुट्ठीभर लोगों को ही पता होगी। उनका नाम है रिद्धिमा कपूर शाह, जो चमक-दमक से बहुत दूर एक सहज-सी ज़िंदगी जीने में विश्वास रखती हैं। वह बहुत सारा समय जिम, योग और कई तरह के वर्कआउट करने में बिताती हैं। रिद्धिमा पेशे से इंटीरियर और फैशन डिजाइनर हैं। रिद्धिमा की बात हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक्सरसाइज करती नजर आ रही हैं। वीडियो में उनके लुक को देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि रिद्धिमा फि टनेस फ्रीक हैं। उनका इंस्टाग्राम अकाउंट भी एक्सरसाइज की फोटोज से पटा पड़ा है। रिद्धिमा घर में ही एक्सरसाइज करती हैं और और उनकी इस लगन को देखकर हम तो यही कहेंगे कि अगर फि ट रहना चाहती हैं, तो बिना किसी बहाने के एक्सरसाइज करनी होगी। कोर वर्कआउट करती हुईं रिद्धिमा कपूर। रिद्धिमा ने हैशटैग स्ट्रॉन्ग इज द न्यू सेक्सी लिखा है, जो सही भी है। पद्मासन योग की एक मुद्रा है और रिद्धिमा कपूर हैंगिग पद्मासन कर रही हैं, जो इसका नया रूप है।

### हैंड स्टैंड वेरिएशन योग पोज़िशन में रिद्धिमा कपूर

**योग और पिलाटे के कॉम्बिनेशन से योगिलाटे बना है। रिद्धिमा कपूर की तरह अगर आप भी फ़्लैट बेली पाना चाहती हैं, तो आप भी योगिलाटे वर्कआउट आजमा सकती हैं।**




### बैलेंस बिठाती रिद्धिमा

**एक हाथ पर पूरी बॉडी को बैलेंस करना उतना भी मुशकि ल नहीं है। यह हमें रिद्धिमा कपूर के इस कोर वर्कआउट से सीखना चाहिए, बशर्ते लगन पूरी हो।**

## ब्यूटी

# विंटर ड्रायनेस से निपटने के लिए डीआईवाई फेस मास्क



सर्दी का मौसम बेहद करीब आ चुका है और इसे लेकर मैं बहुत ज़्यादा उत्साहित हूं। मेरा मतलब है कि इस मौसम से प्यार करने के लिए क्या कुछ नहीं होता है? यह स्वादिष्ट भोजन का मौसम है, जिनका आप खूब आनंद ले सकती हैं साथ ही आप कई लेयरिंग करके अपने फैशन गेम को कुछ पायदान ऊपर भी ले जा सकती हैं, है ना? हालांकि इस मौसम में सब कुछ अच्छा-अच्छा ही नहीं होता, इस समय एक चीज जो हर किसी को बहुत परेशान करती है वह है सूखी और परतदार त्वचा। मैं सही कह रही हूं ना? खैर आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि हमने इस मौसम के लिए एक डीआईवाई फेस पैक खोज लिया है। तो चलिए बिना समय गवांए हम आपको इसकी रेसिपी के बारे में बताते हैं।

आवश्यक सामग्रीः- आधा पका केला, 1 टेबलस्पून शहद, 1 टेबलस्पून बादाम का तेल

केले में कई ऐसे गुण होते हैं जो रूखी त्वचा से लड़ने में हमारी मदद करते है। यह बेहद मॉइस्चराइज़िंग होने के साथ ही ऐंटी-रिंकल्स और ऐंटी-एजिंग गुणों से भी भरपूर होता है। यह अतिरिक्त सीबम प्रॉडक्शन पर लगाम लगाने का काम करता है। साथ ही शहद भी त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होती है और यह रूखी और पपड़ीदार त्वचा से छुटाकरा पाने में मदद करती है। बादाम का तेल त्वचा के लिए सबसे पौष्टिक तेलों में से एक है और सर्दी के दिनों में डीआईवाई मास्क तैयार करने के लिए सबसे उपयुक्त तेल है।

### तरीका

**केले को एक बाउल में मैश करें। केले को अच्छी तरह से मैश करें, ताकि एक चिकना गाढ़ा पेस्ट बन सके। इस पेस्ट में एक टेबलस्पून शहद डालें और इसे अच्छी तरह मिलाएं। पेस्ट की कंसिस्टेंसी को ठीक रखने के लिए इस डीआईवाई फेस मास्क में बादाम की तेल डालें और अच्छी तरह से मिलाएं। अगर आपको लगता है कि पेस्ट अधिक गाढ़ा है तो बादाम तेल की कुछ और बूंदें डालकर मिलाएं। अब इस जादूई डीआईवाई फेस मास्क को चेहरे पर लगाएं और एक मुलायम एहसास के लिए तैयार हो जाएं।**








### इस्तेमाल का तरीका

**अपने चेहरे को ठीक से क्लेंज करें और फिर फेस मास्क अपने चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगाकर रखें और सूखने के बाद गुनगुने पानी से धो लें। यदि आप इस मास्क को सप्ताह में कम से कम दो बार नियमित रूप लगाती हैं तो आपको इससे अच्छे परिणाम मिलेंगे।**

# दिल्ली के पास वीकेंड बिताने के लिए मस्त हैं ये रोड ट्रिप





जब बात रोड ट्रिप पर जाने की होती है, तो हमें काफी एक्साइटमेंट होती है...खासकर दोस्तों और पार्टनर के साथ जाने की एक्साइटमेंट। दोस्तों से साथ रोड ट्रिप पर जाने की खुशी ज्यादा होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर हमारी फैमिली बड़ी है, जिसमें बच्चे भी हैं तो ऐसे में परेशानियां और ज्यादा बढ़ जाती है। इसलिए ज्यादातर लोग अपने दोस्तों के साथ रोड ट्रिप पर जाना पसंद करते हैं। इस समय वैसे भी रात के समय थोड़ा ठंडा मौसम होने लगा है, तो ऐसे में अपनी कार या बाइक से रोड़ ट्रिप के लिए निकल जाते हैं क्योंकि मौसम सुहावना होता है। तो आइए जानते हैं दिल्ली के पास वीकेंड बिताने के लिए कौन-सी जगहों पर रोड ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला भारत के फेमस टूरिस्ट स्पॉट्स में एक है। लाखों की संख्या हर रोज सैलानी इस हिल स्टेशन पर घूमने आते हैं। वो कहते हैं ना किसी जगह पर जब भी घूमने जाओ, वो वहां से कुछ न कुछ अपने साथ जरूर लेकर आना चाहिए। इससे एक याद बन जाती है, लेकिन ट्रिप को और यादगार बनाना चाहते हैं तो रोड ट्रिप प्लान कर सकते हैं। यहां के रास्ते न सिर्फ आपको खूबसूरत लगेंगे, बल्कि आप अपने पार्टनर या दोस्त के साथ खूबसूरत पल भी बिता सकते हैं। अगर आप लॉन्ग वीकेंड का प्लान बना रहे हैं, तो दिल्ली टू लेह रोड की ट्रिप पर निकला जा सकता है। जी हां, दिल्ली से मनाली और फिर मनाली से लेह तक की यह रोड ट्रिप बाइकर्स के बीच बेहद ही फेमस है। सुंदर परिदृश्य और रोमांच से भरपूर यह ट्रिप इंडिया की बेस्ट रोड ट्रिप्स में से भी एक है। दिल्ली से लेह की दूरी लगभग 1020 किलोमीटर है और इस बीच ठल्र 1 और ठल्र 21 से होकर गुजरना पड़ता है। दिल्ली टू लेह रोड ट्रिप में लगभग 25 घंटे का समय लग सकता है। दिल्ली से स्पीति घाटी भारत की सबसे फेमस और बेहतरीन रोड ट्रिप में से एक है। यह खतरों के साथ-साथ रोमांच से भी भरी हुई है, जहां हर साल लाखों बाइकर्स घूमने के लिए निकलते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दिल्ली से स्पीति घाटी के बीच की दूरी लगभग 730 किलोमीटर है। इस सफर के में बीच एक से एक बेहतरीन परिदृश्य देख सकते हैं। दिल्ली से आगरा और आगरा से जयपुर भारत की बेस्ट रोड ट्रिप में से एक है। ऐतिहासिक रूप से समृद्ध इन दोनों ही शहर में रोड ट्रिप के माध्यम से पहुंचना किसी रोमांचक गतिविधि से कम नहीं। इस ट्रिप में सिर्फ बाइक से ही नहीं बल्कि कार से भी जा सकते हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-7-9

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। मांगलिक कार्योंक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-3-4-6

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा
स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-6-9

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-8-9

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-3-5-7

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-3-4-8

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-4-6-9


**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-6-7-9

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-3-5-7


**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-2-4-6

## काकुरो पहेली - 2996




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 2995 का हल



## हंसी के फूव्वारें

विज्ञान की कक्षा में छात्रा को बहुत नींद आ रही थी. व्याख्यान के दौरान उसकी गर्दन बार-बार नीचे लटक जा रही थी.

प्राध्यापिका का ध्यान जब उसकी तरफ गया तो पूछ बैठी, 'मैं समझा रही हूँ और तम्हारी गर्दन बार-बार नीचे झुक जाती है, क्या कारण है ?'

छात्रा ने झट विज्ञान की भाषा में ही जवाब देते हुए कहा, 'जी, यह तो पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के कारण हो रहा है.'

□ □ □

'क्यों बच्चे, यह गेंद तुम्हारी है ?'
'अंकल, इससे कोई शीशा टूटा है ?'
'नहीं तो ?'
'फिर यह मेरी ही है.'

□ □ □

रसोई में घरवाली की सहायता करते हुए पति चिढ़कर बोले,'देखोजी, मुझसे तो ये रोटियां बेली नहीं जातीं. बेलने का अभ्यास जो नहीं है.'

'मुझसे विवाह करने के लिए तुमने कितने पापड़ बेले थे, भूल गये क्या ?'


□ □ □

एक अविवाहित डॉक्टर से बोला- जब मैं दोनों हाथ पर आगे झुककर हाथों को घुमाता हूँ तो दाहिने कंधे में दर्द होता है.

डॉक्टर- लेकिन आप ऐसा करते ही क्यों हैं ?

अविवाहित-कोट पहनने का कोई दूसरा उपाय आप जानते हों तो मुझे भी बताएँ.

## फिल्म वर्ग पहेली- 2996



**बायें से दायें:-**

१. संजीव कुमार, वहीदा रहमान की 'ऐ मेरी आँखों के पहले सपने' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'चलो एक बार फिर से अजनबी बन जायें' गीत वाली फिल्म-४
६. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
८. 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
१०. जीतेंद्र, आदित्य, संगीता की १९९३ की एक फिल्म-५
१३. ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१४. 'किसी को किसी' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता की फिल्म-३
१६. शाहरूख, पूजा भट्ट, रम्या की फिल्म-३
१९. विवाह से पूर्व टीना अंबानी का सरनेम क्या था-३
२१. अमोल, जरीना की 'दो दीवाने शहर में' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'सरकाय लेओ' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
२४. अनिल कपूर, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२६. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-२
२७. संजय दत्त, कुमार गौरव, पूनम की 'तेरे दिल की तू' गीतवाली फिल्म-२
२९. 'मैं लव तुम से' गीत वाली तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
३१. सुनील दत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला तेरी राह तके ब्रजबाला' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली राज बब्बर, राखी, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
३३. धर्मेंद्र, हेमा मालिनी की 'ओ ऐसी कोई बात' गीत वाली फिल्म-१

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीप कुमार, वैजयंती की फिल्म-४
२. 'मेरो गाम काथा पारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली फिल्म-२
४. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'रूठ कर हम उन्हें भूल जाने लगे' गीत वाली फिल्म-३
५. फिल्म 'आज का अर्जुन' में 'लक्ष्मी' की भूमिका किस अभिनेत्री ने की थी-३
७. राजेंद्र कुमार, माला सिन्हा की फिल्म-२
९. 'मेरे चेहरे पे' गीत वाली फिल्म-३
११. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१२. अमोल, राखी की 'जो राह चुनी तूने राही' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'कभी खुशियों की सरगम' गीत वाली अमिताभ, अरबाज, डिम्पल की फिल्म-४
१६. वी. शांताराम की प्रेमकुमार, मास्टर सुशांत, रंजना, गौरी कामथ अभिनीत फिल्म-२
१७. 'प्यार कर इकरार कर' गीत वाली बॉबी देओल, अक्षय, अमीषा की फिल्म-४
१८. अक्षय कमार, प्रीति जिंटा की फिल्म-३
१९. 'लल्ला लल्ला लोरी दूध की' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'गॉड मदर' में शीर्षक भूमिका किसने निभाई है-३
२३. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२५. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
२६. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो अक्सर याद आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेई, उर्मिला मातोंडकर अभिनीत रामगोपाल वर्मा की एक सस्पेंस फिल्म-३
३०. 'माई हार्ट इज बीटिंग गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 2995



## सूडोकु -2996

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2995 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## शब्द पहेली - 2996




**बाएँ से दाएँ**

1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**

1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्टीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

### शब्द पहेली -2995 का हल



# विश्वकप - बांग्लादेश और श्रीलंका में आज होगी टक्कर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यहां सोमवार को श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच मैच होना है। इस मैच को लेकर आशंकाएं भी लग गयी हैं क्योंकि वायु प्रदूषण बढ़ने से खिलाड़ियों के लिए खेलना आसान नहीं होगा। प्रदूषण अधिक होने के कारण ही टीम अभ्यास भी नहीं कर पायी हैं। मैच को लेकर अंतिम फैसला इसके शुरु होने के पहले ही अंपायर लेंगे।

बांग्लादेश की टीम नौवें स्थान पर होने के कारण पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर गयी है जबकि श्रीलंका की टीम सातवें स्थान पर है। आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक दोनो ही टीमों के बीच अभी तक जो 53 एकदिवसीय मैच खेले गए हैं उनमें से श्रीलंका ने 42 में जीत दर्ज की है जबकि 9 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश ने हालांकि विश्व कप से पहले अभ्यास मैच में श्रीलंका को हराया था और इस कारण उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा।

वहीं श्रीलंका की टीम भारत के हाथों पिछले मैच में 302 रन से मिली हार से उबरकर इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। भारत के खिलाफ लंकाई टम 55 रन ही बना पायी थी। ऐसे में उसके बल्लेबाजों का लक्ष्य इस मैच में बड़ा स्कोर बनाना रहेगा। टीम को अपने खिलाड़ियों की चोटों से भी नुकसान हुआ है।

श्रीलंका के तेज गेंदबाजों का प्रदर्शन भी खास नहीं रहा है। स्पिनर भी उम्मीद के




अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। दूसरी ओर बांग्लादेश की टीम का प्रदर्शन भी अभी तक अच्छा नहीं रहा है। टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी में संघर्ष करती दिखी है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**बांग्लादेश** - शाकिब अल हसन (कप्तान), लिट्टन दास (विकेटकीपर), तंजीद हसन तमीम, नजमुल हुसैन शंटो (उपकप्तान), तौहीद हृदोय, मुश्फिकुर रहीम (विकेटकीपर), महमुदुल्लाह रियाद, मेहदी हसन मिराज, नसुम अहमद, महेदी हसन, तस्कीन अहमद , मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद, शोरिफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब

**श्रीलंका** - कुसल मेंडिस (कप्तान और विकेटकीपर), कुसल परेरा, पथुम निसांका, दुशमंत चमीरा, दिमुथ करुणारत्ने, सदीरा समरविक्रमा, चैरिथ असलांका, धनंजय डी सिल्वा, महीश थीक्षाना, डुनिथ वेललागे, कसुन राजिथा, एंजेलो मैथ्यूज, दिलशान मदुशंका, दुशान हेमंथा, चमिका करुणारत्ने

# रूबलेव को हराकर पेरिस मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे जोकोविच



**पेरिस (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच रोलेक्स पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में आंद्रे रुबलेव पर 5-7, 7-6 (3), 7-5 से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में पहुंच गए है। शनिवार को यहां खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में टेनिस में एक नंबर रैकिंग वाले जोकोविच ने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए अपने करियर के रिकॉर्ड-विस्तारित 58वें मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंच गए है। वह अब रिकॉर्ड-विस्तारित 40वें मास्टर्स 1000 खिताब से एक जीत दूर हैं।

जोकोविच की इस वर्ष की यह 50वीं जीत है। वह एक ही वर्ष में 50 या अधिक मैच जीते का कारनामा 14 बार कर चुके है। वह ओपन में 14 अलग-अलग सत्र में 50 या अधिक मैच जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं और जिमी कॉनर्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जोकोविच ने वर्ष 2007 में (68), 2008 में (64), 2009 में (78), 2010 में (61), 2011 में (70), 2012 में (75), 2013 में (74), 2014 में (61), 2015 में (82), 2016 में (65), 2018 में (53), 2019 में (57) और 2021 (55) जीत दर्ज की थी। जोकोविच अब अपने सातवें रोलेक्स पेरिस मास्टर्स खिताब से एक जीत दूर हैं।

टूर्नामेंट के इतिहास में किसी अन्य खिलाड़ी ने इसे तीन से अधिक बार यह खिताब नहीं जीता है। जबकि जोकोविच छह बार रोलेक्स पेरिस मास्टर्स खिताब जीत चुके है। इसी के साथ उन्होंने मास्टर्स 1000 के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ जीत प्रतिशत के मामले में राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया है।

# विराट कोहली ने 35वें बर्थडे पर बराबर किया सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों का रिकॉर्ड



**कोलकाता (एजेंसी)।** विराट कोहली के 49वें शतक के साथ ही कई रिकार्ड बने।

भारतीय पारी में विराट कोहली ने 121 बॉल पर नाबाद 101 रनों की शतकीय पारी खेली। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के वनडे में सबसे ज्यादा शतक के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। कोहली बर्थडे पर वर्ल्ड कप सेंचुरी जमाने वाले भारत के पहले और दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बने। वैसे अपने जन्मदिन पर विनोद कांबली और सचिन तेंदुलकर भी शतक जमा चुके हैं। लेकिन उनके शतक विश्वकप में नहीं बने।

कोहली 49वें शतक पर सचिन तेंदुलकर ने कहा- वेल प्लेड विराट, मुझे 49 से 50वें शतक तक पहुंचने में 365 दिन लगे थे। उम्मीद करता हूं कि तुम 50 शतक कुछ ही दिनों में लगाओं और मेरा रिकॉर्ड तोड़ दो...बहुत बधाई। विराट कोहली सबसे तेज 49 वनडे शतक तक पहुंचने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 277वीं पारियों में यह अचीवमेंट हासिल की है। सचिन तेंदुलकर ने 451 पारियों में इतने शतक जमाए थे।

भारत ने लगातार दूसरी बार 300 पार का स्कोर बनाया, विराट का शतक टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने कोलकाता में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए भारत ने वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 327 रन का टारगेट दिया। विराट के शतक के अलावा, श्रेयस अय्यर और रोहित शर्मा ने शानदार पारियां खेलीं।

# वर्ल्ड कप में भारत की लगातार 8वीं जीत

## गेंदबाजों ने भी दिया विराट को जन्मदिन का तोहफा

### -दक्षिण अफ्रीका को 243 रन से हराया

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रविंद्र जडेजा के 5 तो शमी और कुलदीप यादव के 2-2 विकेटों की बदौलत भारतीय टीम ने कोलकाता के ईडन गार्डन पर विराट कोहली को उनके 35वें जन्मदिन पर 243 रन से बड़ी जीत का तोहफा दिया है। इससे पहले विराट ने भी अपने जन्मदिन पर शतक लगाया था लेकिन गेंदबाजों ने मजबूत नजर आ रही दक्षिण अफ्रीका की टीम को महज 83 रन पर सिमेटकर सोने पर सुहागे वाला काम किया और प्वाइंट टेबल में पहला स्थान हासिल कर लिया। इस मुकाबले को फाइनल मुकाबले की ड्रेस रिहर्सल के तौर पर देखा जा रहा था लेकिन भारतीय टीम ने दिखा दिया कि उनके मुकाबले में अभी कोई टीम नहीं है। मैच की बात करें तो भारतीय टीम ने विराट कोहली के 101, श्रेयस अय्यर के 77 तो रविंद्र जडेजा के 29 रनों की बदौलत 326 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम 83 रन पर आऊट हो गई।

इससे पहले अपने 35वें जन्मदिन पर 65000 दर्शकों के सामने ऐतिहासिक ईडन गार्डन पर विराट कोहली ने अपने आदर्श सचिन तेंदुलकर के वनडे क्रिकेट में रिकॉर्ड 49 शतकों की बराबरी की और उनकी शतकीय पारी के दम पर भारत ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप के लीग मैच में पांच विकेट पर 326 रन बनाए। श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच में 302 रन से मिली जीत में शतक से 12 रन से चूके कोहली ने आखिरकार यहां अपने 289वें मैच में 277वीं पारी में 49वां शतक



जमाया। तेंदुलकर ने 463 वनडे की 452 पारियों में 49 शतक और 96 अर्धशतक बनाए थे।

सचिन के नाम सौ अंतरराष्ट्रीय शतक हैं जबकि कोहली का यह 79वां अंतरराष्ट्रीय शतक है जिन्होंने टेस्ट में 29 और टी20 में भी एक शतक बनाया है। कोहली ने श्रेयस अय्यर (77 रन) के साथ तीसरे विकेट की साझेदारी में 134 रन बनाकर भारत के बड़े स्कोर की नींव रखी । शीर्ष दो टीमों के इस मुकाबले में केशव महाराज को छोड़कर दक्षिण अफ्रीका का कोई गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजों खासकर कोहली पर अंकुश नहीं लगा सका। कोहली ने पारी के 49वें ओवर में कैगिसो रबाडा की गेंद पर एक रन लेकर तिहरा अंक छुआ तो पूरा ईडन गार्डन उनके नाम से गूंज उठा। उन्होंने हेलमेट उतारकर दर्शकों और ड्रेसिंग रूम का अभिवादन स्वीकार किया और आसमान की ओर देखा।

# भारतीय टीम एशियाई महिला चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी के फाइनल में पहुंची

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश किया है। सेमीफाइनल में भारत की ओर से सलीमा टेटे और वैष्णवी विट्ठल ने गोल कर दक्षिण कोरिया के खिलाफ टीम को 2-0 से जीत दिलायी। इस प्रकार खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम पहुंच गयी है। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में अपनी सभी पांचों मैच जीते थे पर कोरियाई टीम के खिलाफ उसे कड़ा संघर्ष करना पड़ा। अब फाइनल में भारतीय टीम का सामन जापान ने होगा। जापान ने एक अन्य सेमीफाइनल में चीन को 2-1 से हराया था। दक्षिण कोरिया के खिलाफ मुकाबले में भारतीय टीम को शुरुआत के 11वें मिनट में ही गोल कर सलीमा ने बढ़त दिलायी। इसके बाद वैष्णवी ने 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर भारतीय टीम की बढ़त 2-0 कर दी। इसके बाद कोरियाई टीम ने गोल करने के प्रयास किये पर उसे सफलता नहीं मिली। वहीं एक अन्य सेमीफाइनल में जापान ने चीन को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बनायी।



# टीम से बाहर होने पर हार्दिक पांड्या ने कहा, हर खेल की हर गेंद पर टीम के साथ



मुंबई। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में अब तक अजेय मेजबान भारत को बड़ा झटका लगा है। क्योंकि टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अपने टखने की चोट से उबरने में नाकाम रहे हैं। इसकारण उन्हें टीम से बाहर किया गया हैं। विश्व कप से बाहर होने के बाद पांड्या ने कहा कि वह हर खेल की हर गेंद पर टीम का उत्साह बढ़ाएंगे। पांड्या ने एक ट्वीट में लिखा, इस तथ्य को पचाना कठिन है कि मैं विश्व कप के शेष भाग में नहीं खेल पाऊंगा। मैं पूरी भावना के साथ टीम के साथ रहूंगा और हर खेल की हर गेंद पर उनका उत्साहवर्धन करूंगा। सभी की शुभकामनाओं, प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद, यह अविश्वसनीय है। यह टीम विशेष है और मुझे यकीन है कि हम सभी को गौरवान्वित करे। बात दें कि पिछले महीने पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दौरान गेंदबाजी करते समय पंड्या के बाएं टखने में चोट लग गई थी। बीसीसीआई ने साफ कर दिया है कि 30 वर्षीय खिलाड़ी विश्व कप के शेष अभियान के लिए समय पर ठीक होने में विफल रहे हैं। भारत की टीम में उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा लेने वाले हैं। कृष्णा ने भारत के लिए सिर्फ 19 सफेद गेंद वाले मैच खेलें हैं। उन्हें आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखा गया था जब उन्होंने विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ ओवरों में 1/45 लेकर डेविड वार्नर का बेशकीमती विकेट लिया था।

# पेनल्टी शूटआउट में मोहित के शानदार बचाव से भारत ने पाकिस्तान को हराकर कांस्य जीता



**जोहोर बाहरू (मलेशिया) (एजेंसी)।** गोलकीपर एचएस मोहित के पेनल्टी शूटआउट में शानदार बचाव की बदौलत भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने शनिवार को यहां सुल्तान जोहोर कप जूनियर हॉकी प्रतियोगिता में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 6-5 से हराकर कांस्य पदक जीता। नियमित समय में दोनों टीमों के बीच मुकाबला 3-3 की बराबरी पर छूटा था।

भारत के लिए अरुण साहनी (11वें), पूवन्ना सीबी (42वें) और कप्तान उत्तम सिंह (52वें मिनट) ने गोल किए, जबकि पाकिस्तान के लिए सुफियान खान (33वें), अब्दुल कय्यूम (50वें) और कप्तान शाहिद हन्नान (57वें मिनट) ने गोल दागा। पेनल्टी शूटआउट में शुरुआती 5 मौके के बाद भी दोनों टीमें 4-4 की बराबरी पर थी। इसके बाद सडन डेथ में मोहित ने हन्नान के खिलाफ शानदार बचाव कर भारत की जीत पक्की कर दी।

शूटआउट के पहले 5 प्रयास में विष्णुकांत सिंह, राजिंदर सिंह, अंगद वीर सिंह और उत्तम सिंह भारत की ओर से गोल करने में सफल रहे जबकि पाकिस्तान के लिए यह काम हन्नान के अलावा अरशद लियाकत, अब्दुल रहमान और एहतेशाम असलम। सडन डेथ में विष्णुकांत और अंगद वीर पाकिस्तान के गोलकीपर को छकाने में सफल रहे। पाकिस्तान के लिए लियाकत ने गोल किया लेकिन हन्नान चूक गए।

# हवा की गुणवत्ता आदर्श नहीं, खिलाड़ियों के बाहर के अभ्यास को कम करने की कोशिश: हथुरासिंघे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरासिंघे ने श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप मैच से पहले रविवार को यहां गंभीर रूप से खराब वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वे खिलाड़ियों के जोखिम को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच इस विश्व कप मैच को सोमवार को खेला जाना है लेकिन गंभीर एक्यूआई के कारण मैच को लेकर अनिश्चितता का माहौल है। दिल्ली एनसीआर में पिछले चार दिनों से जहरीली धुंध की मोटी परत छाई हुई है। शहर में मंगलवार तक प्रदूषण के ऐसे ही बने रहने की संभावना है। आईसीसी ने हालांकि कहा था कि मैच को लेकर कोई भी फैसला उस दिन सुबह की परिस्थितियों का आकलन करने के बाद होगा। उन्होंने कहा, 'वायु की गुणवत्ता दोनों टीमों को प्रभावित कर रही है। यह आदर्श नहीं है। हम थोड़े चिंतित थे. इसलिए हमने एक अभ्यास सत्र रद्द कर दिया।' मैच से एक दिन पहले हथुरासिंघे ने कहा, 'ऐसी स्थिति में हम बाहरी वातावरण में अपने जोखिम को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। हमें हालांकि अभ्यास करने की जरूरत है और हमें इस स्थिति के दीर्घकालिक प्रभाव से सावधान रहना होगा।' हथुरासिंघे ने कहा कि टीम मैच को लेकर आयोजकों के निर्णय का सम्मान करेगी। उन्होंने कहा, 'हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। हमें जो भी परिस्थिति मिले उसमें खेलना होगा।' बांग्लादेश ने शुक्रवार को अपने प्रशिक्षण सत्र को रद्द करने के बाद शनिवार की शाम को हल्के सत्र आयोजित किया। टीम के मुख्य तेज गेंदबाज ने रविवार को भी अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया लेकिन बाकी खिलाड़ियों ने नेट सत्र में अच्छा समय बिताया। इस दौरान लिटन दास ने नेट में सबसे अधिक



समय बिताया, जबकि मुशफिकुर रहीम, नजमुल हसन शंटो ने भी अभ्यास किया। वायु प्रदूषण के कारण अधिकांश क्रिकेटर और सहयोगी स्टाफ मास्क पहने हुए थे।

# हसन रजा के बयान पर भड़के वसीम अकरम, कहा- दिमाग ठीक जगह पर नहीं...

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम ने हमवतन पूर्व क्रिकेटर हसन रजा को जमकर लताड़ लगाया हैं। जब अकरम से एक शो के दौरान बॉल चेंज करने वाले बयान को लेकर पूछा गया तो वसीम अकरम ने कहा, मैं पिछले कुछ दिनों से इसके बारे में सुन रहा हूं। मुझे इनकी बातें मजाक की तरह लग रही है, क्योंकि इनका दिमाग ठीक जगह पर नहीं है। आप खुद की तो बेइज्जती कराएंगे ही अपने साथ हमारी भी पूरी दुनिया के सामने कराएंगे। अकरम ने आगे कहा कि सब जानते हैं कि अंपायर आते हैं, जो टीम टॉस जीतती है अगर वो बॉलिंग करती है तो एक 12 गेंद का डब्बा होता है। उसमें से कप्तान 2 गेंद को पिक करता हैं। अंपायर दोनों बॉल रख लेता है ताकि अगर गेंद खराब भी हो तो दूसरी पिक की जा सके. इतने लोग बैठे हैं इस प्रोसेस में. पता नहीं ऐसा कौन सोचता है? आपको भारत के गेंदबाजों की तारीफ करनी चाहिए ना कि आप इस तरह की बात करो। गौरतलब है कि पाकिस्तान की टीम वर्ल्ड कप में खराब परफॉर्म के चलते पाकिस्तान के एक पूर्व क्रिकेटर हसन रजा कुछ ज्यादा ही दुखी हो गए और उनको शायद यह पसंद नहीं आया कि उनकी टीम खराब परफॉर्म क्यों कर रही है। टीम इंडिया के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए उन्होंने आईसीसी पर सवाल खड़े करते हुए यह कह दिया कि भारतीय टीम को मैच के दौरान अलग तरह की गेंद दी जा रही है। इसके लिए उनकी हर तरफ आलोचना हुई. वसीम अकरम भी उनके इस बयान से खुश नहीं हैं। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर हसन रजा ने पाकिस्तान के एक चैनल पर बात करते हुए कहा था कि इस साल कई सारी चीजें इंडिया के फेवर में गई है। चाहे वो रिव्यू हो या कुछ और. मोहम्मद शमी और सिराज ये कैसी बॉलिंग कर रहे हैं। हम भी एक टाइम में खेला करते थे और तब बॉल रिवर्स स्विंग होता था, लेकिन यहां क्या हो रहा है। मुझे लग रहा है कि बॉल चेंज हो जा रही है। पता नहीं इनको आईसीसी बॉल दे रहा है या बीसीसीआई दे रहा है। इसपर आईसीसी को गौर करना चाहिए की यहां क्या चल रहा है।



# लगातार हार निराशाजनक, ऑस्ट्रेलिया से मैच गंवाकर पर बोले जोस बटलर

अहमदाबाद - इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि विश्व कप में लचर प्रदर्शन और उनकी खराब फॉर्म निराशाजनक है लेकिन उनका या टीम का विश्वास नहीं डिगा है। पिछली बार का चैंपियन इंग्लैंड शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के हाथों से 33 रन से हार के साथ ही वर्तमान विश्व कप में सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। यह उसकी सात मैच में छठी हार थी। बटलर ने ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगा कि हमारा विश्वास डिगा है लेकिन निराशा निश्चित तौर पर बढ़ी है। हमारे पास शीर्ष स्तर के खिलाड़ी हैं।' इंग्लैंड के पास बेहद कुशल और अनुभवी खिलाड़ी होने के बावजूद उसकी टीम विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उसको सबसे अधिक निराशा कप्तान बटलर के लगातार नाकामी की वजह से मिली। बटलर ने कहा, 'मेरा अपने खेल पर विश्वास पहले की तरह ही है जिसका मतलब है कि इतनी अधिक निराशा क्यों है। टूर्नामेंट में आकर मैंने महसूस किया कि मैं शानदार फॉर्म में हूं, मैं हमेशा की तरह अच्छी फॉर्म में हूं। इसलिए टूर्नामेंट में इस तरह का खराब प्रदर्शन निश्चित तौर पर निराशाजनक है लेकिन इससे हमारा विश्वास नहीं डिगा है।' उन्होंने कहा, 'अगर मैं खुद पर विश्वास करना बंद कर दूं तो मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि ऐसा करने वाला मैं आखिरी व्यक्ति हूं।'




# डेब्यू वर्ल्ड कप में ही रचिन रवींद्र ने जमा ली धाक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वर्ल्ड कप में कई दिग्गज खिलाड़ी खेल रहे हैं और कुछ ने अभी तक अपना दबदबा कायम रखा है। इन खिलाड़ी में केन विलियम्सन, रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित कुछ खिलाड़ी शामिल हैं। लेकिन सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के कॉम्बो ने अपने पहले ही वर्ल्ड कप में धाक जमा दी है। बाकी खिलाड़ सालों तक जो कारनामा नहीं कर सके, वहां भारतीय मूल के रचिन रवींद्र ने डेब्यू वर्ल्ड कप में ही कर दिखाया है। उन्होंने मेगा इवेंट में अपना तीसरा शतक ठोका।

रचिन का बल्ला पहले ही मैच से हल्ला बोलता नजर आया। उन्होंने वर्ल्ड कप के पहले ही मैच में ताबड़तोड़ शतकीय पारी खेलकर अपने इरादे दिखा दिए। इसके बाद नीदरलैंड के खिलाफ उन्होंने अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, जब बारी आई टीम इंडिया की जो इस वर्ल्ड कप में गेंदबाजी के लिहाज से सबसे खतरनाक साबित हो रही है। यहां भी उन्होंने 75 रन ठोककर साबित कर दिया। दूसरा शतक रचिन रवींद्र ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ठोका। अब उन्होंने पाकिस्तान की टीम को लपेटे में लिया है। उन्होंने केन विलियम्सन के साथ एक भारी-भरकम साझेदारी की और महज 88 गेंद में अपना शतक ठोक डाला है।

रचिन अपने पहले ही वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज बन चुके हैं, जिन्होंने वर्ल्ड कप में तीन शतक लगाए हैं। इसके पहले केन विलियम्सन ने 2019 में दो शतक ठोके थे। उससे पहले मार्टिन गप्टिल ने 2015 में जबकि 1975 में ग्लेन टर्नर ने 2-2 शतक जमाए थे। अब रचिन रवींद्र 3 शतक लगाकर पहले नंबर पर आ चुके हैं। उन्होंने वर्ल्ड कप में 500 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अभी उनके पास शतकों में इजाफा करने के लिए और भी मैच हैं।



## पश्चिमी नेपाल के साथ भारत के देहरादून में बड़े भूकंप आने की आशंका

**-भूकंप वैज्ञानिक ने दी चेवावनी, धरती अपने अंदर जमा एनर्जी को करती है रिलीज**

नई दिल्ली । भूकंप वैज्ञानिक ने चेतावनी दी है कि यदि धरती अपने अंदर जमा एनर्जी को रिलीज करती है तो भूकंप आता है। यही वजह है कि नेपाल में बार-बार भूकंप आ रहे हैं। उन्होंने भारत के देहरादून को भी भूकंप का केन्द्र बताकर चेतावनी जारी की है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ भूकंप विज्ञानी भरत कोइराला ने बताया कि लंबे समय से धरती के अंदर सक्रिय यूरेशियन प्लेटों के बीच टकराव हो रहा है। कोइराला ने बताया कि पश्चिमी नेपाल के गोरखा (जिला) से लेकर भारत के देहरादून तक टेक्टोनिक हलचल के कारण बहुत सारी एनर्जी जमा हो गई है। भूकंप ही उस एनर्जी को मुक्त करने का एकमात्र तरीका है। भारत के पड़ोसी देश नेपाल में शुक्रवार रात आए 6.4 तीव्रता वाले भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। वहीं, एक भूकंपविज्ञानी का कहना है कि खतरनाक हिमालयी भूकंपीय क्षेत्र पर स्थित नेपाल अत्यधिक भूकंप-संभावित देश है। इसके भूकंप प्रभावित पश्चिमी पर्वतीय क्षेत्र में बड़े भूकंप का खतरा होने की ज्यादा आशंका है। एकरिपोर्ट के मुताबिक नेपाल दुनिया का 11वां सबसे अधिक भूकंप झेलने वाला देश है। इसलिए जब शुक्रवार देर रात नेपाल के सुदूर पश्चिमी पर्वतीय क्षेत्र में 6.4 तीव्रता का भूकंप आया, तो यह पहला भूकंप नहीं था। आधिकारिक आंकड़ों पर ध्यान दें तो शुक्रवार आधी रात को पश्चिमी नेपाल में आया भूकंप इस साल नेपाल में आए 70 से ज्यादा भूकंपों की लंबी लिस्ट में से एक था। भूकंप का केंद्र काठमांडू से लगभग 500 किमी उत्तर-पश्चिम में जाजरकोट जिले में था, जिससे 2015 के विनाशकारी भूकंप की दर्दनाक यादें ताजा हो गईं। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ भूकंपविज्ञानी भरत कोइराला ने बताया कि लंबे समय से धरती के अंदर सक्रिय यूरेशियन प्लेटों के बीच टकराव हो रहा है, जिससे जबरदस्त एनर्जी एकत्र हो गई है। नेपाल इन 2 प्लेटों के बॉर्डर पर स्थित है और इसलिए अत्यधिक सक्रिय भूकंपीय क्षेत्र में स्थित है, लिहाजा नेपाल में भूकंप आना आम बात है। भूकंप विज्ञानी कोइराला ने बताया कि पश्चिमी नेपाल में भूकंप का सबसे ज्यादा खतरा है। उन्होंने कहा कि पिछले 520 वर्षों से पश्चिमी नेपाल में कोई बड़ा भूकंप नहीं आया है। इसलिए बहुत सारी एनर्जी जमा हो गई है भूकंप ही उस एनर्जी को मुक्त करने का एकमात्र तरीका है। कोइराला ने बताया कि पश्चिमी नेपाल के गोरखा (जिला) से लेकर भारत के देहरादून तक टेक्टोनिक हलचल के कारण बहुत सारी एनर्जी जमा हो गई है, इसलिए इस एनर्जी को जारी करने के लिए इन क्षेत्रों में छोटे या बड़े भूकंप आ रहे हैं, जो बेहद सामान्य है।

## प्रदूषण रोकने दिल्ली में ट्रकों के प्रवेश और निर्माण कार्य पर प्रतिबंध

नई दिल्ली। सरकार ने प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली में ट्रकों के प्रवेश और निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगा दिया है। केंद्र सरकार की तरफ से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण-IV को लागू कर दिया है। गौरतलब है कि दिल्ली में प्रदूषण एक बड़ी समस्या बना हुआ है। दिल्ली और एनसीआर के ऐसे कई इलाके हैं जहां हवा की गुणवत्ता यानी वायु गुणवत्ता गिरकर करीब 500 या कई जगहों पर इससे भी ज्यादा पहुंच गई है। दिल्ली में प्रदूषण का स्तर कितना खतरनाक है, इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि यह विश्व स्वास्थ्य संगठन की तय सीमा से करीब 100 गुणा ज्यादा है। रविवार की दोपहर दिल्ली के वजीरपुर इलाके में का स्तर 859 आंका गया। जो बेहद खतरनाक स्तर माना जाता है। अगर बात पीएम 2 I5 के स्तर की करें तो दिल्ली-एनसीआर में मौजूदा समय में ये विश्व स्वास्थय संगठन द्वारा तय मानक से 96 I2 गुणा ज्यादा है। दिल्ली में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए राज्य सरकार ने 5वीं तक के सभी स्कूल 10 नवंबर तक बंद किये जाने का निर्णय दिल्ली सरकार ने लिया है। हालांकि 6-12 वीं तक के स्कूलों को कोई आदेश नहीं दिया गया है, लेकिन उनको विकल्प दिया गया है कि वे चाहें तो ऑनलाइन क्लास चला सकते हैं। इस बारे में दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने जानकारी दी। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनज़र 5 नवंबर तक पांचवीं तक के स्कूल बंद किए गए थे। अब इसे बढ़ाकर 10 नवंबर कर दिया गया है।

## 50 नाबालिग छात्राओं का यौन शोषण करने वाला प्रिंसिपल हुआ गिरफ्तार

चंडीगढ़ । जींद के एक सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य को एसआईटी ने गिरफ्तार किया है। प्रधानाचार्य पर लड़कियों के यौन शोषण के आरोप में है। मिली जानकारी के अनुसार स्कूल के प्रिंसिपल पर 60 छात्राओं ने गंभीर आरोप लगाए थे। जबकि 50 छात्राओं ने हरियाणा राज्य महिला आयोग को पत्र लिखकर प्रिंसिपल की शिकायत की थी। इसके अलावा 10 अन्य छात्राओं ने कहा था कि उन्हें इस बात की जानकारी है। इसके बाद प्रिंसिपल के खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट के तहत केस दर्ज किया गया और अब गिरफ्तारी हो गई है। डीएसपी अमित भाटिया ने कहा कि केस दर्ज होने के बाद प्रिंसिपल फरार हो गया था। उसके ठिकानों पर छापा डाला गया। उसे जिले के बाहर से गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी ने कहा कि हमारे पास आरोपी प्रधानाचार्य के खिलाफ पर्याप्त सबूत और गवाह हैं। प्रिंसिपल को जल्दी ही कोर्ट में पेश किया जाएगा और रिमांड मांगी जाएगी। बता दें कि प्रिंसिपल पर लगाए आरोप के बाद उसे एक सप्ताह पहले ही निलंबित तकर दिया गया था। इसके अलावा मामले की जांच करने के लिए जिला स्तर पर एक समिति भी बनाई गई थी। इस मामले में एचएससीडब्लू की चेयरमैन रेनू भाटिया ने कहा कि हमारे पास 60 लड़िकियों की लिखित शिकायत आई थी। 50 छात्राओं ने कहा कि उनका शारीरिक शोषण करने का प्रयास किया गया है। इसके अलावा 10 ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी थी कि प्रिंसिपल छात्राओं के साथ गलत हरकत करता था। शिकायत करने वाली सभी लड़कियां नाबालिग हैं। भाटिया ने कहा कि प्रिंसिपल छात्राओं को अपने ऑफिस में बुलाता था और फिर यौन शोषण करता था। इसके अलावा प्रिंसिपल ने कई लड़कियों को वॉट्सऐप मेसेज भी भेजे थे। उसके पास कम से कम तीन मोबाइल फोन थे। मामले के संबंध में छात्राओं ने गुरुवार को पंचकूला में महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया के सामने अपने बयान दर्ज करवाए थे। इसके बाद आयोग ने पुलिस को 24 घंटे के भीतर प्रधानाचार्य को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे।

## कनाडा से विवाद का समाधान जल्द निकलेगा : जयशंकर

नई दिल्ली। भारत और कनाडा के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद का अंत होने की संभावना बढ़ गई है। कई मामालों में कनाडा ने यू टर्न लिया है और कई बार उसे शर्मिंदा होना पड़ा है ।ये स्थिति तब बनी जब कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर आतंकी निज्जर की हत्या के आरोप लगा दिए थे। इस आरोप के बाद ही दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव पैदा हो गया था। अब कनाडा को लगने लगा है कि भारत से पंगा लेकर उसने बड़ी गलती की है। इस आशय के संकेत विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक कार्यक्रम में दिए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद के समाधान में कूटनीतिक गुंजाइश मौजूद है ।विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों देश एक-दूसरे के संपर्क में हैं और उम्मीद है कि इस विवाद के समाधान का एक रास्ता निकलेगा ।उन्होंने कहा कि संप्रभुता और संवेदनशीलता एकतरफा नहीं हो सकती। जयशंकर ने हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यहां कूटनीति के लिए जगह है। मुझे पता है कि कनाडा में मेरी समकक्ष ने भी यही रुख जाहिर किया है।

## जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने दी चेतावनी, कर्मचारी प्रदर्शन करेंगे तो होगी कार्रवाई

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि यदि वे प्रदर्शन करेंगे तो उनपर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस पर नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन का अपने कर्मचारियों को प्रदर्शन और हड़ताल करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी देने वाला आदेश उनके साथ नाइंसाफी है। अब्दुल्ला ने कहा कि नेकां सरकारी कर्मचारियों के साथ खड़ी है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से कर्मचारियों की समस्याएं और मुद्दे सुलझाने का आग्रह किया। नेकां अध्यक्ष ने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि मुझे लगता है कि यह उनके खिलाफ नाइंसाफी है। नेकां उनके साथ खड़ी है। हम सरकार से अपील करते हैं कि उन्हें उनके मूल अधिकार दिए जाएं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार चलाने वाले ही काम नहीं करेंगे, तो सरकार कैसे चलेगी? मैं उपराज्यपाल से अपील करता हूं कि वह इस पर ध्यान दें और कर्मचारियों की मुश्किलें दूर करने की कोशिश करें।

# झूठे दावे, झूठे वादे...राहुल गांधी का नाम लेकर कांग्रेस की चुनावी गारंटियों पर अनुराग ठाकुर ने कसा तंज



**भोपाल (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक के पिछले विधानसभा चुनावों में मतदाताओं को कांग्रेस की ओर से दी गईं 'गारंटी' इस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की तरह विफल साबित हुई हैं। ठाकुर ने कहा कि गांधी ने ऐसी ही एक 'गारंटी' के तहत मतदाताओं को ठगते हुए मध्यप्रदेश में 2018 हुए विधानसभा चुनावों से पहले वादा किया था कि उनकी पार्टी की सरकार 10 दिनों के भीतर दो लाख रुपये तक के कृषि ऋण को माफ नहीं करेगी, तो वह मुख्यमंत्री बदल देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी ने राज्य के युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के रूप में प्रति माह 4,000 रुपये देने का भी वादा किया था, लेकिन ये सभी चुनावी 'गारंटी' विफल हो गईं क्योंकि इन्हें कमलनाथ की अगुवाई में दिसंबर 2018 से मार्च 2020 तक 15 महीने चली कांग्रेस सरकार के राज में लागू नहीं किया गया था।

ठाकुर ने दावा किया, इस तरह की गारंटी हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक (जहां कांग्रेस सत्ता में है) में भी विफल रही हैं। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने 22.50 लाख महिलाओं को हर माह 1,500 रुपये की सहायता की गारंटी दी थी। इसे (कांग्रेस के सत्ता में आने के) 10 महीने बाद भी लागू नहीं किया गया है। कांग्रेस ने एक लाख नौकरियां देने का वादा भी किया था, लेकिन अभी तक इस पार्टी की सरकार ने 1,000 नौकरियां तक नहीं दी हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनके गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने दो रुपये प्रति किलोग्राम की दर से गाय का गोबर और 100 रुपये प्रति लीटर की दर से दूध की खरीद के साथ ही 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली के वादे भी किए थे, लेकिन इनमें से कोई भी वादा अब तक पूरा नहीं हुआ है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना शुरू की, जबकि कांग्रेस शासित राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ कथित रूप से सबसे ज्यादा अत्याचार हुए हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में गंभीर वायु प्रदूषण के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए ठाकुर ने कहा कि केजरीवाल ने जनता को बड़े-बड़े सपने दिखाए थे, लेकिन फिलहाल आलम यह है कि आम आदमी पार्टी सरकार की ओर से स्थापित तीन ''स्मोक टॉवर'' बंद पड़े हैं। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस दिल्ली की सत्ता में थी, तब केजरीवाल एनसीआर के प्रदूषण के लिए पंजाब में किसानों के पराली जलाने को जिम्मेदार ठहराते थे, लेकिन अब दोनों राज्यों में आम आदमी पार्टी की सरकार होने के बावजूद वह इस प्रदूषण पर रोक लगाने में नाकाम रहे हैं जिससे दिल्ली गैस चैंबर में बदल गई है।

## बीजेपी के जातिगत जनगणना पर रुख में बदलाव पर चिदंबरम ने किया कटाक्ष

नई दिल्ली । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने बीजेपी के जातिगत जनगणना के रुख में बदलाव को लेकर कटाक्ष किया है। उन्होंने रविवार को कहा कि भाजपा ने अचानक फैसला किया है कि सभी से परामर्श के बाद कोई निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक आरक्षण नीति है, तब तक जाति की गिनती होना तर्कसंगत है। एक्स पर एक पोस्ट में



कांग्रेस नेता चिदंबरम ने कहा कि जाति जनगणना के वादे को फूट डालो और राज करो कहकर खारिज करने के बाद, भाजपा ने अचानक निष्कर्ष निकाला है कि इस मुद्दे पर निर्णय सभी से परामर्श के बाद लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग हर दूसरे राजनीतिक दल ने जाति जनगणना के विचार का समर्थन किया है। चिदंबरम ने कहा, जब तक आरक्षण नीति है, यह तर्कसंगत है कि जाति की गणना की जानी चाहिए। बता दें कि उनकी यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के शुक्रवार के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा ने कभी भी जाति जनगणना के विचार का विरोध नहीं किया, लेकिन वह सभी से परामर्श करने के बाद इस पर उचित निर्णय लेगी। उनका यह बयान कांग्रेस और कुछ अन्य पार्टियों द्वारा इस कवायद को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने की जोरदार मांग के बीच आया है। बता दें कि शाह भाजपा के राज्य कार्यालय में इस महीने होने वाले छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र के लॉन्च के अवसर पर संवाददाताओं से बात कर रहे थे।

# अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, भारत के भीतर राम राज्य की उद्घोषणा की शुरुआत है : मुख्यमंत्री योगी



**सुकमा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारत के अंदर राम राज्य की उद्घोषणा की शुरुआत है, जहां जाति और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा। छत्तीसगढ़ के कोंटा विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर राज्य में 'लव जिहाद' और धर्मांतरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

सुकमा जिले की कोंटा सीट उन 20 विधानसभा क्षेत्रों में से एक है, जहां पहले चरण में मतदान होगा। राज्य के 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में मतदान होगा। पहले चरण में 20 सीटों पर तथा अन्य 70 सीटों पर 17 नवंबर को दूसरे चरण में मतदान होगा। पहले चरण के लिए प्रचार रविवार शाम को समाप्त हो जाएगा। योगी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''अयोध्या में भगवान राम के मंदिर का निर्माण जनवरी में पूरा हो जाएगा। इससे उत्तर प्रदेश से अधिक छत्तीसगढ़ के लोगों को खुश होना चाहिए क्योंकि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारत के अंदर राम राज्य की उद्घोषणा की शुरुआत है।''

उन्होंने कहा, ''राम राज्य का अर्थ है ऐसा शासन जहां जाति और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा। योजनाओं का लाभ गरीबों, वंचितों, आदिवासियों सहित हर व्यक्ति तक पहुंचे। योजना का लाभ सभी तक सीधे पहुंचना चाहिए। सभी को सुरक्षा, सुविधाएं और संसाधनों पर अधिकार मिले, यही राम राज्य है।'' योगी ने केंद्र सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा, ''याद रखें, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वास्तव में पिछले साढ़े नौ वर्षों में पूरे देश में राम राज्य की नींव रखी है।''

योगी आदित्यनाथ ने भूपेश बघेल सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया, ''यहां (छत्तीसगढ़ में) सरकार लव जिहाद और धर्मांतरण की गतिविधियों पर चुप है। यहां हर तरह से ऐसी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह कोई 'सरकार' नहीं है, बल्कि यह एक 'समस्या' बन गई है। कांग्रेस अपने आप में एक समस्या बन गई है। जल्द से जल्द इस समस्या से छुटकारा पाएं और छत्तीसगढ़ के सपनों को साकार करने में सहयोग करें।'' उन्होंने कोयला, शराब, खनन और लोक सेवा आयोग में कथित घोटालों को लेकर भी बघेल सरकार पर हमला बोला। भाजपा ने कोंटा सीट से सोयम मुका को मैदान में उतारा है। यहां से कांग्रेस के उम्मीदवार मौजूदा विधायक और मंत्री कवासी लखमा हैं।

## खतरनाक स्तर पर प्रदूषण से बढ़ा तनाव, कारगर पहल की दरकार

**-दिल्ली और एनसीआर में 999 पर पहुंचा वायु गुणवत्ता सूचकांक स्तर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिवाली से पहले ही दिल्ली और एनसीआर में अति खतरनाक प्रदूषण स्तर पर के दुष्परिणाम से उत्पन्न आंखों में जलन, गले में खराश दमा और सांस जैसी अस्वस्थ्यकर लक्षणो ने तनाव बढ़ा दिया है। पर्यावरण विशषज्ञों के मुताबिक, प्रदूषण से निपटने के लिए सरकारी उपाय नाकाफी साबित हो रहे हैं।

दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद समेत एनसीआर के सभी इलाकों में सुबह के समय आसमान में धुंध और स्मॉग की चादर है। जिससे सड़कों पर विजिबिलिटी काफी कम है। मौसम विभाग के मुताबिक, फिलहाल बारिश नहीं होने के आसार से प्रदूषण राहत की उम्मीद नजर नहीं आती। नई दिल्ली के अशोक विहार इलाके में रात करीब 1 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक स्तर 999 दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में दिल्ली-एनसीआर में भयावह प्रदूषण स्थिति को आपातकाल की तरह समझकर सरकार को तत्काल कारगर कदम उठाने होंगे। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 5 नवंबर को सुबह 7 बजे 400 के पार दर्ज किया गया, जो कि गंभीर श्रेणी में आता है। बता दें कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच एक्यूआई 'गंभीर' माना जाता है। प्रदूषण कंट्रोल करने के लिए सरकार की ओर से कई एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं लेकिन प्रदूषण की स्थिति में सुधार होता दिखाई नहीं दे रहा है। दरअसल, पवन की मंथर ग?ति और अधिक नमी के कारण प्रदूषणस्तर बढ़ रहा है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फॉरकास्टिंग एंड रिसर्च (एसएएफएआर) के पूर्वानुमान के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर को प्रदूषण से अभी राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। मौसम केन्द्र के मुताबिक, दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से शुष्क मौसम की स्थिति देखी जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है।

## मोइत्रा के खिलाफ मसौदा रिपोर्ट को स्वीकार करने के लिए सात नवंबर को करेगी बैठक

नयी दिल्ली। लोकसभा की आचार समिति तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे द्वारा 'पैसे लेकर प्रश्न पूछने' के आरोपों से जुड़ी जांच की मसौदा रिपोर्ट पर विचार करने और उसे स्वीकार करने के लिए सात नवंबर को बैठक करेगी। समिति द्वारा मसौदा रिपोर्ट को स्वीकार करने के लिए बैठक आयोजित करने का अभिप्राय है कि भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली समिति ने अपनी जांच पूरी कर ली है और अब वह अपनी सिफारिश करेगी। इसके पहले समिति के सदस्य दो नवंबर को पिछली बैठक के दौरान अपनी-अपनी पार्टी के रुख के अनुरूप बंटे दिखे थे। आचार समिति में 15 सदस्य हैं जिनमें बहुमत भाजपा का है। समिति मोइत्रा के आचरण पर गंभीर रुख अपना सकती है, खासकर तब जब उन्होंने पिछली बैठक में सोनकर पर उनसे तुच्छ और व्यक्तिगत सवाल पूछने का आरोप लगाते हुए विपक्षी सदस्यों के साथ बैठक से बहिर्गमन किया था। ऐसे संकेत है कि समिति लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी जाने वाली रिपोर्ट में मोइत्रा के खिलाफ सिफारिश कर सकती है। ऐसी भी संभावना है कि विपक्षी सदस्य असहमति व्यक्त कर सकते हैं। समिति में शामिल पांच विपक्षी सदस्य दो नवंबर की बैठक से यह आरोप लगाते हुए बाहर निकल गए थे कि सोनकर ने मोइत्रा से उनकी यात्रा, होटल में ठहरने और टेलीफोन कॉल को लेकर निजी और अभद्र सवाल किए हैं। मोइत्रा ने बाद में आरोप लगाया कि बैठक में 'शब्दों से वस्त्रहरण' किया गया। समिति के अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों के दावों का खारिज करते हुए दावा किया कि यह उन्हें (मोइत्रा को) बचाने के लिए किया गया अनैतिक व्यवहार का मामला है। मोइत्रा जांच के संबंध में समिति के सामने पेश हुई थीं और इस प्रकार उनके पास संसद सदस्य के तौर पर प्राप्त विशेषाधिकार नहीं था। समिति अपनी रिपोर्ट में बैठक से उनके बहिर्गमन के कदम को गंभीरता से ले सकती है।

# आरोपी शुभम सोनी ने कहा कि वही महादेव ऐप का असली मालिक, भूपेश बघेल के कहने पर दुबई गया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के मामले में आरोपी शुभम सोनी ने कहा है कि वही महादेव ऐप का असली मालिक है और वह भूपेश बघेल के कहने पर दुबई गया। उसने दुबई से एक बयान वीडियो बनाकर जारी किया है। जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में 5I39 करोड़ रुपये जब्त किए थे। ईडी के मुताबिक यह राशि दुबई से शुभम सोनी ने भूपेश बघेल के लिए भेजी थी।

ईडी के अनुसार शुभम सोनी के कहने पर असीम दास यह कैश देने के लिए जा रहा था। ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग केस में शुभम सोनी वांटेड है।

महादेव ऐप के प्रमोटर के करीबी शुभम सोनी ने रविवार को एक वीडियो मैसेज में दावा किया है कि मैं ही महादेव बेटिंग ऐप का मालिक हूं। उसने अपना पेन कार्ड, आधार कार्ड और पासपोर्ट दिखाकर दावा किया कि साल 2021 में महादेव बेटिंग ऐप शुरू किया था।

सोनी ने कहा कि, भिलाई में मैंने छोटी-सी बुक शुरू की थी। उस बुक से पैसा आने लगा, लाइफ स्टाइल बदल गई। मामला आगे पता चलने लगा, लड़के पकड़े जाने लगे। फिर मैं वर्मा जी के सम्पर्क में आया और मैंने उन्हें 10 लाख रुपये महीना बतौर प्रोटेक्शन मनी देना शुरू कर दिया।

उसने कहा कि, मेरे लड़के पकड़े गए तो मैंने वर्मा जी को बोला। वर्मा जी ने फिर मेरी मीटिंग सीएम साहब से करवाई। वहां बिट्टू जी और सीएम साहब ने बोला कि अपना काम बढ़ाओ और दुबई जाओ। वहां मेरा काम अच्छा चल रहा था, लेकिन फिर प्रॉब्लम हुई, मेरे लड़के पकड़े गए। मैं रायपुर आया और मैं फिर वर्मा जी और गिरीश तिवारी के जरिए उस वक्त एसपी प्रशांत अग्रवाल से मिला।

शुभम ने कहा कि, प्रशांत अग्रवाल ने मेरी बात अपने फोन से स्पीकर पर सीएम बघेल से करवाई। उन्होंने बोला तुझे वहां काम संभालने भेजा था तो मालिक बन गया। मैंने रिक्वेस्ट की तो बोले प्रशांत से बात करो समझा देगा तुम्हें क्या करना है। फिर प्रशांत जी ने जो बोला, जिस-जिस को देने को बोला, मैंने दिया। बिट्टू भैया के जरिए 508 करोड़ रुपये भी दे चुका हूं, फिर भी मुझे दिक्कत कर रहे हैं।

### मैं इंडिया आना चाहता हूं, मेरी मदद करें

शुभम सोनी ने कहा कि, मैंने अपने लिखित बयान में साफ बताया है कि कितना पैसा किस-किस को कब और किस तरह दिया गया। मेरी सरकार से गुजारिश है कि मैं इस पॉलिटिकल सिस्टम में फंस चुका हूं। मैं इंडिया आना चाहता हूं, मेरी मदद करें।

# 2024 के लिए बाबा वेंगा की भविष्यवाणी: कैंसर का इलाज मिलेगा और बायोलॉजिकल हमला होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया में सबसे सटीक भविष्यवाणी करने वाली भविष्यवक्ता बाबा वेंगा ने 2024 के लिए भविष्यवाणी की है। उनकी गणना कई जगह राहत देती हैं तो कई जगह डराने वाली भी है। बाबा के मुताबिक आने वाल साल 2024 में वैज्ञानिक कैंसर का सटीक उपचार खोज लेंगे। लेकिन एक बड़ा देश जैविक हथियारों का परीक्षण करेगा तथा हमला भी करेगा। इससे भारी नुकसान की आशंका है।

बाबा वेंगा की बातों पर यकीन करें तो साल 2024 में मौसम भी कहर बरपाएगा। प्राकृतिक आपदाएं आएंगी। क्लाइमेट में चेंज के साथ-साथ रेडिएशन का स्तर भी बढ़ेगा। साइबर अटैक और हैकिंग की घटनाएं बढ़ेंगी। पावर ग्रिड और वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक हैकिंग की कोशिश होगी। हालांकि इन सबके बीच विज्ञान के क्षेत्र में ऐसी खुशखबरी आएगी, जो इंसानों की लाइफ को प्रभावित करेगी। भूलने की बीमारी एल्ज़ाइमर्स का इलाज ढूंढ लिया जाएगा और कैंसर का भी ट्रीटमेंट इस साल वैज्ञानिक खोज लेंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भी भी प्रभावी होगा।

रिपोर्ट के मुताबिक बाबा वेंगा ने जो सबसे बड़ी भविष्यवाणी साल 2024 को लेकर की थी, वो दुनिया के सबसे ताकतवर नेताओं में शुमार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को लेकर है। उनके मुताबिक रूसी राष्ट्रपति को उनके ही देश के किसी व्यक्ति की ओर से मारने की योजना बनाई जाएगी। हालांकि रूस की ओर से पुतिन के बीमार होने तक की बात को खारिज़ किया गया है। उन्होंने ये भी कहा था कि साल 2024 में एक बड़ा देश बायोलॉजिकल हथियारों को टेस्ट करेगा और हमला करेगा। उन्होंने यूरोप में आतंकी हमले की भी भविष्यवाणी की थी। इतना ही नहीं ये साल आर्थिक संकट लेकर भी आएगा, जिससे ग्लोबल इकोनॉमी प्रभावित होगी। इस साल में कर्ज़े बढ़ेंगे, सीमाई और राजनैतिक विवाद बढ़ेंगे और आर्थिक ताकत पश्चिम से पूर्वी देशों की ओर शिफ्ट हो जाएगी।

बता दें कि बाबा वेंगा को नास्त्रेदमस भी कहा जाता है क्योंकि इनकी कही बातें कई बार हूबहू सच हो गईं। उन्होंने आने वाले साल 2024 को लेकर भी कुछ ऐसी बातें कहीं थीं, जिन्हें सुनकर आप चिंता में पड़ जाएंगे। बाबा वेंगा की मानें तो ये साल भी हलचलों और आपदाओं से भरा हुआ साबित होगा। सटीक भविष्यवाणियों के लिए बल्गेरियन महिला बाबा वेंगा मशहूर हैं। बराक ओबामा की प्रेसिडेंसी से लेकर राजकुमारी डायना की मौत तक को सैकड़ों सालों पहले बता देने वाली बाबा वेंगा ने साल 2024 को लेकर खौफनाक चीज़ें बताई हैं।



## ब्लिंकन ने अरब नेताओं से गाजा के भविष्य की योजनाओं पर समर्थन मांगा

अम्मान । अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने युद्ध समाप्ति के बाद गाजा के भ ?विष्य की योजनाओं पर अरब नेताओं से समर्थन मांगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इजराइल–हमास के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से एक बार फिर पश्चिम एशिया पहुंचे और शनिवार को अरब देशों के नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने युद्ध समाप्त होने के बाद गाजा के भविष्य की योजना पर चर्चा की। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि अरब देशों का समर्थन गाजा में बिगड़ती स्थिति को संभालने के प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण होगा। साथ ही वे इस पर भी विचार कर रहे हैं कि अगर इजराइल हमास को खत्म करने में कामयाब हो जाता है, तो उसकी जगह कौन लेगा। बता दें कि जॉर्डन की राजधानी अम्मान में ब्लिंकन ने अधिकारियों से बात की। इससे एक दिन पहले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने ब्लिंकन की इस दो टूक चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया। इससे कहा जा सकता है ?कि अगर इजराइल गाजा में मानवीय संकट को कम नहीं करता है तो वह फलस्तीनियों के साथ अंतत : शांति समझौते की कोई भी उम्मीद खो सकता है। इस पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि ब्लिंकन ने लेबनानी लोगों की इच्छा के विरुद्ध लेबनान को युद्ध में धकेलने से रोकने के लिए मिकाती का आभार व्यक्त किया। ब्लिंकन ने गाजा में नागरिकों के लिए मानवीय सहायता सुनिश्चित करने के अमेरिकी प्रयासों पर भी चर्चा की। ब्लिंकन ने फलस्तीनी शरणार्थियों की मदद में जुटी संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी के प्रमुख से भी मुलाकात की और गाजा में मानवीय मदद पहुंचाने के लिए एजेंसी का आभार व्यक्त किया। बता दें कि युद्ध में एजेंसी के करीब 70 कर्मचारियों की मौत हो चुकी है और एजेंसी के पास भोजन, दवाएं और ईंधन जैसी वस्तुएं खत्म होती जा रही है।

## नेपाल में आए भूकंप में 157 पहुंचा मौत का आंकड़ा, हजारों लोग हुए बेघर

काठमांडू । नेपाल में आए विनाशकारी भूकंप के कारण अब तक 157 लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है। यहां पर बड़ी संख्या में मकानों के क्षतिग्रस्त या नष्ट होने के कारण देश के पश्चिमोत्तर हिस्से के पर्वतीय गांवों में हजारों लोगों को कड़ाके की ठंड के बावजूद रात को बाहर सड़कों पर सोना पड़ा है। गौरतलब है कि नेपाल में शुक्रवार रात अचानक आए भूकंप से जाजरकोट जिले के गांवों में अधिकतर मकान या तो ढह गए या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि कस्बों में कंक्रीट के कुछ मकान क्षतिग्रस्त हो गए। चिउरी गांव के निवासी लाल बहादुर बीका ने भूकंप के कारण मारे गए 13 लोगों के सफेद कपड़ों में लिपटे शवों की ओर इशारा करते हुए कहा कि हम अपने गांवों में मारे गए लोगों के शवों के अंतिम संस्कार का इंतजार कर रहे हैं और भूकंप में घायल हुए लोगों की देखभाल करने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि चिउरी गांव में कई मकान ढह गए हैं। लोगों ने रात में खुद को गर्म रखने के लिए प्लास्टिक की चादरों और पुराने कपड़ों का उपयोग किया। इसी तरह कई लोग अपने ढह चुके मकानों के मलबे के नीचे से अपना सामान निकालने में असमर्थ हैं। बचावकर्मी तत्काल सहायता पहुंचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन कई पहाड़ी गांवों तक पैदल ही पहुंचा जा सकता है जिसके कारण अभियान में बाधा पैदा हो रही है। भूकंप के कारण हुए भूस्खलन से सड़कें भी अवरुद्ध हो गई हैं। यहां पर सैनिकों को अवरुद्ध सड़कों को साफ करने की कोशिश करते देखा जा सकता है। देश के उपप्रधानमंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ ने कहा कि सरकार प्रभावित क्षेत्रों में सहायता पहुंचाने की कोशिश कर रही है। हजारों लोगों के रातों–रात बेघर हो जाने के कारण तंबू, भोजन और दवाइयां भेजी गई हैं। क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती घायलों में शामिल बिमल कुमार कार्की ने कहा कि मैं गहरी नींद में था तभी अचानक सब जोर से हिलने लगा। मैंने भागने की कोशिश की लेकिन मेरा पूरा मकान ढह गया। मैंने बच कर भागने का प्रयास किया लेकिन मेरा आधा शरीर मलबे में दब गया। बचावकर्मियों को मुझ तक पहुंचने में लगभग आधे से एक घंटे का समय लग गया।

## फायरिंग पश्चात हैम्बर्ग विमानतल से उड़ाने रद्द

हैम्बर्ग । उत्तरी जर्मनी के हैमबर्ग शहर में शनिवार रात सुरक्षा घेरे को तोड़कर विमानतल परिसर में एक वाहन के प्रवेश पश्चात विमानतल में बंद कर दिया गया और उड़ानें रद्द कर दी गयीं। संघीय पुलिस सूत्रों ने बताया कि विमानतल में एक कारचालक ने अनाधिकृत प्रवेश कर हवा में दो बार फायरिंग की जिससे परिसर में हड़कंप मच गया।गोलियां चलाने के बाद व्यक्ति ने दो जलती हुई बोतलों को कार से बाहर फेंक दिया।हालांकि इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ लेकिन हवाईअड्डे को बंद कर दिया गया। जर्मनी पुलिस ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि वह एक बड़ा ऑपरेशन कर रहे हैं, जिसके कारण जर्मन शहर हैम्बर्ग के हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया है। पुलिस ने यह भी बताया कि आरोपी की पत्नी ने एक बच्चे की अपहरण की आशंका को लेकर पहले उनसे संपर्क किया था। कई स्थानीय जर्मन मीडिया संगठनों ने बताया कि आरोपी व्यक्ति की कार में दो बच्चे थे। संघीय पुलिस प्रवक्ता थॉमस गर्बर्ट ने बताया कि बड़ी संख्या में राज्य और संघीय पुलिस के अधिकारी घटनास्थल और वाहन के आसपास मौजूद हैं।

## अमेरिका में फिलिस्तीन समर्थकों ने की शर्मनाक हरकत, राष्ट्रीय स्मारक तोड़े

वाशिंगटन। इजराइल और हमास आतंकियों के बीच छिड़ी जंग से दुनिया में हलचल मची हुई है। जहां अमेरिका ने इजराइल को समर्थन दिया है वहीं फिलिस्तीन नागरिक यूएस के विरोध में आ गए हैं। अमेरिका में रहने वाले फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका के राष्ट्रीय स्मारकों को तोड़ दिया है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। इजराइल और हमास के बीच छिड़ी जंग के बीच अमेरिका के लिए शर्मनाक दिन है, क्योंकि यहां फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने एंड्रयू जैक्सन की मूर्ति, द जनरल मार्क्विस डी लाफायेट की मूर्ति, बेंजामिन फ्रैंकलिन की मूर्ति सहित अमेरिका के राष्ट्रीय स्मारकों को तोड़ दिया है। वीडियो में दिख रहा है कि फिलिस्तीन समर्थक इन मूर्तियों के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं। इन लोगों ने फलस्तीनी झंडे थामे फलस्तीन जीतेगा के नारे भी लगाए। इसके अलावा इन प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस में भी सेंध लगाने की कोशिश की है। अमेरिका के अलावा फ्रांस की राजधानी पेरिस, जर्मनी की राजधानी बर्लिन और अन्य यूरोपीय शहरों में फलस्तीनी समर्थक हजारों लोगों में गाजा में इजराइली बमबारी रोकने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। जानकार बता रहे हैं कि ये प्रदर्शन इजराइल–हमास युद्ध में हताहतों की बढ़ती संख्या और गहराते मानवीय संकट को लेकर यूरोप के खासकर उन देशों में बढ़ रहे असंतोष को दर्शाता है, जहां मुस्लिम आबादी अधिक है। मध्य लंदन में प्रदर्शनकारियों ने संघर्ष विराम अभी करो और 'मुझे विश्वास है कि हम जीतेंगे जैसे नारे लगाते हुए सड़कों को अवरुद्ध कर दिया। इधर पेरिस में कुछ प्रदर्शनकारियों ने 'गाजा में नरसंहार रोको के बैनर दिखाए और फलस्तीनी झंडे थामे कई लोगों ने 'फलस्तीन जीवित रहेगा, फलस्तीन जीतेगा के नारे लगाए। कुछ प्रदर्शनकारियों ने 'मैक्रों की मिलीभगत के नारे लगाते हुए फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पर भी निशाना साधा। हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार इजराइल–हमास युद्ध में मारे गए फलस्तीनियों की संख्या बढ़कर 9,448 हो गई है। गाजा में 24,173 और वेस्ट बैंक में 2,200 फलस्तीनी घायल हुए है। जबकि इजराइल में 1,400 से अधिक लोगों की मौत हुई है। इनमें से अधिकतर लोगों की मौत सात अक्टूबर को हमास के शुरुआती हमले में ही हुई। इसी हमले के बाद से यह युद्ध शुरू हुआ है। इन हमलों में करीब 2,50,000 इजराइली और गाजा में 15 लाख से अधिक फलस्तीनी विस्थापित हुए हैं। इसके अलावा गाजा में कम से कम 241 लोगों को बंधक बनाया गया है।

## इजरायली सेना के खूंखार कुत्तों के अटैक से हमास के लड़ाके हुए ढेर

गाजा । हमास ने भले ही गाजा में सुरंगों का जाल बिछा रखा है, लेकिन अब इजरायली सेनिकों ने हमास को सुरंग से बाहर निकालने का नया तरीका खोज निकाला है। इन दिनों एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है, जिसमें हमास के लड़ाकों पर खूंखार कुत्ते छोड़े जा रहे हैं। विशेषज्ञों की मानें तो सुरंगों के इस मायाजाल के कारण ही इजरायल की सेना गाजा पर सीधे चढ़ाई करने की जगह, फूंक–फूंककर कदम रख रही है। इसलिए हमास के इस चक्रव्यूह को तोड़ने के लिए इजरायली सेना ने नई तरकीब निकाली है। इजरायल की सेना (आईडीएफ) अब फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के लड़ाकों पर अपने खूंखार कुत्तों को छोड़ रही है, जो खोज–खोजकर हमास के लड़ाकों को ढेर कर रहे हैं। इसकी बानगी इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस के प्रवक्ता के सोशल मीडिया पोस्ट पर भी देखी गई है।



रोम में इटली की वायुसेना सैन्य दिवस पर आयोजित समारोह में अपने कौशल का प्रदर्शन करती हुई।

## एयर इंडिया को पन्नू की धमकी

ओटावा । अमेरिका स्थित प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस संगठन के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू ने है कि 19 नवंबर से दुनियाभर में एयर इंडिया की उड़ाने नहीं चलने दी जायेंगी।खालिस्तानी आतंकी ने कहा कि यह वही दिन है, जिस दिन क्रिकेट विश्व कप का फाइनल मैच होगा। उसने कहा कि एयर इंडिया से ट्रैवल करने वाले को जान का खतरा हो सकता है। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए पन्नू ने कहा कि हम 19 नवंबर को सिख समुदाय से एयर इंडिया की उड़ाने से यात्रा नहीं करने का आग्रह कर रहे हैं। ये एक वैश्विक नाकाबंदी होगी। पन्नू ने आगे दावा किया कि दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट 19 नवंबर को बंद रहेगा और इसका नाम बदल दिया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले 10 अक्टूबर को पन्नू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इजरायल–फिलिस्तीन युद्ध से सबक की धमकी दी थी, ताकि



भारत में भी इसी तरह की प्रतिक्रिया न हो। सिख फॉर जस्टिस संगठन का मुखिया पन्नू भारत का वांटेड आतंकी है। पूरे देशभर में उसके खिलाफ 16 केस दर्ज हैं। दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और उत्तराखंड में खालिस्तानी मूवमेंट को लेकर उस पर ये केस दर्ज किए गए हैं। उस पर पंजाब के सरहिंद में यूएपीए के तहत मामला दर्ज है। यानी कि अनलॉफुल एक्टिविटी (प्रिवेन्शन) एक्ट के तहत उसे कुल 9 मामलों में आरोपी माना गया है। गौरतलब है कि गुरपतवंत सिंह पन्नू का जन्म पंजाब मे 14 फरवरी 1967 को हुआ था। पन्नू ने साल 2007 में सिख फॉर जस्टिस संगठन बनाया था। जुलाई 2020 में भारत ने पन्नू को आतंकी घोषित किया था। पन्नू आईएसआई की मदद से खालिस्तान की मुहिम चला रहा है।

# जस्टिन ट्रूडो के बयान के कारण निज्जर मर्डर केस में आया पेंच

### –भारतीय दूत ने कनाडा से मांगे सबूत, अवैध वायरटैप की मांगी जानकारी

**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा ने भले ही खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया है, लेकिन आज तक कोई सबूत पेश नहीं किए गए। अब भारतीय दूत ने एक बार फिर कनाडा को आड़े हाथों लिया है। कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने फिर सबूत मांगते हुए शुक्रवार को मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में यह मांग की है। गौरतलब है कि ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था। उन्होंने दावा किया था कि उनके पास इसकी खुफिया जानकारी है। भारत ने आरोपों को बेतुका कहकर खारिज कर दिया था। साथ ही कनाडा के फैसले का विरोध करते हुए एक कनाडाई राजनयिक को भारत से निष्कासित कर दिया था। संजय कुमार वर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि निज्जर की हत्या में भारत की कथित संलिप्तता के बारे में कनाडा या उसके सहयोगियों द्वारा भारत को ठोस सबूत नहीं दिखाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि हत्या की जांच कर रही कनाडाई पुलिस की कार्रवाई पर पीएम ट्रूडो के सार्वजनिक बयानों से असर हुआ है।

वर्मा ने कहा कि इस मामले में हमें जांच में सहायता के लिए कोई विशेष या प्रासंगिक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। उन्होंने कहा कि सबूत कहां हैं? जांच का निष्कर्ष कहां है मैं एक कदम आगे बढ़कर कहूंगा कि अब जांच पहले ही दागदार हो चुकी है। पिछले महीने भारत द्वारा राजनयिक ताकत में समानता पर अपनी चिंताओं से अवगत कराने के बाद कनाडा ने



भारत से 41 राजनयिकों को वापस बुला लिया था। कनाडा ने चंडीगढ़, मुंबई और बेंगलुरु दूतावासों में अपनी वीजा और कांसुलर सेवाएं भी रोक दीं। हत्या में भारत की भूमिका को सिरे से नकारते हुए वर्मा ने कहा कि राजनयिकों के बीच किसी भी बातचीत को अदालत में सबूत के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। इसे सार्वजनिक रूप से भी जारी नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि आप अवैध वायरटैप के बारे में बात कर रहे हैं। दो राजनयिकों के बीच बातचीत सभी अंतरराष्ट्रीय कानूनों द्वारा सुरक्षित है। मुझे दिखाओ कि आपने इन वार्तालापों को कैसे रिकॉर्ड किया। मुझे बताओ कि किसी ने आवाज की नकल तो नहीं की है। वर्मा ने कहा कि मुझे लगता है कि यह केवल नफरत फैलाने वाला भाषण है और हिंसा को उकसाने वाला है। मैं अपनी सुरक्षा और संरक्षा को लेकर चिंतित हूं। मैं अपने महावाणिज्य दूत की सुरक्षा और संरक्षा को लेकर चिंतित हूं। भगवान न करे कि कुछ हो जाए। उन्होंने कहा कि भारत को उम्मीद है कि कनाडा खालिस्तान समर्थकों पर लगाम जरुर लगाएगा।

## चुनावी चिंता को लेकर इजराइल पर बदले बाइडेन के सुर

**तेलअवीव (एजेंसी)।** अमेरिका के शीर्ष राजनयिक गाजा युद्ध में मानवीय विराम के लिए पश्चिम एशियाई देश पर दबाव डालने के लिए इजराइल में हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन ने अपनी दूसरी यात्रा पर 3 नवंबर को तेल अवीव में इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की। उनकी यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बयान के बाद हो रही हैं जिसमें उन्होंने कहा कि हमास के साथ इजरायल के युद्ध में मानवीय विराम होना चाहिए। इजराइल की अपनी यात्रा से पहले ब्लिंकन ने कहा कि वह संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा के लिए ठोस कदमों पर चर्चा करुंगा। हमने हाल के दिनों में देखा है कि फिलिस्तीनी नागरिकों को इस कार्रवाई का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है और यह महत्वपूर्ण है कि अमेरिका यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जाए। ब्लिंकन इजराइल को लड़ाई में विराम के लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं, इजरायली सैनिकों ने गाजा शहर को घेर लिया है, इस पश्चिम एशियाई राष्ट्र हमास के सैन्य बुनियादी ढांचे का केंद्र कहते हैं। इसके अलावा, युद्ध के शुरुआती दिनों में इजराइल को अपना निर्बाध समर्थन देने के बाद, अमेरिका ने अब अपना सुर क्यों बदल लिया है?

दरअसल अरब अमेरिकी मतदाताओं ने इजराइल के लिए बाइडेन के निरंकुश समर्थन की आलोचना की है। फॉरेन पॉलिसी ने हालिया सर्वेक्षण का हवाला देकर बताया कि बाइडेन को 2020 में लगभग 59 प्रतिशत अरब अमेरिकियों का समर्थन मिला, जो अब घटकर सिर्फ 17 प्रतिशत रह गया है। लेकिन इस पर बाद में और अधिक जानकारी। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के दक्षिण फ्लोरिडा में रब्बी और यहूदी नेता समुदाय के सदस्यों को इजराइल का भरपूर समर्थन करने के लिए सांसदों को बुलाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, क्योंकि यह अपना आक्रामक रुख बढ़ा रहा है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रम्प ने 2020 के राष्ट्रपति चुनावों में फ्लोरिडा में जीत हासिल की। राष्ट्रीय स्तर पर, 30 प्रतिशत यहूदी मतदाताओं ने ट्रम्प का समर्थन किया, फ्लोरिडा के लगभग 43 प्रतिशत यहूदी मतदाताओं ने उनका समर्थन किया। अगर फ्लोरिडा को एक बारहमासी प्रतिस्पर्धी राज्य के रूप में अपनी स्थिति फिर से हासिल करनी है, तब यहूदी मतदाता बाइडेन के इजराइल-हमास युद्ध से निपटने को किस तरह से देखते हैं, यह महत्वपूर्ण होगा। 2020 में बाइडेन की व्हाइट हाउस जीत सुनिश्चित करने वाले प्रमुख राज्यों में से एक था। 2024 के राष्ट्रपति चुनावों से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए भी एक चुनावी चिंता का विषय है।

## हमास ने रखी शर्त, इजरायल अपनी जेल से सभी बंधकों की करे रिहाई

### –फिलिस्तीन के नेल्सन मंडेला मारवान बरघौती को छोड़ने पर हो सकता है युद्ध विराम

**मनीला (एजेंसी)।** हमास ने इजरायल के सामने सभी बंधकों की रिहाई के बदले इजरायल की जेलों में बंद सभी कैदियों की रिहाई की मांग की है। हमास की रिहाई की शर्तों में मारवान बरघौती भी शामिल हैं। यानी इजरायली जेलों को पूरी तरह खाली करने की शर्त रखी गई है। इजरायल-हमास जंग का आज 30वां दिन है। इजरायल गाजा पट्टी पर लगातार बमबारी कर रहा है। इससे वहां हताहतों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस बीच, हमास ने इजरायली बंधकों की रिहाई के लिए नई शर्त रखी है। फिलिस्तीन के नेल्सन मंडेला कहे जाने वाले मारवान बरघौती भी इजरायल की ही जेल में बंद हैं। वह फतह केंद्रीय समिति और फिलिस्तीनी विधान परिषद (पीएलसी) के सदस्य हैं। जिन्हें वर्ष 2002 में इजरायली बलों द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। फतह के एक उग्रवादी गुट तंजीम के पूर्व नेता मारवान को हत्या और एक आतंकवादी संगठन की सदस्यता के कई मामलों में पांच बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है।

पेरिस स्थित थिंक टैंक इंस्टिट्यूट डी रेचेर्चे एट डीएट्यूड्स मेडिटेरैनी मोयेन-ओरिएंट के प्रमुख जीन-पॉल चाग्नोलॉड ने कहा, जब-जब इजरायल के साथ फिलिस्तीन का टकराव या आंतरिक संकट भड़कता है, तो मारवान का नाम सामने आता है। चाग्नोलॉड के मुताबिक, मारवान बरघौती को 20 साल पहले दूसरे इंतिफ़ादा (2000-2005) के दौरान गिरफ्तार किया गया था। वह एक सक्रिय फतह नेता थे जिनकी हत्या नहीं की गई थी। जेल की सलाखों के पीछे, बरघौती ने चुप रहने से इनकार कर दिया था। मारवान बरघौती ने 2006 में कैदी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# राष्ट्रपति चुनाव में भारतवंशी रामास्वामी-हेली एक-दूसरे को दे रहे चुनौती

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी की होड़ में भारतवंशी निक्की हेली और विवेक रामास्वामी एक-दूसरे के सामने कड़ी चुनौती बने हुए हैं। दोनों नेताओं के बीच तनाव बरकरार था, जब वे आखिरी बार बहस के मंच पर आमने-सामने थे। इस दौरान हेली ने रामास्वामी से कहा कि हर बार जब मैं आपको सुनती हूं, तो आपकी बातों से थोड़ी बेवकूफी झलकती है। इस पर रामास्वामी ने कहा कि अगर हम यहां बैठकर व्यक्तिगत टीका-टिप्पणी न करें, तो रिपब्लिकन पार्टी में हमारी बेहतर सेवा होगी। बाद में उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि वह हेली के लिए अगली बार आसान विषय रखेंगे, ताकि उन्हें अपनी राय जाहिर करने में दिक्कत न हो। दोनों बुधवार को पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी को लेकर तीसरी बहस के लिए फिर से आमने-सामने होंगे। अगले साल रिपब्लिकन पार्टी में प्राइमरी चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से पहले बड़े दर्शकों के सामने अपना पक्ष रखने के यह उनके पास अंतिम अवसरों में से एक होगा। हेली और रामास्वामी 2024 के लिए नामांकन की दौड़ में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बहुत पीछे हैं, लेकिन दोनों नेता भारतीय मूल के अमेरिकियों के बढ़ते राजनीतिक प्रभाव का प्रतिनिधित्व करते हैं।



बता दें कि हेली और रामास्वामी भारतीय-अमेरिकियों के बीच विचारों की विविधता का उदाहरण हैं। दक्षिण कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर और बाद में संयुक्त राष्ट्र की राजदूत रह चुकीं हेली आम तौर पर पार्टी के पारंपरिक रुख के साथ जुड़ी दिखती हैं, खासकर जब विदेश नीति की बात आती है। हेली (51) ने रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन के लिए निरंतर समर्थन का आह्वान किया है और रामास्वामी (38) को विश्व मामलों में गैर-अनुभवी करार दिया है। वहीं, बायोटेक उद्यमी रामास्वामी ने रिपब्लिकन पार्टी के रुख की आलोचना की है और यूक्रेन को समर्थन जारी रखने की आवश्यकता पर सवाल उठाया है।

एक हालिया सर्वेक्षण में पाया गया कि 68 प्रतिशत भारतीय-अमेरिकी पंजीकृत मतदाताओं की पहचान डेमोक्रेट के रूप में और 29 प्रतिशत की पहचान रिपब्लिकन के रूप में हुई है। हो सकता है कि रिपब्लिकन अमेरिका में भारतीय प्रवासियों के बीच जीत हासिल करने की कगार पर न हों, लेकिन करीबी मुकाबले वाले राज्यों में मामूली लाभ भी उल्लेखनीय जरुर हो सकता है। प्रवासी भारतीयों के कई ऐसे वर्ग हैं, जो अभी भी भारतीय राजनीति से संबंधित समर्थन में लगे हुए हैं।

# भुखमरी से निपटने के लिए पाकिस्तान सेना करेगी खेती, 4 लाख हेक्टेयर जमीन पट्टे पर ली

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** अगर यह कहा जाए कि पाकिस्तानी सेना अब टैंक नहीं ट्रैक्टर चलाएगी तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। वजह ये है कि पाकिस्तान की सेना ने 4 लाख हेक्टयर जमीन पट्टे पर ली है। इस जमीन पर सेना खेती करेगी और अपने देश की भुखमरी दूर करने के लिए अनाज उगाएगी। बता दें कि आतंकवाद की फैक्ट्री कहे जाने वाले पाकिस्तान का बड़ा बजट आतंकवादी गतिविधियों पर खर्च होता है। जिसके कारण हालाता निरंतर बिगड़ रहे हैं।

पाकिस्तान मीडिया के मुताबिक, सितंबर में, पाकिस्तान पंजाब में सेना को 400,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर 30 साल का पट्टा देने के लिए एक समझौता हुआ। यह भूखंड दिल्ली के आकार से तीन गुना क्षेत्र के बराबर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस महीने की शुरुआत में इसी तरह के एक और समझौते पर सेना ने हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत सेना अशांत दक्षिण वजीरिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 17,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर खेती करेगी। अब इस पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि दक्षिण वजीरिस्तान में सेना द्वारा ली गई जमीन जटिल पहाड़ियों और चोटियों वाला एक ऊबड़-खाबड़ इलाका है, जहां भीषण गर्मी और सर्दियों में भीषण ठंड पड़ती है और जहां सिंचाई की कोई व्यवस्था भी नहीं है, वहां सेना बड़े पैमाने पर खेती कैसे कर सकेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्षेत्र की कृषि उत्पादकता बढ़ाने और खाद्य आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए पाक सेना शुरुआत में 1,000 एकड़ भूमि पर खेती करेगी और फिर दक्षिण वज़ीरिस्तान के ज़रमलम क्षेत्र में 41,000 एकड़ (17,000 हेक्टेयर) भूखंड पर उसका विस्तार करेगी। यह भूखंड वर्षों से बंजर है। यह क्षेत्र अफगानिस्तान सीमा के करीब भी स्थित है और यहां आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है, खासकर सेना के जवानों को निशाना बनाया जाता रहा है।

खाद्य संकट की चपेट में आया पाकिस्तान 2023 के वैश्विक भूख सूचकांक में 125 देशों में से 102वें स्थान पर है। पाकिस्तान वर्तमान में एक ऐसे परिदृश्य का सामना कर रहा है, जहां बड़े पैमाने पर खाद्य संकट है और रिकॉर्ड तोड़ महंगाई और बढ़ती गरीबी से त्रस्त हताश जनता मुफ्त आटा पाने के लिए अक्सर हजारों की संख्या में सरकारी वितरण केंद्रों पर इकट्ठा होती है।बता दें कि 75 वर्षों के पाकिस्तान के इतिहास में सेना ने आधे से अधिक समय तक शासन किया है और वहां सुरक्षा और विदेश नीति के मामलों में उसकी मजबूत पकड़ रही है। ऐसे में अर्थव्यवस्था और कृषि में सेना के इस कदम ने कई लोगों की भौंहें चढ़ा दी हैं।पिछले कुछ महीनों में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं जब आटा जैसी चीजों के लिए पाकिस्तान में भगदड़ मची है और दर्जनों लोग हताहत हुए हैं। माना जा रहा है कि पाक सेना ने स्थिति को सुधारने और जनता की नज़र में अपनी छवि को दुरुस्त करने की कोशिश में ये नई भूमिका तलाशी है। पिछले छह महीनों में सैन्य नेतृत्व ने देश की खराब अर्थव्यवस्था को स्थिर करने की कोशिश में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर देश की विशेष निवेश सुविधा परिषद के सदस्य हैं, जिसे जून में एक सर्वोपरि निर्णय लेने वाले मंच के रूप में स्थापित किया गया था, जिसका



उद्देश्य अर्थव्यवस्था के भीतर आवश्यक संरचनात्मक सुधारों का नेतृत्व करना था। इसी कोशिश में पाक सेना ने बंजर भूमि पर खेतीबारी करने खाद्य उत्पादन में देश को तेजी से आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में यह कदम उठाया है। सेना की इसी मंशा को देखते हुए कार्यवाहक सरकार खेती के लिए सैकड़ों हजारों एकड़ भूमि सेना को सौंपने पर सहमत हुई है।



# आर्या के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी सुष्मिता को मौका मिला

पॉपुलर शो बिग बॉस सीजन 17 के बीते एपिसोड में दो वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है। समर्थ जुरेल और मनस्वी ममगई के आने से घर का माहौल एकदम बदल गया है। ईशा मालवीय और अभिषेक कुमार की तो लाइफ में वक्त और जज्बात और हालात दोनों बदल गए। बता दें शो में काफी हड़कंप देखने को मिला । वहीं, अब आने वाले एपिसोड में भी काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। ईशा और अभिषेक के अलावा, विक्की जैन और ऐश्वर्या शर्मा के बीच भी भयंकर तू-तू, मैं-मैं देखने को मिलेगी। आपको बता दें अपकमिंग एपिसोड में शांत स्वभाव की दिखने वाली ऐश्वर्या शर्मा का गुस्सा फूटने वाला है। इस एपिसोड में वो विकी जैन को लपेटते हुए नजर आएंगी। दरअसल, विक्की ने नील और ऐश्वर्या के रिश्ते को लेकर कुछ ऐसा कह दिया है, जिसकी वजह से ऐश्वर्या का पारा हाई हो गया है। और वे विक्की पर बरसती नजर आ रही हैं। प्रोमो में दिखाया गया है कि, घर के कुछ कंटेस्टेंट्स गार्डन एरिया में चील करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान विक्की नील से मजाक करते दिख रहे हैं। वो नील से कहते हैं कि- तूने गलती से डेटिंग के टाइम पर कह दिया था कि तू बहुत क्यूट लगती है ऐसे करते हुए. इसके जवाब में नील हंसते हुए कहते हैं कि हमने डेट नहीं किया सीधा शादी की, जिसके बाद विक्की जोर से हंसते हुए दिखाई देते हैं। वहीं ये सब सुन ऐश्वर्या को बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता और वे काफी अपसेट हो जाती है, जिसके बाद वो नील से भी इस बारे में बात करती हुई नजर आती हैं। एक्ट्रेस कहती है कि खुद की शादी का ठिकना नहीं है। वो हमारी पर्सनल लाइफ पर कैसे कमेंट कर सकता है। आने वाले एपिसोड में ऐश्वर्या विक्की पर बुरी तरह से भड़कती नजर अएंगी। वे कहती हैं कि ये अकेला ही पीड़ित मर्द है यहां पर, जिसके जवाब में विक्की कहते हैं कि ऐसा क्यों लग रहा है तुम्हें, इस बीच दोनों की बहस शुरू हो जाती है और ऐश्वर्या जोर-जोर से चिल्लाने लगती हैं। इस दौरान वो विक्की को कहती हैं कि दूसरे के रिश्तों की पंचायत करने की आपको कोई जरूरत नहीं है।

# शाहरूख खान की फिल्म डंकी का नया पोस्टर रिलीज




बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की आने वाली फिल्म डंकी का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म डंकी का टीजर हाल ही में रिलीज हुआ था। डंकी का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है, जिसमें शाहरुख खान, तापसी पन्नू, विक्रम कोचर, अनिल ग्रोवर और विक्की कौशल जैसे पांच किरदारों को एक साथ दिखाया गया है। यह पोस्टर दोस्ती और चुनौतियों के बारे में हैं, जिनसे वे अपने सपनों को हासिल करने के लिए एक साथ गुजरते हैं। शाहरुख खान ने फिल्म डंकी के पोस्टर्स को शेयर कर लिखा है, हम बिलकुल वैसे दिख रहे हैं जैसे राजू सर ने अपने उल्लू के पट्ठों को इमेजिन किया था। फिल्म डंकी जिओ स्टूडियोज़, रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स की प्रस्तुति, राजकुमार हिरानी और गौरी खान द्वारा निर्मित है। फिल्म डंकी शाहरुख खान के अलावा तापसी पन्नू, विक्की कौशल, दिया मिर्जा, धर्मेंद्र, बोमन ईरानी, सतीश शाह, अहम भूमिका में हैं।यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# अलीजेह अग्निहोत्री की फिल्म फर्रे का ट्रेलर जारी

बालीवुड के दबंग भाई जानी यानि सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री की फिल्म फर्रे का ट्रेलर जारी हो गया है। फिल्म निर्माता अतुल अग्निहोत्री-अलवीरा अग्निहोत्री की बेटी है अलीजेह अग्निहोत्री। ट्रेलर को लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म के कथानक के साथ-साथ दर्शकों को अलीजेह का अभिनय भी पसन्द आ रहा है।

सलमान खान फिल्मस के बैनर तले बनी इस फिल्म को अतुल अग्निहोत्री ने निर्मित किया है। यह अलीजेह की पहली हिन्दी फिल्म है। निर्देशक सौमेंद्र पाधी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का कथानक स्टूडेंट लाइफ पर आधारित है। हालांकि, ट्रेलर को देखकर जहां अलीजेह की कम और इसमें आखिर में जो आवाज सुनाई पड़ रही है उसकी जमकर तारीफ हो रही है। 2 मिनट 27 सेकंड की इस फिल्म फर्रे की ये कहानी अलीजेह यानी नियति के इर्द-गिर्द घूमती है, जो पढाई में काफी अच्छी है और आईआईटी से पढ़ाई करके खूब सारे पैसे कमाना चाहती है। उसे शहर के सबसे महंगे स्कूल में पढ़ाई करनी है और मां-बाप उसे पढ़ाने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। वहीं कॉलेज में कुछ बच्चों का ऐसा ग्रुप भी है जो पढ़ाई-लिखाई नहीं बल्कि केवल मौज-मस्ती के लिए कॉलेज में है।

इसी के साथ कहानी कुछ ऐसे मुड़ती है कि नियति दूसरे स्टूडेंट्स को पास कराने के लिए उन्हें फर्रे पास करने का काम करती है और इसके बदले उन्हें ढेर सारे पैसे मिलते हैं। इसी के साथ अब नियति के सामने स्टूटेंड्स को पास करने के लिए इस गलत रास्ते पर आगे बढ़ने और ढेर सारे पैसे कमाने का रास्ता भी मिलता है। और फिर वह इस वजह से कुछ ऐसी मुसीबत में पड़ जाती हैं जहां से जिंदगी के सपने बिखरने शुरू हो जाते हैं। अलीजेह की एक्टिंग की तारीफ करते हुए कहा है कि बतौर एक्ट्रेस अलीजेह ने काफी इम्प्रेस कर दिया। कुछ ने कहा है- नो डाउट, अलीजेड टैलेंटेड हैं, उनकी एक्टिंग मुझे काफी अच्छी लगी। लोगों ने फिल्म के शानदार चलने की उम्मीद भी जताई है।

हालांकि, कुछ ने ये भी कहा है कि चूंकि वो सलमान के फैन हैं इसी वजह से इस फिल्म को देखेंगे। सलमान खान ने भी इस ट्रेलर को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। सलमान के सोशल मीडिया पोस्ट पर अलीजेह की जगह लोग एमसी स्टैन की आवाज के दीवाने हुए जा रहे हैं। दरअसल ट्रेलर केआखिर में स्टैन की आवाज में फर्रे को गाने की तरह गाया गया है, जिसे सुनकर लोग खूब दीवाने हो रहे हैं। फिल्म की कहानी और अलीजेह की एक्टिंग दोनों भी लोगों को काफी पसंद आ रही है। ट्रेलर को दर्शकों की ओर से सराहना मिली है। उनका कहना है कि ये ट्रेलर उन्हें प्रॉमिसिंग लग रहा है।

# आयुष शर्मा ने जारी किया फिल्म रुस्लान का मोशन पोस्टर, रिलीज तारीख से भी उठाया पर्दा

अभिनेता आयुष शर्मा ने अपनी आगामी एक्शन थ्रिलर फिल्म रुसलान की रिलीज की घोषणा कर दी है। यह 12 जनवरी, 2024 को रिलीज की जाएगी। यह घोषणा एक आकर्षक मोशन पोस्टर के साथ की गई है।आयुष की रुसलान का पोस्टर अद्भुत है। यह एक रोमांटिक हार्टथ्रोब से एक गतिशील एक्शन हीरो के रूप में उनके विकास को सही ढंग से दर्शाता है। यह अभूतपूर्व होने का वादा कर एक रोमांचक झलक देती है।इस आकर्षक पोस्टर पर सामने और बीच में आयुष की छवि है। यह एक गिटार का सरल समावेश है जो आसानी से एक बंदूक में बदल जाता है।यह पोस्टर फिल्म की परिवर्तनकारी कथा का सार प्रस्तुत करती है। गिटार, आयुष की रोमांटिक जड़ों की याद दिलाता है, जो एक शक्तिशाली हथियार में बदल जाता है।उसी के बारे में बात करते हुए आयुष ने कहा, एक अभिनेता के रूप में, मैंने बदलाव को अपनाने, अपनी सीमाओं को चुनौती देने और एक नया रास्ता बनाने का प्रयास किया है। रुस्लान मेरे लिए सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह गियर बदलने और प्रयोग करने के बारे में है। उन्होंने कहा, यह सांचे को तोडने के बारे में है, और मुझे उम्मीद है कि यह दूसरों को अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा, जैसे मैंने अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाया है। निर्देशक करण एल. बुटानी ने साझा किया, एक निर्देशक के रूप में, मेरा कैनवास स्क्रीन है, और हर फ्रेम कहानी कहने का एक तरीका है। मैं भावनाओं, सपनों और वास्तविकताओं को चित्रित करता हूं, उन्हें सिनेमाई जादू की टेपेस्ट्री में बुनता हूं।करण ने आगे कहा, प्रत्येक परियोजना के साथ, मेरा लक्ष्य दर्शकों की कल्पना को प्रज्वलित करना और उनकी आत्माओं को उत्तेजित करना है, साथ ही एक अमिट संबंध बनाना है जो स्क्रीन की सीमाओं को पार करता है।




# आराध्या बच्चन ने खुलकर की माँ ऐश्वर्या की तारीफ

कैंसर रोगियों के वेलफेयर के लिए आयोजित कार्यक्रम में बालीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपना 50 वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। ऐश्वर्या अपनी बेटी आराध्या बच्चन और मां वृंदा राय के साथ कार्यक्रम में पहुंचीं। इस मौके पर आराध्या बच्चन ने मॉम ऐश्वर्या की मीडिया के सामने जमकर तारीफ की । आराध्या ने सबके सामने माइक में बोलते हुए सबको चौंका दिया। आराध्या ने जो कुछ भी कहा, उससे ऐश्वर्या की आंखें फटी की फटी रह गईं। वह हैरान थीं और फिर उन्होंने गर्व के साथ बेटी के सामने अपना सिर झुकाया। ऐश्वर्या ने कहा कि आराध्या ने जो कुछ भी बोला है, उसकी उन्होंने उम्मीद नहीं की थी। उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि बेटी इस तरह गर्व से सीना चौड़ा करने वाली बातें करेगी। वहां मौजूद लोगों ने खूब तालियां बजाईं।

स्पीच में आराध्या ने मॉम ऐश्वर्या को लेकर कहा, मुझे लगता है कि मेरी प्यारी, मेरी जिंदगी, मेरी मां जो कर रही हैं, वह वास्तव में महत्वपूर्ण और वास्तव में अद्भुत है। यह वास्तव में समृद्ध और संतुष्टिदायक है। यह दुनिया की मदद कर रहा है। हम सबकी मदद कर रहा है। और मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि आप जो कर रहे हैं वह वास्तव में अविश्वसनीय है। दरअसल, एक्ट्रेस अपनी मां और बेटी आराध्या बच्चन के साथ खास मकसद से आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। सफेद चिकनकारी सलवार सूट पहने ऐश्वर्या बेहद खूबसूरत लग रही थीं। हमेशा मीडिया से दूरी बनाए रखने वालीं आराध्या ने पहली बार सबके सामने बात की।



# दीवानगी के सीक्वल में काम करेंगे अजय देवगन!



भोजपुरी सिनेमा की बोल्ड एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपनी खास तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर करके हुस्न का जलवा बिखेरा हैं। नेहा मलिक अक्सर ही सोशल मीडिया पर अपने लुक्स के जरिए कहर ढाती रहती हैं। वहीं, एक्ट्रेस नेहा मलिक ने एक बार फिर अपनी तस्वीरों से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। दरअसल, नेहा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनका बोल्ड लुक देखने को मिला हैं। अगर बात उनके लुक की करें तो वो ग्रीन रिवीलिंग गाउन पहने नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने लुक को मैचिंग ईयररिंग और नेकपीस से कंप्लीट किया है, जिसमें वो खूब भा रही हैं। वहीं इस लुक के साथ एक्ट्रेस ने एक से बढ़कर एक कई कातिलाना पोज दिए हैं, जिसको लेकर अब वो काफी ज्यादा लाइमलाइट बटोर रही हैं। तस्वीरों में नेहा मलिक का ये लुक उनके फैंस को खूब पसंद आ रहा है। उनके फैंस ने उनकी इस पोस्ट पर ढेरों तारीफों भरे कमेंट किए हैं। यहां गौरतलब है कि भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक सोशल मीडिया पर हमेशा एक्टिव रहती हैं। वह अपने फैन्स के लिए नई नई तस्वीरें अक्सर शेयर करती रहती हैं। नेहा मलिक अपने बोल्ड लुक और फैशन सेंस की वजह से आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं।



# रिवीलिंग लहंगा पहन अनुष्का सेन ने इंटरनेट पर लगाया बोल्डनेस का तड़का

टीवी एक्ट्रेस अनुष्का सेन हमेशा अपने नए-नए लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर लोगों का सारा अटेंशन अपनी ओर खींचती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इंटरनेट पर तबाही मचा दी है। अपनी खूबसूरत और ग्लैमरस अदाओं से अक्सर फैंस के दिलों पर खंजर चलाने वाली एक्ट्रेस अनुष्का सेन किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस आए दिन अपने बोल्ड लुक्स और डांस की वजह से सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपनी कुछ लेटेस्स एथनिक लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस और कातिलाना अदाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। साथ ही फैंस की नजरें भी उन पर से हट पाना मुश्किल हो गई है। अनुष्का सेन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान पिंक कलर का रिवीलिंग लहंग पहना हुआ है, जिसमें वो बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं। अभिनेत्री के इस आउटलुक ने उनकी इन तस्वीरों पर चार चांद लगा दिए हैं। बता दें कि वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टा पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उन पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। अनुष्का सेन महज 21 साल की हैं। उन्होंने इतनी कम उम्र में ही लोगों के बीच अपनी अच्छी-खासी पहचान बना ली है। बताते चलें कि एक्ट्रेस अनुष्का सेन आए दिन अपने फैशन स्टेटमेंट्स के चलते लोगों के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं।